2 **नोएडा** ट्विन टावर मलबा निस्तारण का काम रुका

6 **अभिमत** चीन का भारत विरोधी एजेंडा

10 **विदेश** ब्रिटेन को नस्लभेदी देश बिल्कुल नहीं मानताः सुनक

11 **राष्ट्रीय** तीर्थ स्थलों के लिए अलग मंत्रालय बनाएं केंद्र-राज्य

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 49
नई दिल्ली, बुधवार, 21 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट मैच से बाहर
स्पोर्ट्स-12

# चीन में कोरोना का कहर, अस्पतालों में जगह नहीं

## पाबंदी हटाने के बाद तेजी से बढ़ा संक्रमण, दवाएं खत्म, 24 घंटे हो रहा शवों का अंतिम संस्कार

- महामारी विशेषज्ञों की भविष्यवाणी ठंड में चीन में आठ करोड़ से ज्यादा हो सकते हैं संक्रमित
- अमेरिका, जापान और जर्मनी जैसे देशों में बढ़ रहे केस

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/बीजिंग

**कोरोना** को लेकर एक बार फिर चीन चर्चा में हैं। उस पर कोविड-19 कहर ऐसा टूटा है कि हाहाकार मचा हुआ है। चीन के पाबंदी हटाते ही संक्रमण के मामलों में बहुत तेजी से इजाफा हुआ है। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में 85 से 95 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है और बेड फुल हो चुके हैं। मरीजों के लिए इलाज के लिए जगह नहीं मिल रही है।

डॉक्टरों और नर्सों की कमी हो गई है। दवा और ऑक्सीजन का संकट भी गहराने लगा है। बीजिंग में श्मशानों में 24 घंटे अंतिम संस्कार किए जा रहे हैं और शवों की लंबी लाइनें लगी हुई हैं। अमेरिकी साइंटिस्ट और महामारी विशेषज्ञ एरिक फेगल-डिंग ने सोशल मीडिया पर चीन के चौंकाने वाले वीडियो शेयर किए हैं। इनमें अस्पतालों, श्मशानों और मेडिकल स्टोर्स के हालात चिंताजनक दिखाई पड़ रहे हैं। उन्होंने कोरोना पर बड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि 90 दिन में चीन की 60 फीसदी आबादी और दुनिया के 10 फीसदी लोग कोरोना से संक्रमित होंगे। करीब 10 लाख मौतों की आशंका है। फिलहाल चीन में हर रोज सैकड़ों लोग दम तोड़ रहे हैं। इतनी मौतें ( शेष पेज 8 )



### आंकड़े छिपा रहा चीन

**कोविड** प्रोटोकॉल के हिसाब से अस्पतालों में लाशों को रखने के लिए जगह भी कम पड़ गई है। वहीं, कब्रिस्तानों में भी अंतिम संस्कार के लिए लंबी-लंबी कतारें लग रहीं हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चीन कोरोना के आंकड़ों को लगातार छिपा रहा है। नवंबर मध्य तक 11 मौतों की आधिकारिक सूचना दी गई है, जबकि रोज 10,000 से ज्यादा संक्रमित मिल रहे थे।

### टीके के बावजूद संक्रमण

महामारी विशेषज्ञ बेन काउलिंग के अनुसार, चीन में 18 साल से अधिक आयु के लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा लोगों को चीनी टीके के दो डोज लगाए जा चुके हैं, लेकिन यह संक्रमण से बचाने में सफल नहीं होगा। यह कोरोना के गंभीर बीमारी और मौत का रिस्क कम कर सकता है, लेकिन संक्रमण से नहीं बचा सकता है। अभी भी 10 करोड़ से ज्यादा लोगों को कोरोना का टीका नहीं लगाया गया है। ये सबसे ज्याद हाई रिस्क जोन में हैं।

### सड़कों पर सन्नाटा

कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते चीन की सड़कों पर सन्नाटा पसर गया है। स्वस्थ लोग घरों से निकलने से डर रहे हैं और बीमार लोग अस्पतालों में मौत से जूझ रहे हैं। इसके पहले चीन की सरकार ने कोरोना के रोकथाम के लिए लॉकडाउन भी लगाया था। शंघाई में कोरोना सबसे तेजी से बढ़ा है।

## आशंकाः चीन में 10 लाख की हो सकती है मौत

- हांगकांग की शोध टीम ने ताजा अध्ययन में किया दावा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**चीन** में कोविड-19 सुरक्षा नियमों में ढील के बाद संक्रमण के ताजा मामलों को देखते हुए करीब 10 लाख लोगों की मौत हो सकती है, यह दावा हांगकांग की एक शोध टीम ने अपने ताजा अध्ययन में किया है। शोध में कहा गया है कि चीन में विस्फोटक तरीके से बढ़ रहे संक्रमण के चलते वायरस म्यूटेशन के बाद नया रूप ले सकता है। मॉडलिंग द एडजस्टमेंट ऑफ कोविड-19 रिस्पांस एंड एक्जिट फ्राम डायनमिक जीरो कोविड इन चाइना शीर्षक वाले इस अध्ययन में कहा गया कि कोविड वायरस इस संस्करण के तेजी से फैलने की क्षमता के साथ इसमें होने वाले बदलाव के कारण संक्रमण व्यापक पैमाने फैल सकता है। कैथी लेउंग, गेब्रियल एम लेउंग और जोसेफ वू द्वारा किए अध्ययन में कहा गया है कि चीन में संक्रमण मामलों के नए मरीजों की ( शेष पेज 8 )

## जीनोम सिक्वेंसिंग बढ़ाने के निर्देश, समीक्षा बैठक आज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जापान,** दक्षिण कोरिया, ब्राजील, चीन और अमेरिका में कोविड-19 के मामलों में हालिया दिनों में बढ़ोतरी के बीच केंद्र सरकार ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा कि वे संक्रमित व्यक्तियों के नमूनों के जीनोम सिक्वेंसिंग में तेजी लाएं और वायरस के उभरते स्वरूपों पर नजर रखें। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजेमहामारी की स्थिति की समीक्षा करेंगे। हालांकि, सरकार ने कहा है कि घबराने की कोई बात नहीं है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर ( शेष पेज 8 )

## बेरोजगारों से करोड़ों की ठगी लगा दिया ट्रेन गिनने में

- 28 की संख्या में पीड़ित तमिलनाडु के निवासी, ठगों ने झांसा देकर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर किया तैनात
- पीड़ित धोखाधड़ी से थे बेखबर, रोज आठ घंटे दे रहे थे ड्यूटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नई** दिल्ली रेलवे स्टेशन के अलग-अलग प्लेटफार्मों पर तमिलनाडु के कम से कम 28 लोग करीब एक महीने तक रोजाना आठ घंटे आने-जाने वाली ट्रेनों तथा उनके डिब्बों की गिनती कर रहे थे। उन्हें बताया गया था कि यही उनका काम है। वे इस बात से बेखबर थे कि वे नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी का शिकार हो चुके हैं। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में दायर एक शिकायत के अनुसार, उन्हें बताया गया था कि यह यात्रा टिकट परीक्षक (टीटीई), यातायात सहायकों और क्लर्कों के पदों के लिए उनके प्रशिक्षण का हिस्सा था।

रेलवे में नौकरी पाने के लिए उनमें से प्रत्येक ने दो लाख से 24 लाख रुपए के बीच की राशि का भुगतान किया था। शिकायत 78 वर्षीय एम सुब्बुसामी द्वारा दर्ज कराई गई। शिकायत के अनुसार, जून और जुलाई के बीच हुए एक महीने के प्रशिक्षण के लिए, धोखेबाजों के एक समूह द्वारा पीड़ितों से 2.67 करोड़ रुपए ठगे गए। पूर्व सैनिक सुब्बुसामी पीड़ितों को कथित धोखेबाजों के संपर्क में लाए थे, लेकिन उन्होंने दावा किया कि वह इस बात से अनजान थे कि यह सब एक घोटाला था और वह भी उनके जाल में फंस गए। मदुरै के एक पीड़ित 25 वर्षीय स्नेहिल कुमार ने कहा, प्रत्येक उम्मीदवार ने सुब्बुसामी को दो लाख रुपए से लेकर 24 लाख रुपए तक की रकम का भुगतान किया, जिसने विकास राणा नाम के एक व्यक्ति को भुगतान किया। राणा ने दिल्ली में उत्तर रेलवे कार्यालय में खुद को एक उप निदेशक के रूप में पेश किया।

ज्यादातर पीड़ित इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा की पृष्ठभूमि वाले स्नातक हैं। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में अपने गृहनगर से फोन पर सुब्बुसामी ने कहा, मेरी सेवानिवृत्ति के बाद से, मैं अपने इलाके के बेरोजगार युवाओं को बिना किसी मौद्रिक हित के उपयुक्त नौकरी खोजने में मदद कर रहा हूं। प्राथमिकी में, उसने आरोप लगाया है कि वह दिल्ली के एक एमपी क्वार्टर में कोयम्बटूर निवासी शिवरमन नामक व्यक्ति से ( शेष पेज 8 )

# उत्तर भारत में दूसरे दिन भी कोहरा और शीतलहर

- उत्तर प्रदेश में रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक नहीं चलेंगी रोडवेज बसें
- नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर स्पीड लिमिट 100 से घटाकर 75 किमी प्रतिघंटा हुई
- हादसों में तीन मौतें हरियाणा के डिप्टी सीएम के काफिले के दो वाहन टकराए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** के उत्तरी मैदानी इलाकों में इस समय कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश इस समय शीतलहर की चपेट में हैं।

दिल्ली-एनसीआर में भी मंगलवार सुबह लगातार दूसरे दिन बहुत घना कोहरा छाया रहा। इससे अलग-अलग राज्यों में हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए। रेल और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालांकि, उड़ान सेवाओं पर अभी कोई असर नहीं पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार, मौसम विभाग ने सोमवार को अनुमान जताया था कि सिंधु-गंगा के मैदानी हिस्सों यानी उत्तरी भारत के मैदानी क्षेत्रों में अगले पांच दिन घने से बहुत घना कोहरा छाया रह सकता है। कोहरे के कारण मंगलवार को 11 ट्रेनें एक से पांच घंटे तक लेट हुईं। पालम और सफदरजंग हवाईअड्डों पर सुबह साढ़े पांच से सात बजे के बीच दृश्यता घटकर 50 मीटर रह गई। उपग्रह से ली गई तस्वीरों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तरी राजस्थान और उत्तर प्रदेश में कोहरे की मोटी परत दिखी।

एनसीआर के प्रमुख शहर ग्रेटर नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर घने कोहरे के कारण बस और ट्रक की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 24 घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) अभिषेक वर्मा ने बताया कि हादसा दनकौर इलाके में सुबह करीब साढ़े छह बजे हुआ। इसी प्रकार दादरी में भी दाल से लदा ट्रक हाईवे के डिवाइडर से टकराकर पलट गया। पुलिस ने बताया कि बुलंदशहर में अरनिया के बुलंदशहर-अलीगढ़ मार्ग पर कई वाहनों की आपस में भिड़ंत में एक ट्रक चालक की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। कौशाम्बी में अपने दोस्त के साथ जा रहे नीतीश (25) की बाइक ट्रक से टकरा गई, जिसमें नीतीश की मौत हो गई, जबकि उसका ( शेष पेज 8 )

## जम्मू-कश्मीर में लश्कर के तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने एक मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि तीन में से दो आतंकवादिएं की पहचान हो गई है और वे आम नागरिकों की हत्या में शामिल थे। उन्होंने बताया कि एक आतंकवादी की पहचान लतीफ लोन के तौर पर हुई है, जो कश्मीरी पंडित पुरान कृष्ण भट्ट की हत्या में कथित तौर पर शामिल था। वहीं दूसरे आतंकवादी की पहचान उमेर नज़ीर के तौर पर हुई है जो नेपाल के तिल बहादुर थापा की हत्या में कथित तौर पर शामिल था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने शोपियां के जैनपुरा इलाके के मुंझ मार्ग में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था, जो बाद में एक मुठभेड़ में तब्दील हो गया। पुलिस ( शेष पेज 8 )

# खड़गे के बयान पर राज्यसभा में हंगामा

- सत्तारूढ़ पार्टी ने माफी मांगने की मांग की, कांग्रेस अध्यक्ष ने आजादी की लड़ाई में भाजपा की भूमिका पर उठाए थे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**राज्यसभा** में मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष और विपक्ष के नेता एम मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा सोमवार को की गई टिप्पणी पर जमकर हंगामा हुआ। खड़गे ने स्वतंत्रता संग्राम में भाजपा की भूमिका पर सवाल उठाया था। सत्तारूढ़ पार्टी ने उनसे माफी मांगने की मांग की लेकिन वे इसके लिए तैयार नहीं हुए और अपने आरोप को दोहराते रहे।

सुबह के सत्र में भाजपा और कांग्रेस के ऊपरी सदन में नोकझोंक हुए तथा सभापति जगदीप धनखड़ को दोनों पक्षों से व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध करना पड़ा। सदन के नेता पीयूष गोयल ने खड़गे पर अभद्र भाषण देने और बेबुनियाद बातें करने का आरोप लगाया और उनसे माफी मांगने को कहा।

गोयल ने राज्यसभा में शून्यकाल आरंभ होने से ठीक पहले खरगे पर यह आरोप लगाए। इस पर, खड़गे ने कहा कि सदन के नेता उनके जिस भाषण का उल्लेख कर रहे हैं, वह सदन के बाहर दिया गया है, इसलिए इस बारे में सदन में चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने पलटवार करते हुए आरोप लगाया, जिन लोगों ने आजादी के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों से माफी मांगी, वह आजादी के आंदोलन में योगदान देने वालों से माफी मांगने की मांग कर रहे हैं। सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही सभापति जगदीप धनखड़ ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाए। इसके बाद सत्ताधारी दल के सदस्य खड़गे के बयान को लेकर विरोध जताते हुए अपने स्थान पर खड़े होकर नारेबाजी व हंगामा करने लगे।

गोयल ने खड़गे के बयान का मुद्दा उठाते हुए कहा, जिस प्रकार से खड़गे जी ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिस प्रकार से उन्होंने पूरी तरह से बेबुनियाद बातें रखीं, असत्य को देश के सामने रखने की कोशिश की.... मैं उसकी घोर निंदा करता हूं। उनसे माफी की मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि खरगे को सदन व देश की जनता के साथ ही भाजपा से भी माफी मांगनी चाहिए। गोयल ने कहा कि खरगे ने इस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल कर अपनी सोच व ईर्ष्या का प्रदर्शन किया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के मालाखेड़ा (अलवर) में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान खरगे ने एक सभा को संबोधित करते हुए अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत-चीन के सैनिकों के बीच हाल में हुई झड़प को लेकर केंद्र सरकार पर संसद में ( शेष पेज 8 )

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,702 | ↓ 103 | |
| निफ्टी | 18,385 | ↓ 35 | |
| सोना | 54,740 | ↑ 38 | /10g |
| चांदी | 67,984 | ↑ 328 | /kg |

### क्विक न्यूज

**संसद का शीतकालीन सत्र 23 को समाप्त होने की संभावना**

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र निर्धारित तिथि से एक सप्ताह पहले 23 दिसंबर को समाप्त होने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संसद का शीतकालीन सत्र समय से पहले समाप्त करने की सिफारिश करने का निर्णय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में लिया गया। मूल कार्यक्रम के अनुसार, संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होकर 29 दिसंबर को समाप्त होना है। क्रिसमस त्योहार के मद्देनजर कई विपक्षी दलों ने सरकार और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से सत्र को समय से पहले समाप्त करने का आग्रह किया था।

## नौसेना को मिली पांचवीं स्कॉर्पीन पनडुब्बी वगीर



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** नौसेना को मंगलवार को पांचवीं स्कॉर्पीन पनडुब्बी वगीर प्राप्त हुई, जिसे अगले महीने सेवा में शामिल करने की योजना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस पनडुब्बी को सेवा में शामिल किए जाने से नौसेना की लड़ाकू क्षमता ऐसे वक्त में बढ़ने वाली है, जब चीन हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी मौजूदगी बढ़ा रहा है। नौसेना प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, वगीर ने एक फरवरी से समुद्री परीक्षण शुरू किया था और यह बहुत गर्व की बात है कि उसने सभी महत्वपूर्ण परीक्षण पूरे कर लिए हैं।

# पीएम ने संसद परिसर में मोटे अनाज से बने व्यंजनों का लिया लुत्फ

- प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज के उत्पादन को जनांदोलन बनाने का किया आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संसद** भवन परिसर में मंगलवार दोपहर मोटा अनाज (मिलेट्स) से तैयार व्यंजनों का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देश के शीर्ष नेताओं लुत्फ उठाया। इस विशेष सहभोज में उपराष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री समेत बड़ी संख्या में सांसद शामिल हुए।

सरकार मोटा अनाज (मिलेट्स) के अंतर्गत ज्वार-बाजरा, रागी जैसे अनाजों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। इससे पहले सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा संसदीय दल की बैठक में बेहतर स्वास्थ्य के लिए मोटे अनाज और खेलों की अहमियत पर बल दिया और सांसदों से इन्हें प्रोत्साहित करने और जन आंदोलन बनाने की दिशा में काम करने को कहा। इसके बाद केंद्रीय कृषि मंत्री की मेजबानी में संसद में आयोजित सहभोज में प्रधानमंत्री ने भाग लिया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संसद परिसर में विशेष मिलेट्स लंच (दोपहर का भोजन) आयोजित कर देश-दुनिया में मोटा अनाज को बढ़ावा देने की बड़ी पहल की गई।

वर्ष 2023 में अंतरराष्ट्रीय पोषक-अनाज वर्ष मनाने की तैयारी की दृष्टि से संसद में विशेष आयोजन किया गया। सांसदों के साथ दोपहर भोज में शामिल होने के बाद प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, जब हम 2023 को मोटे अनाज के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में मनाने की तैयारी कर रहे हैं, संसद में शानदार दोपहर के भोज में मैं शामिल हुआ, जहां मोटे अनाज के व्यंजन परोसे गए। पार्टी लाइन से परे से भागीदारी देखकर अच्छा लगा। उन्होंने एक तस्वीर साझा की, जिसमें राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दोपहर के भोजन के दौरान उनके साथ बैठे थे।

इस विशेष आयोजन में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, राज्यसभा के सभापति हरिवंश, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीरंजन चौधरी, राज्यसभा में सदन के नेता व केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल सहित अन्य मंत्रियों व दोनों सदनों के सांसदों ने भाग लिया। संसद परिसर में आयोजित इस विशेष आयोजन की सभी ने तारीफ की व मोटा अनाज वर्ष का स्वागत किया। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और राज्य मंत्री कैलाश चौधरी व शोभा ( शेष पेज 8 )




**नई दिल्ली में संसद परिसर में आयोजित दोपहर के भोज में मोटे अनाजों से बने व्यंजनों का लुत्फ उठाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति ओपी धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओमप्रकाश बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे।**

# नोएडा एक्सप्रेसवे पर 75 किमी प्रति घंटा स्पीड तय

## बढ़ती दुर्घटना के चलते मुख्य सड़कों की लिमिट 60 किमी प्रतिघंटा, 15 फरवरी तक लागू रहेगा नियम

पायनियर समाचा सेवा। नोएडा



दो दिनों में एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे हुए। इसकी वजह बढ़ता कोहरा है। इसको लेकर मंगलवार को नोएडा प्राधिकरण के नोएडा ट्रैफिक सेल और डीसीपी ट्रैफिक के साथ बैठक हुई। इसमें एक्सप्रेस वे और पूरे नोएडा के मुख्य सड़कों की स्पीड लिमिट को तय किया गया।

नए नियम के तहत अब नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस पर चार पहिया वाहनों की स्पीड को 100 किमी प्रतिघंटा से घटकार 75 किमी प्रतिघंटा किया गया है।

वहीं भारी वाहनो की लिमिट 80 से घटाकर 60 किमी प्रतिघंटा की गई है। इसके अलावा एमपी.1, 2 और 3ए रोड नंबर-6ए डीएससी रोड की स्पीड लिमिट को 80 से घटाकर 60 किमी प्रतिघंटा किया गया है। वहीं एलिवेटड रोड पर चार पहिया वाहन 50 किमी और भारी वाहन 40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगे। ये नियम 15 फरवरी तक लागू रहेंगे।

नोएडा ट्रैफिक सेल के डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि नए नियम कल से लागू कर दिए जाएंगे। इसके लिए तैयारी दो से तीन दिन में पूरी कर ली जाएंगी। स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाने का काम शाम से शुरू कर दिया जाएगा। दो दिन में बोर्ड लगा दिए जाएंगे।

इसके अलावा सड़क किनारे रिफ्लेक्टर और पीले साइन बोर्ड के अलावा अन्य बोर्ड पर रेडियम पट्टी लगा दी जाएगी। ताकि कोहरे में लोगों को दिशा सूचक बोर्ड दिखने में आसानी हो। नोएडा शहर सर्विलांस पर है। यहां चालान ऑनलाइन किए जा रहे है। इसके लिए जगह-जगह स्पीड डिटेक्शन कैमरे लगाए गए है। अभी इन कैमरों को इस तरह से सेट किया गया था कि 100 किमी के ऊपर वाहनों की स्पीड होने पर चालान जनरेट होता था। अब नए नियमों के अनुसार इनको सेट कर दिया गया है। ऐसे में नई स्पीड लिमिट के ऊपर जाने पर चालान जनरेट होगा। नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे दिल्ली को नोएडा और ग्रेटर नोएडा से जोड़ता है। ये यमुना एक्सप्रेस वे को भी सीधे जोड़ता है। छह लेन का एक्सप्रेस वे 23 किमी का है। इसका 20 किमी का हिस्सना नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में आता है।

ऐसे में पूरे एक्सप्रेस वे की स्पीड लिमिट को तय कर दिया गया है। नोएडा की मुख्य सड़कों को मॉडल रोड के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए ट्रायल रन पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। जिसका काम अंतिम चरण में है।

ट्रायल मॉडल बनने के बाद इसे सीईओ के समक्ष रखा जाएगा। एप्रूवल मिलते ही तीनों को मुख्य सड़कों को मॉडल रोड में कनवर्ट किया जाएगा।

## राहगीर को टक्कर मारने के बाद बुलेट सवार की मौत

**नोएडा।** सेक्टर 55-56 टी प्वाइंट पर सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे एक बुलेट सवार की सड़क पार कर रहे युवक से टक्कर हो गई। हादसे में गाजियाबाद के बुलेट सवार नितिन कुमार शर्मा और पैदल राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज शुरू होने से पहले ही बुलेट सवार की मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक घटना के दौरान बुलेट चालक ने हेलमेट नहीं पहना था। इस मामले में राहगीर की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे इलाज के लिए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गाजियाबाद के नितिन कुमार नोएडा स्थित एक कंपनी में कार्यरत थे। सोमवार रात करीब 10:30 बजे का कंपनी से काम खत्म कर अपनी बुलेट पर सवार होकर घर लौट रहे थे। सेक्टर 55-56 टी प्वाइंट के पास शिव मंदिर की तरफ से रोड पार कर रहे एक युवक से उनकी बाइक की टक्कर होगी।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर रेलिंग तोड़कर लटकी डबल डेकर बस

● हादसे में एक की मौत, 15 सवारियां घायल



अस्पताल में मरीजों का हालचाल लेते पुलिस अधिकारी

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

जेवर में यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे के चलते एक डबल डेकर बस रेलिंग तोड़कर नीचे लटक गई। हादसे में एक सवारी की मौत हो गई जबकि 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस के मुताबिक ज्यादा कोहरा होने की वजह से यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा कि बस में लगभग 60 यात्री सवार थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक डबल डेकर प्राइवेट बस करीब 60 यात्रियों को लेकर यूपी के झांसी से दिल्ली के लिए जा रही थी। बस जैसे ही यमुना एक्सप्रेस.वे के रास्ते दनकौर कोतवाली क्षेत्र से होकर जा रही थी। उसी दौरान गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नजदीक कोहरा अधिक होने की वजह से बस के ड्राइवर का आगे कुछ नहीं दिखाई दे रहा था। अचानक आगे चल रहे एक कंटेनर गाड़ी के ड्राइवर ने भी ब्रेक लगा दिए। जिसके चलते बस ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया। जिससे एक्सप्रेसवे से रेलिंग को तोड़ते हुए करीब 10 फीट नीचे पहुंच गई।

गनीमत रही कि बस पलटी नहीं। बल्कि रेलिंग को तोड़कर वहीं पर अटक गई। इस हादसे में 15 सवार सवारियों को गंभीर चोट आई है।

## ट्विन टावर मलबा निस्तारण का काम रुका

● राफ्ट तोड़ने से आसपास के इमारतें हो सकती है कमजोर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा के ट्विन टावर के मलबे का निस्तारण टेक्निकल कारणों से रोक दिया गया है। यहां बेसन के राफ्ट को तोड़ने का काम होना था।

बताया गया कि ये राफ्ट सुपरटेक एमराल्ड की अन्य इमारतों से जुड़ा है। टेक्निकल वे में देखे तो यदि राफ्ट को तोड़ा जाता है तो इसका असर अन्य यहां बनी इमारतों की मजबूती को कम कर सकता है।

सुपरटेक एमराल्ड के निवासियों के आब्जेक्शन करने पर प्राधिकरण ने एक बैठक बुलाई और सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट सीबीआरआई को राफ्ट का निरीक्षण करने के लिए कहा है। आगामी दो दिन में सीबीआरआई की टीम इसका निरीक्षण करेगी और अपनी रिपोर्ट प्राधिकरण को देगी। जिसके बाद ही तय किया जाएगा कि राफ्ट को तोड़ा जाए या नहीं।

दरअसल ट्विन टावर को गिराने वाली कंपनी एडिफइस को सरिया बेचकर अपना खर्चा वसूल करना है। राफ्ट में कई हजार टन सरिया है। ऐसे में राफ्ट को तोड़ा जाना था। लेकिन अब सीबीआरआई की रिपोर्ट के बाद ही इस राफ्ट पर पोपलेन को चलाया जाएगा। वर्तमान में यहां 235 मजदूर काम कर रहे थे। इमरात को ब्लास्ट करके गिरा दिया गया था और 80 हजार मीट्रिक टन मलबा निकला था।

## दोस्त ने बनाया अश्लील वीडियो परेशान छात्रा ने लगाई फांसी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में 12वीं की छात्रा ने फ ांसी लगाकर जान दे दी। एक फूड कंपनी के डिलीवरी बॉय इरफान ने पहले इस छात्रा से दोस्ती की, फिर अश्लील वीडियो बना लिया।

बाद में इसी लड़के ने छात्रा को ब्लैकमेल करते हुए यह वीडियो वायरल कर दिया। बदनामी होते देख छात्रा फांसी पर झूल गई। 18 साल की लड़की गाजियाबाद में खोड़ा इलाके की रहने वाली थी। सोमवार को वे ड्यूटी पर गए थे। घर में बड़ी बेटी और उसके छोटे भाई-बहन थे। लड़की ने पंखे से फांसी पर लटककर जान दे दी। लड़की के पिता का कहना था कि उनके पड़ोस वाले घर में इरफान नाम का लड़का रहता है, जो एक फूड डिलीवरी कंपनी में जॉब करता है। इस लड़के का उनके घर पर आना-जाना था। आरोप है कि इरफान ने उनकी बेटी को झांसा देकर आपत्तिजनक वीडियो बना ली।

अब इरफान ब्लैकमेल कर रहा था। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों इरफान ने ये वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिए थे।

## पथिक कॉम्प्लेक्स में मिलेगी खेल सुविधा

● कोच और एकेडमी के लिए प्राधिकरण ने मांगा आरएफपी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



नोएडा में खिलाड़ियों के लिए शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उपलब्ध खेल सुविधाएं जल्द मिलने के आसार हैं।

प्राधिकरण ने इन खेलों के कोच और एकेडमी के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल मांगे हैं। 6 जनवरी तक आवेदन किए जा सकते हैं। 9 जनवरी को तकनीकी बिड खुलेगी। इससे पहले 30 दिसंबर को ऑनलाइन प्री बिड मीटिंग होगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी व एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने हाल ही में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया था। सीईओ ने स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उपलब्ध खेल सुविधाओं को खिलाड़ियों के लिए शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए थे। प्राधिकरण ने 10 खेलों के कोच और एकेडमी के लिए आरएफपी निकाल दिए हैं। एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने बताया कि बैडमिंटन, टेनिस, शूटिंग, बास्केटबॉल वालीबॉल, स्केटिंग व फुटबॉल खेलों के कोच व एकेडमी के लिए आरएफपी निकाल दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार के पोर्टल और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर आरएफपी डॉक्यूमेंट अपलोड कर दिए गए हैं। इच्छुक कोच व एकेडमी इसके लिए आवेदन कर सकती हैं। प्रपोजल सबमिट करने की अंतिम तिथि 6 जनवरी है।


### सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विनोद हंस/ शिप्रा हंस/ LBDEL00004132346 | संपत्ति संख्या-39, प्रथम तल बिना छत के अधिकार, सेक्टर-25, पॉकेट-02, रोहिणी आवासीय योजना, रोहिणी, दिल्ली/ दिसंबर 16, 2022 | जुलाई 30, 2022 रु. 39,83,706/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मत्त पशुपति/ मत्त धर्म कुमारी/ LBDEL00002875136 | फ्लैट नंबर बी 9, पहली और दूसरी मंज़िल, द ककातीया को ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, प्लॉट नंबर 86 पर निर्मित, ककातीया अपार्टमेंट, आई पी एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली/ दिसंबर 15, 2022 | अगस्त 31, 2022/ रु. 76,37,082/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 21, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


## एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी

● नोएडा में चला रहे थे कॉल सेंटर, हर छात्र से वसूल रहे थे 30 लाख

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सरकारी मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। जालसाज जिले के शहर में अलग-अलग जगह दफ्तर खोलकर विद्यार्थियों को एमबीबीएस में एडमिशन दिलाने के नाम पर झांसे रहे हैं।

सेक्टर-63 कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दफ्तर खोलकर एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर छात्रों से करोड़ों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद आरोपित दफ्तर बंद कर फरार हो गए हैं। फोन भी बंद कर लिया है। पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। सेक्टर-63 के डी ब्लाक में ठगों ने दफ्तर खोला था। यहां पर काल सेंटर संचालित हो रहा था। उसमें छह युवक-युवतियों को कालिंग के लिए रखा गया था। आरोपितों ने यहां से विद्यार्थियों और उनके स्वजन से संपर्क किया। फिर कोटे के नाम पर मेडिकल कालेज में दाखिला के झांसा देकर युवाओं से ठगी की।

पीड़ित सोमवार को काउंसिलिंग के लिए संबंधित कालेजों में पहुंचे तो उन्हें ठगी का पता चला। जांच में सामने आया है कि आरोपितों ने आगरा, दिल्ली, फरीदाबाद, चंडीगढ़ सहित अन्य शहर के मेडिकल कालेज में दाखिला दिलाने के नाम पर ठगी की है।

सेक्टर-25 की प्रीति भाटिया से ठगों ने 20 लाख रुपये लिए थे। उन्हें अपनी बेटी का दाखिला कराना था। उन्हें आगरा कॉलेज भेजा गया था। इसी तरह किसी से 20 तो किसी 30 लाख रुपये लिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



फिजियो गाइड कांफ्रेंस में शैफाली सूद से अवार्ड प्राप्त करते डॉ. मुबारक हुसैन।

### यशोदा अस्पताल के डॉ. मुबारक हुसैन सम्मानित

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपी डिपार्टमेंट के प्रमुख डॉ. मुबारक हुसैन को बेस्ट क्लिनिकल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. मुबारक को यह सम्मान अलीगढ़ मे आयोजित फिजियो गाइड कांफ्रेंस की विशिष्ट अतिथि वर्ष 20219 की मिस इंडिया दिवा मिस शैफाली सूद 2019 द्वारा दिया गया। इस कांफ्रेंस में 700 से अधिक फिजियेथेरेपिस्ट डॉक्टरों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पुलिस के डीआईजी दीपक कुमार थे। डॉ. मुबारक हुसैन ने अवार्ड प्राप्त करने पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह अवार्ड उन्हें यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी में उपलब्ध उच्च कोटि की फिजियोथेरेपी सेवाओं की उपलब्धता की वजह से मरीजों को अच्छी सुविधायें प्रदान कर पाने के कारण मिला है।

### कड़ाके की ठंड में लावारिस मिली नवजात बच्ची

**नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के शारदा विश्वविद्यालय के पास पुलिस को मंगलवार सुबह एक लावारिस नवजात बच्ची मिली। नवजात को उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। नॉलेज पार्क थाने के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि आज सुबह एक व्यक्ति जब अपने मवेशियों को ढूंढते हुए शारदा विश्वविद्यालय के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कड़ाके की ठंड में एक नवजात बच्ची कंबल में लिपटी हुई पड़ी है। उसने बताया कि बच्ची के आसपास कुत्ते मंडरा रहे थे। उसने कुत्तों को वहां से भगाया तथा पुलिस को इसकी सूचना दी।

### हिंदू संगठनों ने फूंका शाहरुख खान का पुतला

**गाजियाबाद।** मोदीनगर के रेलवे रोड स्थित शहीद मेजर आसाराम त्यागी स्मारक स्थल के समीप सोमवार रात हिन्दू संगठनों के पदाधिकारियों ने शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की अपकमिंग फिल्म के विरोध में प्रर्दशन किया और अभिनेता शाहरुख खान का पूतला भी फूंका महिला सुरक्षा और सम्मान समिति के नेतृत्व में हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक पंकज कंसल तथा हिन्दू युवा वाहिनी के निवर्तमान महामंत्री नीरज शर्मा के साथ बड़ी संख्या में पदाधिकारी और युवा एकत्रित होकर सोमवार रात शहीद स्मारक पहुंचे। कंसल ने कहा कि पठान फिल्म के गीत में दीपिका पादुकोण ने अश्लील ड्रेस में भगवे का अपमान किया है।

### डेल्टा टू व पी थ्री में रैन बसेरा शुरू

**नोएडा।** बढ़ती ठंड को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सेक्टर डेल्टा टू व पी थ्री के सामुदायिक भवन में रैन बसेरा बना दिए गए हैं। इसमें बिस्तर की भी व्यवस्था की गई है। प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने ग्रेटर नोएडा में अलग. अलग जगहों पर रैन बसेरा बनाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में परियोजना विभाग ने सेक्टर डेल्टा टू व पी थ्री के सामुदायिक भवन में दो रैन बसेरा बना दिए हैं। प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना सलिल यादव ने बताया कि दोनों रैन बसेरा में 25-25 बिस्तर लगाए गए हैं। सैनिटाइजर व मास्क की भी व्यवस्था की गई है। ये रैन बसेरा निशुल्क हैं।


### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियां (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/ सह-कर्जदार/ गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/ प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/ सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मैसर्स रंगरीती अपैरल्स, श्री सुमित कुमार, श्री सुमित कुमार, जी/एफ प्लॉट खसरा नंबर 919-923, एलपीवी-2821, कापसहेड़ा, निकट इसवार, दिल्ली-110037 खाता सं. :- 033205006203 | एच. नंबर -123, द्वितीय तल (छत का अधिकार नहीं), एच-ब्लॉक, विकास पुरी, नई दिल्ली-110018 | 15-11-2022 रु. 2,97,37,808/- | 03-11-2022 |
| 2. | मैसर्स श्याम सुंदर अशोक कुमार ऐंड कम्पनी, श्री मनोज कुमार पाटोदिया (पार्टनर), मनोज कुमार पाटोदिया, मनोज कुमार पाटोदिया, 3988, नया बाजार, सेंट्रल दिल्ली, दिल्ली-110006 खाता सं. :- 031605002400 | सम्पति सं. 2/35, ब्लॉक-2, रूप नगर, दिल्ली-110007, | 15-11-2022 रु. 1,61,40,404.73/- | 03-11-2022 |
| 3. | मैसर्स ओम प्रकाश मित्तल प्रोमोटर्स ऐंड बिल्डर्स प्रा. लि., संजय मित्तल (निदेशक), संजय मित्तल, श्रुति मित्तल, डी-72, अशोक विहार फेज-1, दिल्ली-110072 खाता सं. :- 114605000665 | प्लॉट नंबर 122, ब्लॉक डी, साउथ सिटी 1, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 | 15-11-2022 रु. 82,37,681/- | 03-11-2022 |
| 4. | मैसर्स ओम प्रकाश मित्तल प्रोमोटर्स ऐंड बिल्डर्स प्रा. लि., संजय मित्तल (निदेशक), संजय मित्तल, श्रुति मित्तल, डी-72, अशोक विहार फेज-1, दिल्ली-110072 खाता सं. :- 114655000005 | प्लॉट नंबर 122, ब्लॉक डी, साउथ सिटी 1, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 | 15-11-2022 रु. 10,91,351.22/- | 01-11-2022 |
| 5. | एडीक मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, युवराज अग्रवाल, मानसी अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, जय शिव कुमार अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, नंबर 63, विनायक अपार्टमेंट्स, सी-58/1, एनटीपीसी ऑफिसर, एसएएसएस, सेक्टर-62, नोएडा-201301 खाता सं. :- 777705001246 | यूनिट नंबर 63, प्रथम तल, ब्लॉक बी, प्लॉट नंबर सी-58/1, विनायक अपार्टमेंट्स, एनटीपीसी ऑफिसर, एसएएसएस, सेक्टर-62, नोएडा-201301 | 03-11-2022 रु. 75,50,951.46/- | 04-10-2022 |
| 6. | एडीक मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, युवराज अग्रवाल, मानसी अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, जय शिव कुमार अग्रवाल, युवराज अग्रवाल, नंबर 63, विनायक अपार्टमेंट्स, सी-58/1, एनटीपीसी ऑफिसर, एसएएसएस, सेक्टर-62, नोएडा-201301 खाता सं. :- 033155000013 | यूनिट नंबर 63, प्रथम तल, ब्लॉक बी, प्लॉट नंबर सी-58/1, विनायक अपार्टमेंट्स, एनटीपीसी ऑफिसर, एसएएसएस, सेक्टर-62, नोएडा-201301 | 03-11-2022 रु. 9,69,572.69/- | 01-10-2022 |
| 7. | मैसर्स महावीर एंटरप्राइजेज, संगीता अग्रवाल, श्री विकास अग्रवाल, श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल, श्री महावीर प्रसाद अग्रवाल, 2215/5, द्वितीय तल, चाह इंदिरा, भागीरथ पैलेस, चांदनी चौक, दिल्ली-110001 खाता सं. :- 135305500435 | मकान नंबर 93 डी, तृतीय तल, अयोध्या अपार्टमेंट, प्लॉट नंबर 30/2, सेक्टर-13, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | 22-11-2022 रु. 56,39,073.24/- | 05-11-2022 |
| 8. | प्रशांत जिप्सर्स, प्रशांत जैन (स्वामी), प्रशांत जैन, सुरिन्दर कुमार जैन, 1269, वर्धमान प्लाजा सिटी, नरेला, दिल्ली, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110040. खाता सं. :- 401905000113 | प्लॉट नंबर 33, एफएफ, पाकेट-जी-17, सेक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली नॉर्थ, दिल्ली-110085 | 15-11-2022 रु. 49,60,478.6/- | 03-10-2022 |
| 9. | प्रशांत जिप्सर्स, प्रशांत जैन (स्वामी), प्रशांत जैन, सुरिन्दर कुमार जैन, 1269, वर्धमान प्लाजा सिटी, नरेला, दिल्ली, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली-110040. खाता सं. :- 401955000010 | प्लॉट नंबर 33, एफएफ, पाकेट-जी-17, सेक्टर-15, रोहिणी, दिल्ली नॉर्थ, दिल्ली-110085 | 15-11-2022 रु. 6,51,768.24/- | 03-10-2022 |
| 10. | मैसर्स संजीव फूड एजेन्सी, विनोद कुमार शर्मा (पार्टनर), विनोद कुमार शर्मा (पार्टनर), विनोद कुमार शर्मा (पार्टनर), सी-595, न्यू सब्जी मंडी, आजादपुर, दिल्ली-110033 खाता सं. :- 042305000845 | मकान नंबर 98, ब्लॉक-एफ, पाकेट-1, सेक्टर-11, रोहिणी, दिल्ली-110085 | 15-11-2022 रु. 30,62,046.16/- | 03-11-2022 |
| 11. | मैसर्स वासु कंस्ट्रक्शन, दिलीप कुमार पटेल - स्वामी, दिलीप कुमार पटेल-स्वामी, दिलीप कुमार पटेल, बी-92 सी, मदनगीर ग्राम, साउथ दिल्ली, दिल्ली-110062 खाता सं. :- 071405500066 | सीई-322, ब्लॉक-सी, गोल्फ लिंक-1, प्लॉट नंबर 8, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201310 | 17-11-2022 रु. 18,73,532/- | 03-11-2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू हो) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 21 दिसम्बर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



SBFC
SBFC Finance Limited
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

### सार्वजनिक सूचना

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स लि. द्वारा दिनांक 27 दिसंबर 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II, नई दिल्ली-110024, गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर-5,ग्राउंड फ्लोर,वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर - 101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा-201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2बी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में अस्मर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

**Delhi:**AP00069906,AP00092078,AP00153595,AP00164587,AP00169510,AP00173900, AP00174992,AP00186028,AP00188890,AP00194850,AP00200428,AP00304238, AP00308080,AP00309303,AP00313054,AP00322550,AP00340951,AP00353161, AP00355349,AP00369742,AP00370790,AP00376767,AP00378913,AP00385823, AP00386121,AP00390959,AP00391099,AP00391210,AP00392346,AP00396608, AP00398293,AP00402641,AP00406383,AP00410289,AP00413660,AP00421535, AP00428239,AP00430574,AP00431184,AP00433155,AP00433157,AP00433590, AP00433966,AP00438320,AP00440306,AP00448159,AP00458640,AP00458992, AP00461035,AP00466757,AP00466765,AP00466777,AP00466805,AP00466856, AP00467151,AP00468145,AP00468956,AP00468958,AP00468981,AP00475348, AP00475453 **NOIDA:** AP00466100,AP00468923 **GHAZIABAD:** AP00339067,AP00377909, AP00378679,AP00392568,AP00406439,AP00406883,AP00413189,AP00438250, AP00438567,AP00466638,AP00469488,AP00469495 **HAPUR:** AP00466684

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:

**एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड**

संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207, फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरूग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,

एसबीएफसी फायनैन्स लिमिटेड को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है



**SELECT E AUCTIONEER**

**SCRAP FOR SALE**

**e - Auction of Fire Affected Stock of Li-ion cells/ prismatic cells/ battery packs / BMS/ chargers and battery/metal boxes etc. (Auction Id – FA00002141)**

e - Auction will be carried out for disposal of **Fire Affected Stock of Li-ion cells, prismatic cells, battery packs, BMS, chargers and battery/metal boxes etc.** on **Whole Lot basis** on behalf of **M/s Texor Energy Pvt Ltd** on **"AS IS WHERE IS BASIS"** on **29th December' 2022.** The affected items can be inspected at **E-47/5, Okhla Industrial Area, Phase-2, New Delhi.** from **20th December' 2022** onward after taking prior appointment with **Ms Pritishiya (SEA) Mobile No.9990224177, Mr. Ajay Sharma (SEA) Mobile No. 9911999047 & Rahul Kumar (Texor Energy) Mobile No.9555333990**. To participate please register on **www.eauctioneer.in**. Duly filled Participation Form and DD/UTR for RTGS payments must be provided to **M/s Select e-Auctioneer Pvt Ltd.** at the following address / e-mail id by **28th December' 2022**

301-302, Samrat Bhawan, A-7/8/9, Ranjit Nagar Commercial Complex, New Delhi - 110008 email: bid@eauctioneer.in Contact: Ms Pritishiya Massey 09990224177, 09911999047, 25701274-75-76



### सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्रं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गिरीश कुमार पुनमिया / माधवी पुनमिया / LBMUM00003030777 | बी- 302, तीसरी मंज़िल, वी वीआईपी होम्स- मेरिडियन बी, प्लॉट नंबर- जीसी-03के/ जीएच-03, सेक्टर नंबर 16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश- 201307/ दिसंबर 17,2022 | फ़रवरी 20, 2020 रु. 19,83,545/- | दिल्ली |
| 2. | मंजू बाला यादव / रंजू बाला यादव/ LBDEL00004903860 / LBDEL00004932648 | प्लॉट नंबर 285, ग्राउंड फ्लोर, बिना छत अधिकार के साथ पॉकेट 4, सेक्टर- 25, रोहिणी, रोहिणी आवासीय योजना, दिल्ली- 110085/ दिसंबर 17,2022 | जुलाई 30, 2022 रु. 36,30,195/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : दिसंबर 21, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

हरियाणा सरकार

साल राख्या ख्याल

G20 भारत 2023 INDIA

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY

# चिरायु हरियाणा

(Comprehensive Health Insurance for Antyodaya Units)

गरीब परिवारों को लगभग 1500 हेल्थ पैकेज के अंतर्गत
**5 लाख रुपये तक** का मुफ्त इलाज



## हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के अंत्योदय परिवारों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ देने का निर्णय

### 1.80 लाख रुपये से कम वार्षिक आय वाले जरूरतमंद परिवारों को अच्छे उपचार की सुविधा

### पात्रता की जांच

- ✓ गूगल PMJAY app
- ✓ निजी या सरकारी अस्पताल में कार्यरत आयुष्मान मित्र
- ✓ नजदीकी CSC केंद्र द्वारा

### कार्ड कहां बनवाएं

- ✓ निजी या सरकारी अस्पताल में कार्यरत आयुष्मान मित्र
- ✓ नजदीकी CSC केंद्र/CSC/VLE/ASHAs/PPP ऑपरेटर द्वारा

### जरूरी दस्तावेज

- ✓ आधार कार्ड
- ✓ परिवार पहचान-पत्र

### नि:शुल्क सेवाएं

- ✓ कार्ड बनवाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया नि:शुल्क
- ✓ 729 सूचीबद्ध अस्पतालों (176 सरकारी तथा 553 निजी अस्पताल) में 1500 से अधिक सूचीबद्ध बीमारियों का कैशलेस **5 लाख रुपये तक** का नि:शुल्क इलाज
- ✓ लाभार्थी को PVC कार्ड 15 दिनों पश्चात् दिया जायेगा

### सम्पूर्ण प्रक्रिया

PMAM/CSC स्तर पर कार्ड बनाने की प्रक्रिया हेतु QR कोड स्कैन करें या वेबसाइट पर जाएं
https://setu.pmjay.gov.in

- ✓ पंजीकरण के बाद Reference ID पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त होगी जिससे चिरायु कार्ड को डाउनलोड /प्रिंट आउट ले सकते हैं




लाभार्थी का नाम सूची में न होने पर शिकायत दर्ज करवाने के लिए
https://grievance.edisha.gov.in/
चिरायु योजना से सम्बंधित अन्य शिकायतों के लिए
14555, 6239504471, 6239504472 पर संपर्क करें।

अथवा

CRID डाटा से सम्बंधित किसी भी शिकायत हेतु QR कोड स्कैन करें

## सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# सरकारी विज्ञापन पर एलजी-सरकार में छिड़ी रार

## उपराज्यपाल ने जारी किया 97 करोड़ वसूली का फरमान, भड़की आप


उपराज्यपाल वीके सक्सेना


सौरभ भारद्वाज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उपराज्यपाल और दिल्ली सरकार के बीच जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। अब एलजी विनय कुमार सक्सेना ने सरकारी विज्ञापनों की आड़ में राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) से 97 करोड़ रुपये वसूलने का निर्देश दिया है। साथ यह भी आदेश दिए हैं कि विज्ञापन जारी करने वाली शब्दार्थ में निजी व्यक्तियों के बजाय सरकारी अधिकारियों को तैनात किया जाए।

इस पर आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि बिना पॉवर के ही एलजी गैरकानूनी आदेश पास कर रहे हैं, जिसकी कानून की निगाह में कोई वैधता नहीं है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की राज्य सरकारों ने 22 हजार करोड़ रुपए खर्च कर दूसरे राज्यों में विज्ञापन छपवाए हैं। जेपी नड्डा बताएं कि भारतीय जनता पार्टी 22 हजार करोड़ रुपये कब देगी। भारद्वाज ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जबसे आम आमदी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी बनी है भाजपा की नींद उड़ गई है। भाजपा अब दिल्ली वालों के खिलाफ है। उसने मोहल्ला क्लिनिक की दवाइयों का बजट, डॉक्टरों का वेतन और बुजुर्ग-विकलांग व विधवाओं की पेंशन रोक तक रोक दी है। उपराज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि दिल्ली सरकार के सूचना एवं प्रचार निदेशालय (डीआईपी) ने 2016 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा गठित सरकारी विज्ञापनों में सामग्री के नियमन से संबंधित समिति (सीसीआरजीए) के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए बताया कि ऐसे विज्ञापनों पर 97.14 करोड़ रुपए (97,14,69,137 रुपए) खर्च किए गए जो नियम के अनुरूप नहीं थे। डीआईपी ने इसके लिए 42.26 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान पहले ही कर दिया है और प्रकाशित विज्ञापनों के लिए 54.87 करोड़ रुपये अभी और दिए जाने हैं।

सूत्रों ने बताया कि निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए डीआईपी ने वर्ष 2017 में आप को निर्देश दिया था कि वह सरकारी कोष को तत्काल 42.26 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करे और 30 दिन के भीतर संबंधित विज्ञापन एजेंसियों या प्रकाशकों को सीधे 54.87 करोड़ रुपए की लंबित राशि का भुगतान करे। पांच साल व आठ महीने बाद भी आप ने डीआईपी के आदेश का पालन नहीं किया है। यह काफी गंभीर मामला है क्योंकि यह जनता का पैसा है जिसे पार्टी ने आदेश के बावजूद सरकारी कोष में जमा नहीं कराया है। एक पंजीकृत राजनीतिक दल द्वारा एक वैध आदेश की इस तरह की अवहेलना न केवल न्यायपालिका का तिरस्कार है, बल्कि सुशासन के संदर्भ में भी उचित नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने सरकारी विज्ञापनों को विनियमित करने और बेकार के खर्च को रोकने के लिए कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे।

इस बीच आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पुरानी आदतों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी ने एलजी के जरिए एक और प्रेम पत्र मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भेजा है। जैसे- जैसे वेलेंटाइन डे पास आएगा लव लैटर्स भेजने की गति बढ़ती जाएगी। उसका बड़ा कारण यह है कि जबसे आम आदमी पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी बनी है, भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को नींद आनी बंद हो गई है। जिस तरीके से एमसीडी के चुनाव में जहां पर जनसंघ की नींव रखी गई थी वहां से दिल्ली के लोगों ने बीजेपी को निकाला है। यह बात साफ होती जा रही है कि भाजपा का सीधा झगड़ा अब दिल्ली के लोगों से है। अब यह मामला आम आदमी पार्टी बनाम भारतीय जनता पार्टी नहीं रह गया है। एलजी कह रहे हैं कि दिल्ली सरकार के विज्ञापन दिल्ली के बाहर कैसे छप रहे हैं। वह हैरान है कि भाजपा के ऊपर क्योंकि एलजी की कोई एंटिटी नहीं है। भाजपा जो कहेगी वह वही करेंगे। भारद्वाज ने कहा कि उन्होंने दिल्ली से प्रकाशित होने वाले पिछले 1 महीने के अखबार निकलवाए। ऐसा कोई भारतीय जनता पार्टी का राज्य नहीं है जिसका विज्ञापन यहां के समाचार पत्रों में नहीं छपा हो। भारद्वाज ने दावा किया उन्होंने मोटा-मोटा आंकलन लगवाया कि भाजपा की सरकार जिन राज्यों में है, अगर सिर्फ इन राज्यों के विज्ञापन जो अलग-अलग राज्यों के अंदर छपते हैं और अलग-अलग टीवी चैनल पर प्रसारित होते हैं।

### भाजपा ने विज्ञापन घोटाला बताया



**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा गत आठ सालों से लगातार कहती रही है कि केजरीवाल सरकार प्रचार आधारित सरकार है जिसका काम कागजों और विज्ञापनों में ज्यादा लेकिन जमीन पर कम दिखाई देता है। आम आदमी पार्टी के संयोजक करदाताओं के पैसों का इस्तेमाल दिल्ली के विकास में होना चाहिए लेकिन उसका दुरुपयोग मुख्यमंत्री केजरीवाल अपना चेहरा चमकाने के लिए कर रहे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इससे अधिक दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग करना और उनका शोषण करना आम आदमी पार्टी सरकार की फितरत है। मुख्यमंत्री केजरीवाल विषय की गंभीरता को कम करने के लिए उपराज्यपाल के आदेश को एक और प्रेमपत्र बता रहे हैं पर सच ये है कि यह प्रेम पत्र नहीं केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार का श्वेत पत्र है। बिधूड़ी ने कहा कि वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे ही एक मामले में सभी सरकारों के लिए विज्ञापनों की गाइडलाइंस तैयार कराने के लिए एक कमेटी का गठन किया था।

### केजरीवाल सरकारी विज्ञापन का कर रहे दुरुपयोग : माकन

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार को सरकारी खजाने में 97 करोड़ रुपये जमा कराने के आदेश पर राजनीतिक घमासान मच गया है। इस मुद्दे पर आम आदमी पार्टी और भाजपा में आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। इस बीच प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय माकन ने दावा किया कि उन्होंने 16 सितम्बर 2016 को उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने उच्चतम न्यायालय की समिति बनाने का निर्देश दिया था। इस समिति ने पाया कि 9 नियमों में से 6 का उल्लंघन कर केजरीवाल, सरकारी विज्ञापन का राजनैतिक दुरुपयोग के लिए कर रहे हैं। इसपर दिल्ली सरकार ने 30 मार्च 2017 को 97 करोड़ रुपये की वसूली केजरीवाल से माँगी थी। गत पांच वर्षों के बाद मंगलवार को उपराज्यपाल ने इस मुद्दे पर संज्ञान ले कर मुख्य सचिव को वसूली की कार्यवाही शुरू करने को कहा है। लेकिन केवल 97 करोड़ रुपये की वसूली क्यों। यह वसूली 675 करोड़ होना चाहिए।


इंडिया गेट पर छाया कोहरा

# प्रदूषण के खिलाफ 10 दिन चलेगा अभियान

### कई विभागों की 611 टीमें खुले में कचरा जलाने से रोकने की करेगी निगरानी


गोपाल राय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वायु गुणवत्ता सूचकांक के गंभीर श्रेणी में पहुंचने के बाद दिल्ली सरकार प्रदूषण को नियंत्रण में करने के लिए सक्रिय हो गई है। सर्दियों में खुले में कचरा जलाने से भी प्रदूषण फैलता है। इसलिए कूड़ा जलाने से रोकने के लिए राज्य सरकार ने इसके खिलाफ अगले दस दिनों तक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मंगलवार को आबोहवा दुरुस्त करने के मकसद से अधिकारियों को एन्टी ओपन बर्निंग स्पेशल कैम्पेन चलाने का निर्देश दिया है। इसके लिए डीपीसीसी, एमसीडी राजस्व समेत अन्य विभागों की 611 टीमें करेगी निगरानी। गोपाल राय ने कहा कि ओपन बर्निंग कैंपेन की रोकने के तैनात टीमें चौबीस घंटे ग्राउंड जीरो पर रहकर यह सुनिश्चित करेंगी कि कहीं भी खुले में बर्निंग नहीं हो रही हो और बर्निंग की घटनाएं पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इस अभियान के लिए डीपीसीसी, एम.सी.डी, राजस्व एवं सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग को विशेष जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने लोगों के सहयोग से प्रदूषण को कम करने में सफलता पायी है।

### ग्रीन ऐप पर करें शिकायत

*पर्यावरण मंत्री ने दिल्ली वालों से अपील की कि वे खुले में जलने की किसी भी घटना के मामले में ग्रीन दिल्ली ऐप पर शिकायत दर्ज करें जिससे कम से कम समय में खुले में आग जलने की घटना विभाग तक पहुंचे और विभाग उन पर तुरंत कार्रवाई कर सकें। साथ ही उन्होंने आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों से सुरक्षा गार्डों को हीटर उपलब्ध कराने की अपील की है।*

# मंत्री के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट क्यों नहीं हटा रहे विजेंद्र




### डीटीसी बस खरीद विवाद मामले पर हाईकोर्ट ने पूछे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक विजेंद्र गुप्ता से सवाल किया कि वह दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) द्वारा 1,000 लो फ्लोर बस की खरीद में अनियमितता के संबंध में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के खिलाफ किए गए कथित अपमानजनक ट्वीट को क्यों नहीं हटा रहे हैं।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने गुप्ता के वकील से सवाल किया कि वह अपने मुवक्किल से इस बारे में निर्देश लें कि वह अब भी ट्वीट हटाना चाहते हैं, या नहीं।

पीठ ने गुप्ता के वकील से पूछा कि आप ट्वीट क्यों नहीं हटाते, आपका उद्देश्य पूरा हो गया। आप जो करना चाहते थे, वह हासिल कर लिया गया है। सवाल यह है कि ये ट्वीट क्यों रहने चाहिए, क्या अब भी आपको इस पर कोई टिप्पणी मिल रही है, कृपया इस पर निर्देश प्राप्त करें। आपका उद्देश्य पूरा हो गया है। गुप्ता के वकील ने कहा कि वह अगली सुनवाई में निर्देशों के साथ लौटेंगे।

उच्च न्यायालय गुप्ता के खिलाफ मानहानि के मुकदमे पर अंतरिम राहत देने से इनकार करने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के नेता की अपील पर सुनवाई कर रहा है। पीठ ने मामले को आगे की कार्यवाही के लिए 16 जनवरी, 2023 को सूचीबद्ध कर दिया।

सुनवाई के दौरान, गहलोत के वकील ने दलील दी कि गुप्ता ने आपत्तिजनक ट्वीट किए थे और अदालत से आग्रह किया कि मुकदमे के लंबित रहने के दौरान उन्हें (ट्वीट को) सोशल मीडिया से हटाने का निर्देश दिया जाए।

# भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ने के लिए मोबाइल नंबर जारी

### इच्छुक लोग 9625777907 नंबर पर कर सकते हैं मिस्ड कॉल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शनिवार को दिल्ली पहुंच रही है। इसके आगमन को लेकर प्रदेश कांग्रेस की तैयारियों पर भारतीय कांग्रेस कमेटी के असंतोष व्यक्त करने के बाद दिल्ली कांग्रेस के नेता हरकत में आ गए हैं। अभी तक भारत जोड़ो यात्रा को लेकर अलग-अलग राग अलाप रहे प्रदेश के नेता मंगलवार को एक मंच पर दिखाई दिए और यात्रा संबंधित, मिले कदम, जुड़े वतन-हम चलेंगे, हम जुड़ेंगे नारे के साथ एक मिस कॉल नम्बर 9625777907 भी जारी किया।

साथ ही इस यात्रा में डिजीटली रुप से जुड़ने के लिए वेबसाईट www.bharatjodoyatradelhi.in जारी की। जिस पर दिए गए फार्म को भरने के बाद यात्रा में शामिल होने के लिए ई-पास जारी किया जाएगा। यात्रा से जुड़ने के लिए वेबसाईट पर 23 दिसंबर तक 12 बजे तक अपना पंजीकरण कराना होगा। प्रदेश कांग्रेस ने दावा किया कि भारत जोड़ो यात्रा के पंजीकरण प्रदेश कार्यालय में बने कंट्रोल में अभी तक 25000 से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं समेत कई जानी मानी हस्तियों व दिल्ली वालों ने अपना पंजीकरण करा चुके हैं। यात्रा की पब्लिसिटी के लिए पोस्टर, होर्डिंग, वाल पेंटिग व एफएम के द्वारा भी राहुल का संदेश का प्रसारित किए जाएंगे। यात्रा के प्रचार प्रसार के लिए हर घर पम्पलेट भी बटवाऐ जा रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय माकन, जे.पी. अग्रवाल, सुभाष चौपड़ा, अरविन्दर सिंह लवली और कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज व भारत जोड़ों यात्रा के संयोजक डा. नरेन्द्र नाथ की मौजूदगी में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में ज्वलंत मुद्दों महंगाई, बेरोजगारी, नफरत की भावना, साम्प्रदायिकता व तानाशाही सरकार के देश विरोधी निर्णयों के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जनता के लिए जनता के दरबार में जाना सही समझा, इसलिए देशवासियों के हितों की रक्षा के लिए 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से 3570 किलोमीटर की 150 से अधिक दिनों की यात्रा शुरू की, जो 24 दिसम्बर, 2022 को हरियाणा से होकर दिल्ली में सुबह बदरपुर बॉर्डर से प्रवेश करेगी।

# जैकलीन ने मांगी विदेश जाने की इजाजत, सुनवाई कल

### ईडी को अर्जी पर जवाब दाखिल करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने 200 करोड़ रुपये के धन शोधन मामले की आरोपी अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज द्वारा विदेश यात्रा की अनुमति मांगने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 22 दिसंबर की तारीख तय की है।

विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी किया और ईडी को अभिनेत्री की अर्जी पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

जैकलीन ने अर्जी में 23 दिसंबर से बहरीन की यात्रा करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। वह मामले की संक्षिप्त सुनवाई के दौरान अदालत में पेश भी हुईं।

अदालत ने अभिनेत्री को 15 नवंबर को नियमित जमानत दे दी थी। उन्हें इस मामले में अब तक गिरफ्तार नहीं किया गया है।

यह मामला कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़ा है। ईडी ने जांच के संबंध में कई बार अभिनेत्री को पूछताछ के लिए बुलाया था। उन्हें पूरक आरोप पत्र में पहली बार आरोपी बनाया गया था।


पटियाला कोर्ट में पेशी के लिए जाती अभिनेत्री जैकलीन। फोटो: रंजन डिमरी

## संक्षिप्त समाचार


विस याचिका समिति के समाने पेश हुए स्वास्थ्य और वित्त विभाग के अधिकारी।

### अफसरों की मनमानी से कर्मियों को नहीं मिल रहा वेतन

**नई दिल्ली।** मोहल्ला क्लीनिक में अफसरों की मनमानी की वजह से जांच और कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा था। विधानसभा की याचिका समिति ने प्रमुख सचिव सहित अन्य अधिकारियों को बुलाकर जमकर फटकार लगाई। विधानसभा की याचिका समिति के सदस्य सौरभ भारद्वाज ने कहा कि विधान सभा की याचिका समिति ने स्वास्थ्य और वित्ता विभाग के प्रमुख सचिवों को बुलाया और उनकी गवाही रिकॉर्ड की। कमेटी की कार्रवाई के दौरान सामने आया कि स्वास्थ्य विभाग ने वेतन के लिए जो फाइल वित्त विभाग को भेजी थी, उसके अंदर वित्त विभाग ने कुछ ऐसे दस्तावेज मांगे जो कि पहले कभी नहीं मांगे गए थे। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मोहल्ला क्लीनिक कर्मचारियों की तनख्वाह को फाइल-फाइल के खेल में तीन महीने तक रोका गया। इसके अलावा कई महीनों से टेस्ट करने वाली कंपनियों का पैसा भी रोक दिया गया, जिसके चलते उन कंपनियों ने मोहल्ला क्लिनिक के अंदर टेस्ट करने बंद कर दिए। दिल्ली में गरीब हर हफ्ते टेस्ट कराकर अपनी दवाइयों पर आश्रित हैं, उन्हें दवाइयों और जांचों से वंचित रखा गया।

### पंजाब विस अध्यक्ष ने निगमायुक्त से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** पंजाब विधान सभा के स्पीकर, सरदार कुलतार सिंह संधवां के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली नगर निगम मुख्यालय में निगमायुक्त ज्ञानेश भारती से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान, निगमायुक्त ने उन्हें राजधानी की ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली और कूड़े से बिजली बनाने के संयंत्र, इसकी प्रक्रिया व लाभ के बारे में अवगत कराया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने राजेंद्र नगर स्थित कम्पोस्ट प्लांट का दौरा किया। इस दौरान, प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को कचरे से खाद बनाने की वैज्ञानिक प्रक्रिया को देखकर काफी प्रभावित हुए। बाद में नरेला-बवाना में कूड़े से बिजली बनाने के संयंत्र (वेस्ट टू एनर्जी प्लांट) का भी दौरा किया।

### समाज कल्याण मंत्री ने आशा किरण का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने रोहिणी स्थित आशा किरण का निरीक्षण किया और मानसिक रूप से कमजोर बच्चों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और रख-रखाव का जायजा लिया। आनंद ने उन सभी बच्चों से बातचीत कर उनसे वहाँ मिल रही सुविधाओं के बारें में जाना। आनंद जब दिव्याँग बच्चों से बातचीत की तो वो बहुत खुश थे। बच्चों ने उनसे हाथ मिलाया। इसके साथ ही उन्होंने अपना कॉपी भी कैबिनेट मंत्री से चेक कराई। इसके अलावा मंत्री ने पुर्नवास केंद्र सेंटर का दौरा करके यहां की साफ-सफाई और स्वास्थ्य देखभाल की परखा। उन्होंने यहां स्वास्थ्य सुविधाओं समेत फिजियोथेरेपी को और उन्नत करने पर जोर दिया।

### प्रदर्शनकारी यूपीएससी अभ्यर्थियों पर पुलिस सख्त



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में दो अतिरिक्त अवसर की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर भीषण सर्दी में पुलिस ने सख्ती करते हुए प्रदर्शन स्थल छोड़ने को कहा है। हालांकि राजेंद्र नगर में विरोध प्रदर्शन के दूसरे दिन भी सिविल सेवा के अभ्यर्थी जमे हुए हैं। छात्र लगातार सरकार से दो अवसर देने की मांग विभिन्न मंचों के माध्यम से कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी सुभाष ठाकुर ने कहा कि हमारी मांगे मानी जाएं अन्यथ हम आंदोलन को तेज करने और संसद जाने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालों गौरव ठाकुर, अमूल्या अनिमेष, रोहित प्रियदर्शी, रोहित अनुराग, राशि सिंह समेत बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मौजूद हैं।

# बवाना में बनेगा 2 एमजीडी क्षमता का जलशोधन संयंत्र



### उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने दिल्ली जलबोर्ड की परियोजना को दी मंजूरी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

बवाना में 2 एमजीडी क्षमता का वॉटर रीसाइक्लिंक प्लांट बनेगा। करीब 10.3 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस संयंत्र से पानी की बर्बादी को रोका जा सकेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की महत्वाकांक्षी परियोजना का काम पूरा होने के बाद इससे जहां हर घर में चौबीस घंटे शुद्ध पीनी उपलब्ध कराने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद मिलेगी।

साथ ही राष्ट्रीय राजधानी की बढ़ती आबादी को देखते हुए भविष्य के पानी के इंतजाम में भी अहम भूमिका होगी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को दिल्ली जलबोर्ड के बवाना वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में रीसाइक्लिंग प्लांट के निर्माण की परियोजना को मंजूरी दी। उन्होंने प्लांट को उम्मीदों के अनुरूप बनाने और गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए है।

मनीष सिसोदिया ने बताया कि बवाना में मौजूदा 20 एमजीडी जल शोधन संयंत्री (डब्लूटीपी) से निकलने वाले पानी को रीसाइकिल करने के लिए 2 एमजीडी क्षमता वाले रीसाइक्लिंग प्लांट का निर्माण किया जाएगा। बवाना में 20 एमजीडी डब्लूटीपी का निर्माण वर्ष 2000 में किया गया था। कैरियर लाइन्ड चैनल (सीएलसी) के चालू होने के बाद साल 2015 में इसे चालू किया गया। इस डब्ल्यूटीपी के लिए वर्तमान में कोई रिसाइकलिंग प्लांट नहीं है, जिससे काफी मात्रा में पानी की बर्बादी होता है। ऐसे में पानी की बर्बादी को रोकने के लिए केजरीवाल सरकार ने बवाना डब्ल्यूटीपी में 2 एमजीडी रीसाइक्लिंग प्लांट का निर्माण की योजना बनाई है।

कुछ कर्मचारियों की तैनाती के साथ अतिरिक्त 2 एमजीडी वाटर रीसाइक्लिंग प्लांट संचालित किया जाएगा। रीसाइक्लिंग प्लांट में पानी को फिल्टर करने के लिए ट्रीटमेंट प्रोसेस डीजेबी के मानदंडों के अनुसार होगी, ताकि आसानी से लोगों को साफ पानी की सीधे आपूर्ति हो सके।

### हर घर 24 घंटे होगी पानी की सप्लाई

दिल्ली में अभी भी पानी का एलोकेशन पुराने नियम के आधार पर किया जा रहा है, जिसकी तुलना में आज आबादी काफी बढ़ चुकी है। ऐसे में केजरीवाल सरकार ऐसा सिस्टम बनाने पर जोर दो रही है, जिससे लोगों को घरों में 24 घंटे शुद्ध पानी मिल सके। गर्मी के मौसम में पानी की मांग के चलते लिमिटेड वाटर रिसोर्सेज पर ज्यादा दबाव पड़ता है। डीजेबी द्वारा पानी में प्रदूषण को नियंत्रित करने औरआपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में केजरीवाल सरकार द्वारा जल आपूर्ति नेटवर्क को मजबूत करने लिए आवश्यक निर्णय लिए गए हैं।

### जलापूर्ति बढ़ाने के लिए गंभीरता से काम कर रही सरकार

*सिसोदिया ने दावा किया कि जलापूर्ति बढ़ाने के लिए केजरीवाल सरकार गंभीरता से काम कर रही है। पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ साथ सीवरेज सिस्टम को बेहतर बनाने, विभिन्न इलाकों में सीवर लाइन बिछाने और घर-घर सीवर कनेक्शन उपलब्ध कराने की दिशा में भी चरणबद्ध तरीके से काम कर रही है। यमुना में दूषित पानी नहीं बहे इसे लेकर भी अनधिकृत कॉलोनियों और ग्रामीण इलाकों में डिसेंट्रलाइज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (डी-एसटीपी) बनाए जा रहे है।*

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 21 दिसंबर, 2022



# 11 माह में 12 हजार 800 बने आवारा पशुओं का शिकार

कविता। फरीदाबाद



मुजेसर थाने के निकट मौजूद आवारा कुत्तों का झुंड।



बीके अस्पताल में ऐंटी रेबिज का इंजेक्शन लगवाने को लेकर लगी भीड़।

जिले में आवारा पशु खासकर कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नगर निगम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए जो टीम बनी थी, वह कोर्ट की गाइडलाइन के कारण टीम अब केवल बीमार और घायल होने वाले कुत्तों का इलाज करवा कर उसे वापस वहीं छोड़ने के काम तक ही सीमित होकर रह गई है। जिसके कारण जिले में आवारा कुत्तों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दर्शाए गए वर्ष 2022 के आकड़ों के मुताबिक बादशाह खान अस्पताल में जनवरी से नवंबर माह तक कुल 12,800 मरीज आवारा पशुओं के काटने संबंधित इंजेक्शन लगवाने के लिए आए थे। इन आकड़ों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिले में आवारा पशुओं का कहर कितना बढ़ रहा है। जिला सिविल अस्पताल के फार्मासिस्टों ने बताया कि आवारा कुत्तों के काटने संबंधित मामले इस माह अधिक बढ़े हैं। शहर के लोगों का आवारा पशुओं ने जीना दूभर कर रखा है। लोग आये दिन कुत्ते, बिल्लियों और बन्दरों के काटने का शिकार बन रहे हैं।

**इंजेक्शन थे समाप्त :** जनवरी से नवंबर माह में इंजेक्शन दो माह नहीं थे, इसके बावजूद जिले में शेष नौ महीनों में आवारा पशुओं का शिकार बने 12800 लोग रेबिज का इंजेक्शन लगवाने बीके अस्पताल आए हैं। वहीं बीते वर्ष की बात की जाए तो 2021 में आवारा पशुओं ने 12,668 लोगों को अपना शिकार बनाया था।

**अधिकारी का कथन :** नगर निगम की एमओएच डॉ. प्रभजोत कौर ने बताया कि आवारा पशुओं को अब पकड़ कर रख नहीं सकते हैं। कोर्ट के आदेश के मुताबिक यदि कोई बीमार है, तो उसका इलाज वह एनजीओ से करवा कर वापस उसी स्थान पर छोड़ देते हैं। पहले क्या होता था वह उन्हें नहीं पता, क्योंकि उनकी हाल ही में नगर निगम में नियुक्ति हुई है।

**वर्ष 2022 में जनवरी से नवंबर तक के आंकड़े**

| माह | कुल | नए |
|---|---|---|
| जनवरी | 2093 | 932 |
| फरवरी | 2427 | 1007 |
| मार्च | 413 | 162 |
| अप्रैल | 1099 | 618 |
| मई | 1445 | 608 |
| जून | 1372 | 680 |
| जुलाई | 560 | 533 |
| अगस्त | 000 | 000 |
| सितंबर | 000 | 000 |
| अक्टूबर | 1358 | 506 |
| नवंबर | 2033 | 766 |

# मोहना रोड पर चंदावली गांव के पास बनेगा दिल्ली मुम्बई एक्सप्रेस वे का अंडर ब्रिज

### मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बातचीत कर कराया समस्या का समाधान

प्रवीन शर्मा। फरीदाबाद



चंदावाली गांव के पास अंडरब्रिज को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीणों को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बल्लभगढ़-मोहना रोड पर चंदावली गांव के पास अंडर ब्रिज की समस्या का मंगलवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल व केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के हस्तक्षेप के बाद समाधान हो गया। अब यहां पर एक्सप्रेस-वे के नीचे से आरयूबी का निर्माण किया जाएगा और यह आरयूबी दिल्ली-आगरा कैनाल पर बने पुल की चौड़ाई का ही बनाया जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गांव के बुजुर्गों ने नारियल तुड़वाकर आरयूबी का कार्य भी शुरू कराया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने संबोधित करते हुए, कहा कि दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर डिजाइन के दौरान चंदावली गांव के सामने आरयूबी का प्रावधान नहीं हो पाया था। इससे ग्रामीणों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। करीब 20 गांव के ग्रामीणों को बल्लभगढ़ आने के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि पिछले 22 दिनों से गांव के लोगों द्वारा यह आवाज उठाई जा रही थी। ग्रामीणों की मांग जायज थी और उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से इस बारे में बातचीत की। इसके बाद मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसके लिए केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से बातचीत की व पत्राचार भी किया। उन्होंने कहा कि वह बतौर सांसद भी केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मिले। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा व स्थानीय विधायक नयनपाल रावत भी इस मुद्दे को लेकर कार्य कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अब केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने समस्या के समाधान के लिए चंदावली गांव के सामने बल्लभगढ़-मोहना रोड पर रोड अंडर ब्रिज बनाने को मंजूरी दे दी है। उपायुक्त विक्रम सिंह, एसडीएम त्रिलोक चंद, भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, ग्रामीणों की तरफ से मूलचंद यादव, ईश्वर लांबा, कुलदीप चहल, बलजीत कादियान, राजकुमार दोगा, बाबा रतना, पूर्ण बढ़गूजर दीपचंद जोधा सहित एनएचएआई के अधिकारी मौजूद थे।

## भ्रष्टाचार की शिकायतों पर सुनवाई करेगी जिला और उपमंडल स्तरीय विजिलेंस कमेटी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि राज्य सतर्कता ब्यूरो की ओर से जिलास्तर और उपमंडल स्तर पर भी अधिकारियों की कमेटी गठित की गई हैं, जहां आम नागरिक भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायत दे सकते हैं। इन शिकायतों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

विजिलेंस विभाग के उच्चाधिकारियों से वीडियो कॉफ्रेंस करने के बाद उपायुक्त ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता की अध्यक्षता में जिलास्तरीय विजिलेंस कमेटी बनाई गई है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कमेटी में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता चेयरमैन, कार्यकारी अभियंता, पुलिस विभाग की तरफ से एसीपी, संबंधित विभाग का प्रमुख अधिकारी व लेखा अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार उपमंडल स्तर पर फरीदाबाद, बड़खल व बल्लभगढ़ में एसडीएम की अध्यक्षता में सब डिवीजन लेवल की विजिलेंस कमेटी बनाई गई हैं। इसमें संबंधित विभाग का एसडीओ, नगर निगम के लेखा अधिकारी को सदस्य मनोनीत किया गया है। उन्होंने बताया कि किसी भी आम नागरिक को भ्रष्टाचार से संबंधित कोई शिकायत देनी है तो वह एसडीएम कार्यालय, एडीसी ऑफिस अथवा डीसी ऑफिस में शिकायत दे सकता है।

उपायुक्त विक्रम ने बताया कि विजिलेंस कमेटी के पास आने वाली शिकायत की जांच करवाई जाएगी और उसमें कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। अभी तक जो शिकायतें जिलास्तर पर या उपमंडल स्तर पर कमेटी को मिली है उन सबमें कार्यवाही जारी है।

उन्होंने बताया कि सभी कमेटियों को यह निर्देश दिए गए हैं कि अब जिला स्तरीय विजिलेंस कमेटी में उपमंडल स्तरीय विजिलेंस कमेटी की इंक्वायरी रिपोर्ट वह एक्शन टेकन रिपोर्ट भी ऑनलाइन अपडेट करनी होगी।

## स्व. वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाएं : शर्मा



सेक्टर 15 स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा।

फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कमल पर भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में फरीदाबाद जिला विस्तारक मंजीत जांगड़ा व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं किसान मोर्चा प्रभारी वजीर सिंह डागर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिले के सभी विभागों एवं प्रकोष्ठों के जिला संयोजक व सह संयोजक मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में जिले की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के 20 मंडल में बूथ स्तर तक मनाएं और सभी बूथों पर उसी दिन प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को भी अवश्य सुनें और अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में जोड़ें। गोपाल शर्मा ने सभी जिला संयोजकों को अपनी जिले से मंडल स्तर तक की कार्यसमिति गठित कर उन्हें सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हम सभी विभागों और प्रकोष्ठों के संयोजकों ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने सम्बंधित विभागों के लोगों को पार्टी से जोड़ना है और उन्हें पार्टी की रीती निति से प्रेरित कर समाज कल्याण के लिए अग्रसर करना है। उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर संबोधित करते हुए बताया कि सभी कार्यकर्ताओं को अपने बूथ से लेकर अपने पन्ना तक की जानकारी अवश्य हो।

## नई पुस्तक में कीमोथेरेपी की दवाओं को किफायती बनाने पर जोर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



'इंपैक्ट ऑफ पेटेंट्स ऑन कीमोथेरेपी ड्रग्स इन द ट्रीटमेंट ऑफ कैंसर' के नाम से प्रकाशित पुस्तक में कैंसर के इलाज में प्रयोग होने वाली कीमोथेरेपी की दवाओं की ज्यादा कीमत पर चिंता जताई गई है। दो संस्करण में छपी इस पुस्तक को पूर्व महानिदेशक (पेटेंट्स, डिजाइन एंड ट्रेडमार्क) तथा राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआई) के पूर्व चेयरमैन डॉ. केवी स्वामीनाथन ने संकलित एवं संपादित किया है।

कैंसर एवं इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (आईपीआर) से जुड़े मसलों पर चर्चा के अलावा पुस्तक में बड़ी फार्मा कंपनियों एवं कीमोथेरेपी की दवाओं, भारत व विदेश में पेटेंट की स्थिति और भारत के लिहाज से अहम बिंदुओं पर भी चर्चा की गई है। आरजीसीआई के चेयरमैन राकेश चोपड़ा ने पुस्तक के विमोचन पर कहा, 'किताब में बहुत महत्वपूर्ण लेकिन बहुत कम चर्चा में रहे विषय को उठाया गया है। शोध महंगा है, जिसके चलते दवा की कीमतें बढ़ जाती हैं। इलाज महंगा होने के कारण कई बार विवाद की स्थिति बन जाती है।

डॉ. स्वामीनाथन ने बहुत खूबसूरत तरीके से आईपीआर और कैंसर के इलाज की प्रक्रियाओं को लेकर अपने ज्ञान को इस पुस्तक में समाहित किया है।' डीएस नेगी, सीईओ, आरजीसीआई ने कहा कि यह पुस्तक चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए बहुत प्रासंगिक है। कैंसर एक डरावना शब्द है और अपने साइड इफेक्ट्स के साथ कीमोथेरेपी इस डर को और बढ़ा देती है। नई दवाओं एवं इनोवेशन के माध्यम से कीमोथेरेपी के नुकसान को काफी हद तक कम करने में सफलता मिली है। टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी थेरेपी मरीजों के लिए बेहतर साबित हुई हैं। हालांकि नई दवाओं पर शोध के लिए फार्मा कंपनियों को अरबों खर्च करने पड़ते हैं, जिस कारण दवाओं का महंगा होना स्वाभाविक है।

डॉ. स्वामीनाथन ने कहा, 'कीमोथेरेपी के क्षेत्र में नई उपलब्धियों ने इलाज के इस तरीके को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। बीमारी का पता चलने के बाद मरीजों के बचने की दर काफी बढ़ी है। हालांकि अभी भी कैंसर के सामान्य मरीजों के लिए महंगी दवाएं बड़ी समस्या हैं। नई कीमोथेरेपी दवाओं के महंगा होने का एक बड़ा कारण है इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी प्रोटेक्शन। दुनिया के कई देशों और कई बहुपक्षीय संगठनों ने इस समस्या को समझा है।

## बल्लभगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने चेयरमैन को सौंपा

फरीदाबाद। बल्लभगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्र सैन शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिसमें उनके साथ महासचिव सतीश शर्मा, वीपी गोयल, राजेश शर्मा, टीकाराम शर्मा आदि ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉक्टर बीपी यादव जी से उनके कार्यालय में दिनांक 19-12-22 को एक शिष्टाचार भेंट की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा जिसमें अभी -अभी हाईकोर्ट चंडीगढ़ ने कुछ अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों को बड़ी राहत दी है जिसमें कोर्ट ने एनरोलमेंट और परीक्षा फॉर्म भरने के आदेश दिए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने चेयरमैन से मांग रखी की ऐसे स्कूलों का पोर्टल खोल कर तुरंत बच्चों के फार्म भरवाए जाएं। साथ ही साथ प्राइवेट स्कूलों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जिनमें प्रमुख रूप से आगामी बोर्ड परीक्षाओं में ग्रामीण क्षेत्र में परीक्षा केंद्र बनाने पर जोर दिया।

# दुर्गा के स्वरूप लड़कियों को जागरूक करना जरूरी : रेनू भाटिया

### सरकारी स्कूलों में लड़कियों को जल्द दी जाएगी आत्मरक्षा की ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



एनआईटी दो के सरकारी स्कूल में छात्राओं को संबोधित करती हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के नारे को फरीदाबाद के राजकीय स्कूल की छात्राओं ने पूर्ण रूप से साकार किया है। हरियाणा राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा रेनू भाटिया ने मंगलवार को राजकीय कन्या हाई स्कूल नं-1 और राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नं- 2 एनआईटी में छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा।

महिला आयोग की अध्यक्षा ने बताया कि सरकार बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर बहुत चिंतित है, इसलिए उन्हें अपने अधिकार जान लेने चाहिए। इसके लिए महिला आयोग हर सप्ताह जिले में दो स्कूलों में जाकर छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करें। महिला आयोग आए हुए केसों का उदाहरण देते हुए उन्होंने छात्राओं को समझाकर उन्हें जागरूक किया। घर से स्कूल आते-जाते समय कोई व्यक्ति उन्हें परेशान करता है उनके साथ दुर्व्यवहार करता है तो उसकी शिकायत तुरंत अपने माता-पिता और अध्यापिकाओं को दें। रास्ते में कोई दुर्घटना न हो उसके लिए छात्राओं को सतर्क किया।

उन्होंने छात्राओं को उनके अधिकारों के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर जानकारियां दीं। हरियाणा सरकार छात्राओं की सुरक्षा को लेकर एक नीति बनाई है, जिसके बारे में महिला आयोग के अध्यक्षा ने स्कूली छात्राओं को जागरूक किया। बेटियों के खिलाफ क्राइम रेट बढ़ रहा है, जिसमें अब यह बेहद जरूरी हो गया है कि शिक्षण संस्थानों में एक मुख्य गतिविधियों में सेल्फ डिफेंस को जोड़ा जा सके। स्कूलों में बेटियों को जूडो कराटे की ट्रेनिंग भी जल्द दी जाएगी ताकि छात्राएं आत्मरक्षा का गुर सिख सकें। स्कूल में छात्राओं के सामने आने वाली परेशानी की शिकायत आईसीसी कमेटी में दर्ज की जाएगी।

आईसीसी कमेटी में आने वाली शिकायतों पर महिला आयोग तुरंत प्रभाव से संज्ञान लेगा। अगर किसी छात्रा का किसी भी प्रकार से शोषण या उत्पीड़न किया जाता है तो पीड़ित छात्रा अपनी शिकायत महिला थाना में दर्ज करवा सकती है। यदि महिला थाना में छात्रा की शिकायत पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो महिला आयोग उस पर संज्ञान लेगा और कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


## धर्म परिवर्तन के विरोध में किया प्रदर्शन

फरीदाबाद। जय श्रीराम के नारे लगाते हुए मंगलवार को बीके चौक पर विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की ओर से विरोध प्रदर्शन करते हुए एक रैली निकाली। इस विषय में रैली में शामिल दल के जिला सह संयोजक पंकज जैन ने बताया कि देश में बढ़ती लव जिहाद व अवैध धर्मांतरण की घटनाओं से त्रस्त हिन्दू समाज अब स्थाई समाधान का मार्ग ढूंढ रहा है।

विश्व हिन्दू परिषद ने संत समाज के साथ देश के प्रत्येक मत-पंथ-संप्रदाय को साथ लेकर इसके विरुद्ध शंखनाद कर दिया है। विहिप के केन्द्रीय कार्याध्यक्ष व सीनियर एडवोकेट आलोक कुमार ने घोषणा की कि विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता 21 से 31 दिसंबर तक सम्पूर्ण देश में 'धर्म रक्षा अभियान' चलाकर ना सिर्फ छल-कपट, लोभ-लालच या बल पूर्वक हो रहे धर्मांतरण के प्रति देशवासियों को सजग करेंगे अपितु, राष्ट्र को इस कलंक से मुक्ति भी दिलाएंगे। वहीं जिले में भी लगातार हो रहे हिन्दुओं के अवैध धर्म परिवर्तन के विरोध में उन्होंने इसकी शुरूआत मंगलवार से करते हुए रैली लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। शांतिपूर्ण ढंग से किए गए इस विरोध प्रदर्शन के दौरान दल के कार्यकर्ताओं ने क्रिसमस पर बच्चों को सेंटा क्लॉस बनाए जाने पर नाराजगी जताई।

## अमृता अस्पताल में पार्किंसंस डिजीज से पीड़ित की सफल सर्जरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



अमृता अस्पताल के न्यूरो साइंसेज विभाग ने ओडिशा सरकार के पीडब्ल्यूडी विभाग से सेवानिवृत्त 65 वर्षीय सिविल इंजीनियर की पार्किंसंस डिजीज के लिए डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) सर्जरी सफलतापूर्वक की।

छह घंटे तक चली इस सर्जरी में मरीज के दिमाग में इलेक्ट्रोड लगाए गए, ताकि कुछ कोशिकाओं और रसायनों को उत्तेजित करने के लिए विद्युत आवेगों का उत्पादन किया जा सके। उत्तेजना की मात्रा को ऊपरी छाती में त्वचा के नीचे रखे पेसमेकर जैसे उपकरण द्वारा नियंत्रित की गई। डॉक्टरों के मुताबिक, सर्जरी पार्किंसंस रोग से जुड़े लक्षणों को कम करने और रोगी के जीवन में काफी सुधार करने में मदद करेगी। इस सफल सर्जरी का नेतृत्व डा. आनंद बालासुब्रमण्यम (न्यूरोसर्जरी), डॉ. संजय पांडे (न्यूरोलॉजी) और डॉ. गौरव कक्कड़ (न्यूरो.एनेस्थीसिया) द्वारा किया गया। अमृता अस्पताल फरीदाबाद के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. संजय पांडे ने कहा कि मरीज पिछले 15 वर्षों से पार्किंसन बीमारी से जूझ रहा था, हाथों में लगातार झटके के कारण उसके लिए रोजमर्रा के काम करना बेहद मुश्किल हो रहा था। अमृता अस्पताल पहुंचने से पहले मरीज कई दूसरे अस्पतालों में अपने इलाज के लिए जा चुका था। उनकी स्थिति को ध्यान में रखते हुए, हमने मरीज को डीप ब्रेन स्टिमुलेशन सर्जरी की सलाह दी।

इस प्रोसीजर में दो स्टेप शामिल थे, पहला जागृत अवस्था में मरीज के मस्तिष्क के बायलेटरल सब थैलेमिक न्यूक्लियस में इलेक्ट्रोड डाले गए। दूसरे चरण में, मरीज को जनरल एनेस्थीसिया देकर इलेक्ट्रोड को उसके बाएं ऊपरी छाती में रखी बैटरी से जोड़ा गया। सर्जरी के बाद मरीज की हालत बेहतर है और अब वो पहले से सामान्य जीवन जी सकता है। मरीज एक मध्यमवर्गीय परिवार से है और ओडिशा सरकार का पेंशनभोगी है। मरीज ने सर्जरी के बाद कहा कि मुझे पता था कि पार्किंसंस रोग का कोई इलाज नहीं है और यह समय के साथ बदतर होता जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मॉडर्न दिल्ली पब्लिक स्कूल में मनाय गया वार्षिकोत्सव



फरीदाबाद। मॉडर्न दिल्ली पब्लिक स्कूल, ग्रेटर फरीदाबाद की भव्य रंगभूमि में वर्ष 2022 का वार्षिकोत्सव सह प्रतिभाशाली विद्यार्थी अलंकरण समारोह चरणबद्ध रूप में आयोजित किया। प्रतिभाशाली विद्वानों और पथप्रदर्शकों का घर, मॉडर्न दिल्ली पब्लिक स्कूल 21वीं सदी के कुशल, मुखर और आत्मविश्वास से भरे वैश्विक नागरिकों को तैयार करने में विश्वास करता है। मंत्रमुग्ध करने वाले प्रदर्शनों की श्रृंखला के साथ तीव्र सर्दी को अप्रभावी करने वाले वार्षिकोत्सव के द्वितीय दिवस सोमवार 19 दिसबंर, 2022 को छठी से बारहवीं कक्षा की इंद्रधनुषी प्रतिभाओं का मोरपंखीय स्वरूप देखा गया। मुख्य अतिथि डॉ. संजीव सिंह, चिकित्सा निदेशक, अमृता अस्पताल, फरीदाबाद, का निदेशक प्राचार्य डॉ. उदय वर्मा द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक शानदार श्रद्धांजलि देते हुए स्कूल की गायन मंडली द्वारा 'नमो नमो' की शक्तिशाली प्रस्तुति ने तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। स्कूल पत्रिका 'उड़ान-द फ्लाइट टू द फ्यूचर' का विमोचन करते हुए डॉ. वर्मा ने सम्मानित अतिथियों के साथ विभिन्न आयु समूह के छात्रों के साहित्यिक कौशल का अनावरण किया, जिसमें आशा, साहस, नेतृत्व और हास्य जैसे विभिन्न विषयों पर, कविताएं कहानियां और लेख सम्मिलित थे। विद्यालय के वार्षिक तथ्यावलोकन के अन्तर्गत कक्षा बारहवीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम, आईआईटी, ट्रिपल आईटी., एनआईटी, एआईआईएमएस, नीट, केवीपीवाई एवं खेल जगत के उत्कृष्ट प्रदर्शन की जानकारी दी गई।

### गला दबाकर अपनी पत्नी की हत्या करने वाला गिरफ्तार

फरीदाबाद। एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने डबुआ एरिया में आरोपी द्वारा 18 दिसम्बर को छोटी-सी कहासुनी को लेकर गला दबाकर हत्या के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम शिवम (38) है। आरोपी उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव नाहा का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को डबुआ एरिया से गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। आरोपी के खिलाफ हत्या की धाराओं में मृतिका के पिता जसवंत की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। मृतिका के शव का बीके अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है। आरोपी 2 दिन के पुलिस रिमांड पर है पुछताछ जारी है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

### नवनिर्वाचित प्रधान समेत सदस्यों का किया स्वागत

फरीदाबाद। फरीदाबाद बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान राजेश बैंसला, महासचिव ओम दत्त शर्मा, उप प्रधान संजय गुप्ता व उनकी पूरी टीम का रचित गोयल एडवोकेट एवं समस्त अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। मौके पर रचित गोयल ने नवनिर्वाचित प्रधान राजेश बैंसला को बार की समस्याओं से अवगत करवाया। राजेश बैसला प्रधान ने सभी अधिवक्तागण को आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का जल्दी से जल्दी समाधान किया जाएगा और अधिवक्ताओं के मान सम्मान में कभी भी कोई कमी नहीं आने देंगे तथा नए युवा अधिवक्ताओं के उत्थान के लिए विशेष कोशिश की जाएगी। जेपी अधाना, एनके गर्ग, ओपी शर्मा, नरेंद्र अत्रि, रघुवेश सिंगल, महेंद्र गर्ग, जितेंद्र सिंगला, दीपक गुप्ता,अनिल गुप्ता, लक्की सिंगला, अंकित मित्तल, अमित सेन, तरुण गुप्ता, रमेश गोयल, अनिल पाराशर, मनीष नागर, संजय दीक्षित, रामवीर भाटी, कुलदीप अधाना, मनीष शर्मा प्रेमचंद सैनी, सरफराज खान, एजाज खान, गजेंद्र दीक्षित एवं सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।


### खजाना कार्यालय में लगाया नई पेंशन योजना अपडेशन कैंप

फरीदाबाद। जिला खजाना अधिकारी संजय सिंह छौकर ने बताया है कि कार्यालय में नई पेंशन योजना अपडेशन का कैंप आयोजन किया गया है। जिसकी जानकारी अखबार व प्रशासनिक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सभी डीडीओ को पूर्व ही दे दी गई थी। अत: 20 दिसंबर मंगलवार को बहुत से कार्यालयों ने इस कैंप में बढ़-चढ़ कर भाग लिया व अपने कर्मचारियों का ब्योरा खजाना कार्यालय में जमा करवाया। खजाना कार्यालय में 749 NPS detail फार्म प्राप्त हुए व 250 फार्म द्वारा दी गई जानकारी संबंधित कर्मचारी के खाते में अपडेट कर दी गई है अत: जो डीडीओ अपने कर्मचारी का ब्योरा जमा करने से रह गये है वह अगले दो दिन तक अपना रिकार्ड खजाना कार्यालय फरीदाबाद में जमा करा सकते हैं।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और विचार रहते हैं: डॉ. कांत

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में मंगलवार को विशाल नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर एवं स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन लायंस क्लब फरीदाबाद ग्रेटर व डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र फरीदाबाद के सहयोग से अग्रवाल महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस इकाइयों के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में महाविद्यालय के 137 शिक्षक, गैर-शिक्षक व छात्रों ने नेत्रों, मधुमेह व रक्तचाप की जांच कराई। स्वास्थ्य वार्ता ने मंच का संचालन महाविद्यालय की यूथ रेडक्रॉस की काउंसलर पूजा ने किया। महाविद्यालय के रेडक्रॉस के कोऑर्डिनेटर व इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने आए हुए अतिथियों का मौखिक स्वागत किया व यूथ रेडक्रॉस के मोटो स्वास्थ्य, सेवा व मित्रता का सत्यापन करने के लिए वर्ष भर में होने वाली गतिविधियों से सभी को अवगत कराया, उन्होंने बताया कि पहला सुख निरोगी काया होता है और इसीलिए प्राचार्य जी के निर्देशन से समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी जांच शिविर में वार्ताएं कराई जाती हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने अपने संबोधन में कहां की यूथ रेड क्रॉस में हमारा महाविद्यालय स्वास्थ्य, सेवा, मित्रता के साथ-साथ पर्यावरण का भी विशेष ध्यान रखते हैं।

### मांगों को लेकर बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



फरीदाबाद। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के सेक्टर-23 सर्कल फरीदाबाद कार्यालय पर सर्कल सचिव कर्मबीर यादव की अध्यक्षता में आउटसोर्सिंग पर बिजली निगम में कच्चे कर्मचारियों की मांगों को लेकर हरियाणा कर्मचारी महसंघ से संबंधित हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्ज यूनियन ने अपना जबरदस्त प्रदर्शन किया। जिसमें फरीदाबाद सर्कल के सभी बिजली कर्मचारियों ने एचएसईबी वर्कर्ज यूनियन के बैनरतले जोरदार विरोध प्रदर्शन कर डीएचबीवीएन सर्कल फरीदाबाद के अधीक्षण अभियन्ता नरेश कुमार कक्कड़ को निगम मैनेजमेंट के नाम से यूनियन की ओर से विरोध पत्ररूपी अपने मांग पत्र का एक ज्ञापन सौंपा। जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन के इस अवसर पर एचएसईबी वर्कर्ज यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील खटाना मौजूद रहे। जिन्होंने कहा, कि प्रदेश में लगे अनुबन्ध यानी आउटसोर्सिंग रूप से लगे बिजली कर्मचारियों का आंकड़ा लाभगग 18 हजार के तकरीबन है। जो पिछले काफी समय से ठेकेदारी प्रथा के मार्फत बिजली निगम के संरक्षण में अपना काम बखूबी के तौर पर करते आ रहे हैं। जो लगभग पिछले पांच वर्षों से अधिक करीबन पंद्रह से बीस वर्ष के कार्यकाल अनुरूप अपनी सेवाएं आपमजन में बिजली निगम के अधीन दे रहे हैं। विरोध कार्यक्रम के मौके पर फरीदाबाद सर्कल से भारी संख्या में कर्मचारी आक्रोशित होते हुए बिजली निगम मैनेजमेंट और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

# फुटबाल विश्व कप

## लोमहर्षक फाइनल

**फुटबाल** विश्व कप फाइनल वैसे तो साधारण मैच लग रहा था, लेकिन इसकी लोमहर्षक समाप्ति ने दर्शकों में उत्तेजना भर दी। पहले 80 मिनट 2022 फीफा विश्व कप फाइनल लगभग एकपक्षीय मैच लग रहा था। केवल अर्जेन्टीना ने आक्रामक भावना प्रदर्शित की, जबकि पूर्व चैम्पियन फ्रांस ने कुछ ही चमत्कार दिखाए। अर्जेन्टीना आक्रामक था, जबकि फ्रांस मुख्यत: गोल बचा रहा था। हालांकि, वह इसमें भी बहुत सफल नहीं रहा क्योंकि अर्जेन्टीना दो गोल करने में सफल रहा। अगले 10 मिनट तक लगा कि दो गोल का अंतर पाटना कठिन है। थोड़ी ही देर में लगा कि दक्षिण अमेरिकन देश 36 साल बाद विश्व कप पर कब्जा कर लेगा। ऐसे में आशंका थी कि कोई चमत्कार ही फ्रांस को फिर से अच्छी स्थिति में ला सकता है। लेकिन जीवन और राजनीति की तरह फुटबाल में भी चमत्कार होते हैं। फ्रांस को एक पेनल्टी किक मिली जिसे उनके स्टार खिलाड़ी कीलियान एमबापे ने बिना किसी गलती के गोल में बदल दिया। इससे उम्मीद की किरण पैदा हुई। कुछ ही मिनट में एमबापे ने फिर सफलता प्राप्त की और आश्चर्यजनक ढंग से गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। यह प्रकाश की एक किरण के रूप में था जिसने कुछ समय तक दक्षिण अमेरिकनों को लगभग हतप्रभ कर दिया और खेल को अतिरिक्त समय देना पड़ा। मेस्सी के जादू ने अतिरिक्त समय में काम दिखाया। अर्जेन्टीना के कैप्टेन ने एक ओर गोल कर अपनी जीत लगभग पक्की कर ली, लेकिन एमबापे भी कम नहीं ठहरे और उन्होंने एक गोल कर फिर अपनी टीम को बराबरी दिला




दी। पेनल्टी शूटआउट में एमबापे ने सफल शुरुआत की है। एक कमेंटेटर ने कहा कि उस दिन उन्होंने कोई गलती नहीं की। लेकिन दो अन्य फ्रांसीसी खिलाड़ी गोल करने में विफल रहे। इस प्रकार हर दृष्टिकोण से विश्व कप फाइनल एक 'थ्रिलर' व 'रोलरकोस्टर' जैसा रहा जिसने दर्शकों तथा टीवी पर मैच देख रहे लाखों लोगों को उत्तेजित रखा। इस प्रकार जो मैच अधिकांश समय तक साधारण फुटबाल मैच लग रहा था वह एक अविस्मरणीय मुकाबला सिद्ध हुआ, न केवल खिलाड़ियों, बल्कि बाकी दुनिया के लिए भी। फुटबाल को अक्सर शायद इसलिए सुंदर खेल कहा जाता है क्योंकि यह जीवन के बहुत निकट होता है। शायद यही कारण है कि फ्रांस के प्रतिष्ठित साहित्यकार व नोबेल पुरस्कार विजेता एल्बर्ट कामस ने कहा था, 'नैतिकता और मनुष्य की जिम्मेदारियों के बारे में मैं जो कुछ भी जानता हूं उसका श्रेय मैं फुटबाल को देता हूं।' जीवन में ऐसे समय आते हैं जब लगता है कि सब कुछ व्यवस्थित है और तभी कुछ ऐसा अच्छा या बुरा होता है कि सब कुछ अव्यवस्थित हो जाता है। हालांकि, भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता बहुत अधिक है, पर हर चाल पर विश्व कप होने के समय फुटबाल लोकप्रिय हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इस खेल में दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने विश्व कप जीतने पर लियोनेल मेस्सी व उनकी टीम को बधाई दी है। उसी दिन मेघालय में एक आयोजन में उन्होंने कहा कि भारत भी फीफा विश्व कप जैसा आयोजन करेगा। यह न केवल उस खेल के लिए बहुत अच्छा रहेगा जिसे भारत में ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली है, बल्कि यह अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत अच्छा होगा। खेल आज बिजनेस है जिससे संपदा व रोजगार का सृजन होता है, समृद्धि का विस्तार होता है तथा सरकारी खजाने को इसका लाभ मिलता है। क्रिकेट की इंडियन प्रीमियर लीग तथा अन्य खेल आयोजन इसके प्रमुख उदाहरण हैं। लेकिन इसके लिए कुछ पूर्व-शर्तें भी हैं जिनमें खेल संस्थाओं की उत्कृष्टता व उनकी तेज प्रगति सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। आल इंडिया फुटबाल फेडरेशन का दृष्टिकोण इस मामले में बहुत संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, कहा जाता है कि अगले 25 साल को ध्यान में रख कर इसके पुनर्गठन का रोडमैप बनाया जा रहा है। उम्मीद करनी चाहिए कि भारत को भी विश्व कप में खेलने का अवसर मिलेगा।संभावित विसंगतियां दूर कर जनता के सामने स्पष्ट तस्वीर रखनी चाहिए।

# मराठवाड़ा में बाल विवाह का प्रकोप

सामाजिक व आर्थिक ढांचा उस दुष्चक्र का मूल कारण है जिसके चलते बाल-विवाह का प्रचलन जारी रहता है। मराठवाड़ा का अध्ययन यही सिद्ध करता दिखता है।



**ज्ञानेश्वर जाधावार**
(लेखक शोध छात्र हैं)



महाराष्ट्र के बीड जिले के गांव जीवाची वाड़ी की संगीता आठवीं कक्षा में पढ़ रही थीं जब उनके पिता ने खराब आर्थिक स्थितियों के कारण उनका स्कूल से नाम कटवा दिया। कुछ साल बाद जब वे 16 साल की होने वाली थीं, उनका विवाह कर दिया गया। कक्षा सात के बाद पढ़ाई छोड़ने वाले उसकी पति की आयु भी 17 साल थी जो कामकाज में अपने पिता की सहायता करते थे। वे गन्ना काटने में अपने माता-पिता की सहायता करते थे। विवाह के बाद उनके परिवार को काम करने वाले दो और लोग मिले और वे चार हो गए। धीरे-धीरे उनके माता-पिता ने उनको अलग घर दे दिया और वे 26 साल की आयु में वैवाहिक जीवन की जिम्मेदारियां संभालने लगे। उनके एक बच्चा हो गया जिससे उनकी पहले से ही दयनीय आर्थिक स्थिति और खराब हो गई। इसके साथ ही संगीता के पति को शराब पीने की लत लग गई। वैवाहिक जीवन के 6 महीने बीतते ही उनके सामने हर मोड़ पर नई चुनौतियां आने लगीं। जब दोनों गन्ने के खेतों से गांव लौटते तो उनके भीतर सारी ऊर्जा समाप्त हो चुकती थी। संगीता के पति ब्याज पर अथवा इस वादे पर कर्ज लेने लगे कि अगले साल गन्ना कटाई के मौसम में भुगतान कर देंगे। लेकिन उनका अधिकांश कर्ज शराब की भेंट चढ़ने लगा। जब उनकी जिन्दगी की गाड़ी किसी तरह घिसट रही थी तभी उनके दो बच्चे और हो गए। इस प्रकार केवल 20 वर्ष की आयु में संगीता तीन बच्चों की मां बन गई। जल्दी-जल्दी गर्भ तथा कठोर शारीरिक श्रम के कारण वह अक्सर बीमार रहने लगी और उसका स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया।

उसी जिले के वंजरवाड़ी गांव की उषा का जीवन बिल्कुल अलग था। उसके माता-पिता ने उसका विवाह एक जमींदार परिवार में उस समय तय किया, जब वह नवीं कक्षा में पढ़ती थी। लेकिन अपने माता-पिता की इच्छा का विरोध करते हुए उसने स्कूल में उनकी शिकायत कर दी। उसकी शिकायत पर ध्यान देकर शिक्षकों ने उसकी शिकायत पुलिस को भेज दी। उषा के माता-पिता को हिरासत में ले कर इस शर्त पर छोड़ा गया कि वे अपनी बेटी का विवाह नहीं करेंगे। इसके परिणामस्वरूप माता-पिता उस पर अत्याचार करने लगे। उसे दो दिन भूखा रखा गया। लेकिन इसके बावजूद वह झुकी नहीं। उसने घर छोड़ दिया और स्कूल में ही रहने लगी। शिक्षकों ने उसके संरक्षक की भूमिका निभाई तथा उसकी आर्थिक सहायता भी की। उन्होंने उसके माता-पिता को भी समझाया और आखिरकार वे उसकी पढ़ाई जारी रखने पर सहमत हो गए। उसने दसवीं कक्षा में 74 प्रतिशत तथा बारहवीं में 80 प्रतिशत नंबर पाए। उसे शिक्षाशास्त्र में डिप्लोमा करने का अवसर मिला जिससे वह बाद में प्राइमरी स्कूल में शिक्षक बन गई। उसने अपने एक शिक्षक साथी से विवाह का फैसला किया। आज वह 25 साल की तथा एक बच्चे की मां है। उषा ने बताया, 'शिक्षित होने के कारण मैं अपना बाल विवाह रोक सकी और आज मैं काम कर रही हूं।' संगीता जैसी अनेक लड़कियां मिलती हैं, पर उषा जैसी लड़की खोजना कठिन है। ग्रामीण भारत में अधिकांश लड़कियों के लिए अपने माता-पिता की इच्छा का विरोध कर पढ़ाई जारी रखना तथा अपनी पसंद से विवाह करना संभव नहीं है। संगीता के माता-पिता भयानक आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं और इसी कारण उन्होंने लड़की का जल्दी विवाह कर दिया। ऐसे में लड़की को पढ़ाना तथा उसका खाते-पीते परिवार में विवाह करना खर्चीला है। इसलिए उन्होंने अपनी बेटी की शादी गन्ना काटने वाले परिवार में की। विवाह के समय संगीता के माता-पिता अपनी बेटी के विकास की चिन्ता नहीं कर सकते थे। ग्रामीण भारत में आम सोच यह है कि लड़की का विवाह करना उसकी जिम्मेदारियों से मुक्ति पाना है। लेकिन स्वतंत्रता के बजाय संगीता आर्थिक, भावनात्मक, भौतिक व सामाजिक गुलामी में जकड़ गई जिससे मुक्ति लगभग असंभव थी। यदि वह कठोर परिश्रम करती तो भी जीवन संवारना उसके लिए कठिन था। जब तक अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की उसकी प्रतिबद्धता न हो, उसके परिवार की स्थिति नहीं सुधरेगी और इस प्रकार वह कई पीढ़ियों तक बाल विवाह की जकड़बंदी का शिकार बनेगी। संगीता की स्थिति को केवल गरीबी से जोड़ना पूरी तरह उचित नहीं होगा क्योंकि मराठवाड़ा की सामाजिक संरचना तथा जातीय मानक भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। माता-पिता को डर होता है कि विवाह के पहले उनकी बेटियां अपना कौमार्य खोकर 'चरित्र खराब कर लेंगी' अथवा इससे भी बुरी बात है कि वे प्रेम में पड़ कर किसी लड़के के साथ भाग जाएंगी और परिवार की बदनामी व अलगाव का कारण बनेंगी। इसके उलट लड़कों के लिए 30 या 35 साल की आयु में भी विवाह करना बुरा नहीं माना जाता है। मराठवाड़ा में लड़कियों के जल्दी विवाह का कारण सूखी धरती भी है। पानी का भयंकर संकट कृषि तथा आर्थिक विकास में बाधा है। यदि पानी उपलब्ध होता तो कृत्रिम झीलें बनाई जा सकती थीं, गरीब परिवारों को आर्थिक साधन दिए जा सकते थे और वे अपने बच्चों को पढ़ा सकते थे। इससे बच्चे भी उचित सूचनाओं के आधार पर अपने विवाह का निर्णय कर सकते थे। इससे सचमुच बाल विवाहों पर लगाम लग सकेगी। इसके अतिरिक्त अनेक अन्य कारण भी समस्या के जिम्मेदार हैं। इनमें सामाजिक अस्थिरता, आर्थिक वंचना, शिक्षा की कमी, प्रतिगामी सोच, धर्म व जाति के परंपरागत बंधन, सामाजिक-आर्थिक स्थितियां, गन्ना काटने वाले कामगारों का गन्ना फैक्ट्रियों व उनके स्वामियों द्वारा शारीरिक उत्पीड़न, प्राकृतिक संसाधनों का अभाव, सूखे के संकट से ग्रस्त जमीनें, बरसात की कमी, राजनेताओं की निष्क्रियता तथा राज्य की राजनीति की कमियां भी शामिल हैं। ये सभी मराठवाड़ा में बाल विवाह के जिम्मेदार हैं।

गंभीर विचार करने से स्पष्ट होगा कि महाराष्ट्र में कामगार वर्ग का 54 प्रतिशत हिस्सा अशिक्षित है तथा वे गन्ना काटने के लिए पश्चिमी महाराष्ट्र, कर्नाटक व गुजरात जाते हैं। इसलिए उनके बच्चे 6 महीने स्कूल में तथा बाकी 6 महीने गन्ने के खेतों में बिताते हैं। परिणामस्वरूप उनकी शिक्षा बाधित होती है, अज्ञान का दुष्चक्र तथा बाल विवाह का दुष्चक्र जारी रहता है। कोविड-पश्चात दुनिया में मराठवाड़ा में बाल विवाहों की बढ़ती संख्या पर उपलब्ध डेटा एक खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत देते हैं। यदि हम बाल विवाह समाप्त करना चाहते हैं तो हमें कुछ समाधानों के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करनी होगी। व्यापक सामाजिक परिदृश्य पर चर्चा तथा सामुदायिक मुद्दों के प्रति निरंतर जागरूकता जरूरी है। स्कूलों, कालेजों व अन्य संगठनों को बाल विवाह समाप्त करने के कार्यक्रम क्रियान्वित करने चाहिए। इसके लिए यह भी जरूरी है कि राज्य बाल विवाह समाप्त करने वाले कार्यक्रमों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट करे।

मीडिया को निरंतर व पूरी संवेदनशीलता के साथ इन मुद्दों तथा सामुदायिक विकास पर खबरें देनी चाहिए। नीतियों को कौशल-आधारित शिक्षा पर केन्द्रित होना चाहिए जिनमें एग्रो-बिजनेस, दूध का बिजनेस, मुर्गी व बकरी पालन, एलेक्ट्रानिक उपकरणों की मरम्मत, फैशन डिजाइनिंग, मैकेनिक ट्रेनिंग, आदि शामिल हैं ताकि नौजवानों को रोजगार दिलाया जा सके। बुद्धिजीवी वर्ग को विरोध करते हुए ऐसे मुद्दों पर एक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। सर्वाधिक महत्वपूर्ण है कि गन्ना काटने वाले किसानों को केवल 'वोटबैंक' के रूप में देखने के बजाय सत्तारूढ़ पार्टी को चुनावों के दौरान बाल-विवाह को समाप्त करना अपने राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाना चहिए। सत्ता में आने पर राजनीतिक पार्टियों को ऐसी नीतियां लागू करनी चाहिए जिनसे बाल विवाह समाप्त हो सकें।

सामाजिक व आर्थिक संरचना उस दुश्चक्र का मूल कारण है जिसके चलते संगीता के परिवार जैसे परिवार पीढ़ी-दर पीढ़ी बाल-विवाह में फंस जाते हैं। यह दुष्चक्र समाप्त करने के लिए हमें पूरी प्रतिबद्धता से काम करते हुए बाल विवाह समाप्त करने में सरकार की सहायता करनी चाहिए। अनेक गैर-सरकारी संगठन-एनजीओ सरकार के साथ मिल कर इस समस्या को संबोधित करने के लिए काम कर रहे हैं। लेकिन सभी क्षेत्रों में सामूहिक कार्य के साथ सरकार को ऐसी समग्र नीतियां बनाने में सहायता की जरूरत है जिनसे बाल विवाह की विभीषिका समाप्त हो सके।

# चीन का भारत-विरोधी एजेंडा

**बृजेंद्र सिंह पंवार**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों की हालिया झड़प एक बार फिर राजनीतिक गरमाने का माध्यम बनी है। जहां सरकार की ओर से रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री तथा सेना ने अपनी ओर से बयान जारी कर स्पष्ट किया है कि तवांग में घुसपैठ करने वाले सभी चीनियों को भारतीय सैनिकों ने वापस अपने स्थान पर जाने को मजबूर किया है, वहीं विपक्ष इस विषय पर लगातार संसद में व्यापक चर्चा की मांग कर रहा है। हालांकि, तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों की झड़प से खतरे की घंटी बजनी चाहिए। ऐसा लगता है कि चीनी एक ऐसी योजना पर काम कर रहे हैं जिसके भू-राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं। अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में तवांग से 35 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में यांग्स्ते में नियंत्रण रेखा (एलएसी) के विवादित हिस्से में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच 9 दिसंबर की झड़प की घटना ने एक बार फिर दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव की स्थिति को सामने ला दिया है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 300 से अधिक सैनिकों ने तवांग सेक्टर में एलएसी के करीब उन भारतीय सैनिकों का टकराव झेला, जिन्होंने 'दृढ़ और पुख्ता तरीके से' इस कार्रवाई का मुकाबला किया, इससे दोनों पक्षों के कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में दिए बयान में स्पष्ट कहा कि भारत के किसी भी सैनिक को न गंभीर चोट आई और न कोई सैनिक शहीद हुआ है।

सकारात्मक बात यह है कि घटना के बाद दोनों पक्ष तत्काल क्षेत्र से अलग हो गए और दोनों सेनाओं के एरिया कमांडरों ने शांति और सुकून बहाल करने वाली सेना के प्रोटोकॉल के अनुसार इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए एक फ्लैग मीटिंग की। इससे पहले, 2021 में, भारत ने तवांग के उसी यांग्स्ते क्षेत्र में एक और बड़ा टकराव देखा था, जब चीनियों ने 17,000 फुट ऊंची चोटी तक पहुंचने का प्रयास किया था, जो एलएसी के दोनों ओर एक कमांडिंग व्यू प्रदान करती है, लेकिन भारतीय सैनिकों ने उनका सामना किया। चोटी और अपनी ओर से उसके पहुंच मार्गों पर भारत का पूरा नियंत्रण है। तवांग भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के सबसे महत्वपूर्ण जिलों में से एक है जिसका भारत के लिए भू-सामरिक महत्व है।

इसे भारत की दुखती रग माना जाता है। चीन इसे दक्षिण तिब्बत बताता है। इसलिए, क्षेत्रीय सीमांकन के इस विवाद ने भारत और चीन के लिए भू-राजनीतिक प्रभाव को जन्म दिया है।



हालांकि, भारत में, मोनपा, मूल निवासी स्पष्ट रूप से कहते हैं कि वे तिब्बत के साथ सीमा साझा करते हैं, न कि चीन के साथ। हाल की घटना ने 12 साल के अंतराल उपरांत पिछले महीने तवांग की मेरी यात्रा की सुखद यादें ताजा कर दीं। 2012 में तवांग की मेरी पिछली यात्रा, तेजपुर से लगभग 15 घंटे की कठिन यात्रा थी। अधिकांश सड़क ढीली डामर और बजरी थी जो कई जगहों पर टूटी फूटी थी। इस बार, यह एक अच्छी तरह से बनी हुई पक्की सड़क पर 12 घंटे की एक सुखद, सुंदर यात्रा थी, जो बोमडिला दर्रा 2,438 मीटर (8,000 फीट) को पार करते हुए, सेला पास 4,176 मीटर (13,700 फीट), जसवंत गढ़, जंग और अंत में, तवांग तक पहुंची थी। तवांग का खूबसूरत नगर, राज्य की राजधानी ईटानगर से 448 किमी उत्तर-पश्चिम में 3,048 मीटर (10,000 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। यह तवांग चू नदी घाटी के उत्तर में स्थित है, जो चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगभग 16 किमी दक्षिण में स्थित है। एक समय, नगर पश्चिम कामेंग जिले के जिला मुख्यालय के रूप में कार्य करता था। 1989 में, सेला पास के उत्तर में वर्तमान तवांग जिले को एक अलग जिले के रूप में विभाजित किया गया था और मोनपा लोगों द्वारा बसाया गया था। यह विश्व प्रसिद्ध तवांग मठ के लिए प्रसिद्ध है, जिसकी स्थापना 1681 में 5वें दलाई लांबा, न्गावांग लोबसंग ग्यात्सो की इच्छानुसार मरक लामा लोद्रे ग्यस्तो ने की थी। इसके नाम के जुड़ी एक दिलचस्प किंवदंती है। 'त' का अर्थ है घोड़ा और 'वांग'\ का अर्थ है 'चुना हुआ'। तो, तवांग शब्द का अर्थ है घोड़े द्वारा चुना गया। जैसा कि लोकप्रिय किंवदंती है, माना जाता है कि मठ को मेरा लामा लोड्रे ग्यात्सो के स्वामित्व वाले घोड़े द्वारा चुना गया था। छठे दलाई लामा, त्सांगयांग ग्यात्सो का जन्म तवांग में हुआ था। इसके सांस्कृतिक और राजनीतिक महत्व को देखते हुए चीन तवांग पर अपना दावा करता है। तवांग के इतिहास को देखते हुए, यह ऐतिहासिक रूप से तिब्बत के नियंत्रण में था और तवांग क्षेत्र को 'मोन्युल' के रूप में संदर्भित किया जाता है, जो 'मोनपा जनजाति' द्वारा बसा हुआ है, जो कई शताब्दियों पहले तिब्बत के मध्य और दक्षिण पूर्वी हिस्सों से चले गए थे। मोन्युल पर साहित्य समीक्षा का स्रोत तिब्बती ऐतिहासिक कैटलॉग और तिब्बती बौद्ध ग्रंथों में भरपूर है। मोन्युल को तिब्बती शब्दावली में चंद्रमा की भूमि, 'निचली भूमि' के रूप में जाना जाता है। इसे कई तिब्बती साहित्य में ल्हो मोन के रूप में भी जाना जाता है। ल्हो का अर्थ तिब्बती में दक्षिण है और मोन क्षेत्र के निवासियों को संदर्भित करता है। सिक्किम और भूटान राज्य जैसी अलग-अलग भू-राजनीतिक संस्थाओं के रूप में उभरने से पहले, तिब्बत ने पूरे दक्षिण भू-भाग को ल्हो मोन के रूप में संदर्भित किया। मोन्युल के भौतिक भूगोल को उत्तर में बोम-ला द्वारा रेखांकित किया गया था, जिसने सोना और असम के भारतीय मैदानों को दक्षिणी सीमा के रूप में सीमांकित किया था। ऐसा माना जाता है कि क्षेत्र की लंबाई को मापने के लिए लगभग 15 दिनों की घुड़सवारी और चौड़ाई में सवारी करने के लिए दो या तीन दिन लगते थे। 16वीं शताब्दी के मध्य में, तिब्बतियों ने भौतिक भूगोल की दूरी को घोड़े की सवारी से मापा क्योंकि क्षेत्र के आकार और प्रकार की भौगोलिक स्थिति का सर्वेक्षण करने के लिए कोई वैज्ञानिक तकनीक नहीं थी।

मोन्युल खनिज, जंगल और पानी जैसे प्राकृतिक संसाधनों से बहुत समृद्ध था। यहां पांच प्रमुख नदियां हैं – नी शांग चू, पंग मा चू, तवांग चू, पांग नांग चू और रोंग नांग चू जो अभी भी असम के मैदानी इलाकों में लाखों लोगों के लिए एक रेखा के रूप में काम करती हैं। यह वनस्पतियों और जीवों से समृद्ध था और इसके निवासी खेती और आजीविका के अन्य साधनों के लिए नदी के किनारे बस गए थे।

## आप की बात

### सूचना का अधिकार

**सरकार** से पर्याप्त धन प्राप्त करने वाले कई निकायों के साथ-साथ सभी सरकारी विभागों को आरटीआई मुद्दों के तहत लाया गया है। इस अधिनियम की सुंदरता इसकी सादगी है। लेकिन, कुछ राज्यों में जटिल प्रारूप या नियम लोगों के लिए बाधा उत्पन्न करते हैं। सूचना आयोगों में बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं, जिसका अर्थ है कि अपील और शिकायतें लंबित रहती हैं। अप्रशिक्षित कर्मचारी और जन सूचना अधिकारियों (पीआईओ) का असहयोगी समूह, कई आयुक्त खुलकर अपने राजनीतिक झुकाव का इजहार करते देखे गए हैं। यह याचिकाकर्ताओं के बीच पक्षपात की भावना पैदा करता है। अधिनियम के अंतर्गत सभी संस्थानों को शामिल नहीं किया जा रहा है। आरटीआई के बारे में जागरूकता अभी बहुत कम है। जागरूकता का स्तर विशेष रूप से वंचित समुदायों जैसे कि महिला ग्रामीण आबादी, ओबीसी/ एससी/ एसटी आबादी के बीच कम है। आरटीआई शासन के फलने-फूलने के लिए एक मजबूत राजनीतिक व्यवस्था जरूरी है। केंद्रीय और राज्य सूचना आयुक्तों को किसी भी राजनीतिक प्रभाव से दूर रखने के लिए एक आचार संहिता विकसित की जानी चाहिए। प्रशासन की पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए।

**डॉ सत्यवान सौरभ,** हिसार

### वैचारिक अवसरवाद

**हाल** फिलहाल जैसा देश के सोशल मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का माहौल है उसे देखकर लगता है कि देश में कोई तयशुदा मापदंड नहीं है। कुछ लोग हिजाब के समर्थन में भी हैं और नग्नता के भी। जो लोग हिजाब का समर्थन करते दिखाई देते हैं, वही पठान फ़िल्म के नग्न प्रदर्शन को उचित भी ठहरा रहे हैं। ऐसे में एक़ देश, एक़ विधान और एक़ प्रधान का नियम ही समयानुकूल लगता है। जो लोग बॉलीवुड फिल्मों के नग्न प्रदर्शन के साथ हैं वही हिजाब के साथ भी रहेंगे तो सवाल उठने लाजमी हैं, घूँघट के विरोधी लोग हिजाब के समर्थन में आएंगे तो बातें होंगी ही, इसलिए समाज के लिए आवश्यक हो जाता है कि वो एकतरफा हो जाए, फिल्मों में कश्मीर से आयी एक़ लड़की के लिए फतवा और पठान फ़िल्म की एक अदाकारा का समर्थन दोहरी मानसिकता और दोहरे मापदंड का परिचायक है, जरुरी है कि कोई बीच का रास्ता निकले। और समुदाय देखकर निर्णय न हो, या तो सब का बेपर्दा होना ठीक है या सबका पर्दे में रहना। समाज और सरकार मिलकर निर्णय करें और सबके लिए एक़ ही क़ानून बने। जो पालन न करे उसके लिए कठोर दंड का प्रावधान हो।

**मनोज,** मेरठ

### धार्मिक स्वतंत्रता

**दुनिया** भर में धार्मिक स्वतंत्रता की निगरानी का जिम्मा संभाल रहे स्वयं-भू अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग ने 12 देशों को धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने वाले देशों की सूची में डाला है। इस सूची का विरोध इसमें शामिल बड़े देश कर रहे हैं। हालांकि इस रिपोर्ट में आंशिक सच्चाई भी है। चाइना, में आज भी उईगिर मुसलमानों की जो दुर्दशा हो रही है वह किसी से छिपी नहीं है। चाइना मुस्लिमों के साथ काफी वहशियाना व्यवहार करता है उन्हें वहां किसी भी तरह की धार्मिक आजादी नहीं है। उन्हें नमाज तक नहीं पढ़ने दी जाती है, उन्हें दाढ़ी नहीं रखने दी जाती है एवं टोपी तक नहीं लगाने दी जाती है। इसी तरह से पाकिस्तान में विशेषकर हिंदू-सिख के साथ वहशियाना व्यवहार किया जाता है। वहां हिंदू मंदिरों को काफी मात्रा में तोड़ा गया है उन्हें किसी भी तरह से अपने धर्म का पालन नहीं करने दिया जाता है। रिपोर्ट की अनेक बातों का हम समर्थन करते हैं। धार्मिक स्वतंत्रता पर राजनीति के बजाय सारी दुनिया के सभी धर्मानुयाइयों को यह अवश्य मिलनी चाहिए।

**मनमोहन राजावत राज,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**इस** फिल्म-पठान से मुस्लिम समुदाय की भावनायें आहत हुई हैं। हम इसे मध्य प्रदेश समेत भारत में कहीं दिखाने नहीं देंगे।

– **सैयद अनस अली**
मध्य प्रदेश उलेमा बोर्ड अध्यक्ष

**रूस** के पास ऐसी बहुत सी मिसाइले हैं जिनसे वह यूक्रेन पर और बड़ा हमला कर सकता है।

– **वोलोदिमिर जेलेन्स्की**
यूक्रेन के राष्ट्रपति





**केन्द्र** व राज्य सरकारों को जीएसटी आधार बढ़ाने के बारे में विचार करना चाहिए।

– **निर्मला सीतारमण**
वित्त मंत्री

# जापान व दक्षिण कोरिया से यूपी को प्राप्त होगा 75 हजार करोड़ रुपए का निवेश

## पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मुख्यमंत्री को सौंपी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के नेतृत्व में जापान एवं दक्षिण कोरिया गयी टीम रोड-शो एवं बिजनेस डीलिंग करने के बाद बीते सोमवार को मुख्यमंत्री से भेंट कर उन्हें रिपार्ट सौंपी। इन दोनों देशों के प्रमुख औद्योगिक घरानों से भारतीय मुद्रा में 25 हजार 456 करोड़ रुपए के एमओयू पर हस्ताक्षर सम्पन्न कराए गए तथा विदेशी कम्पनियों ने उप्र में उद्योग लगाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



जयवीर सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि फरवरी में उप्र ग्लोबल इन्वेटर्स समिट-2023 से पूर्व दक्षिण कोरिया एवं जापान से 50 हजार करोड़ रुपए का निवेश प्राप्त होने की पूरी सम्भावना है। इस प्रकार कुल लगभग 75 हजार करोड़ रुपए का एमओयू जापान एवं दक्षिण कोरिया और उप्र सरकार के बीच सम्पादित होगा। इस मौके पर पर्यटन मंत्री ने मुख्यमंत्री को जापान से लाया गया एक धार्मिक प्रतीक चिन्ह भेंट किया। जयवीर सिंह न बताया कि जापान एवं दक्षिण कोरिया में रोड-शो के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी के विकास माडल पर विशेष फोकस रहा। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के कम्पनियों को बताया गया कि उप्र की कानून व्यवस्था एवं अवस्थापना सुविधा की विदेशों में सराहना की जा रही है। जयवीर सिंह ने बताया कि प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल, अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद एवं नोएडा विकास प्राधिकरण के अरूण बीर सिंह, पूर्व ड्रग कन्ट्रोलर भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार जीएन सिंह के अलावा अन्य अधिकारी शामिल थे। इस प्रतिनिधि मण्डल ने दक्षिण कोरिया तथा जापान के प्रतिष्ठित कम्पनियों जिसमें कोरिया की इण्डो अमेरिकन फ्रेंड्स फोरम ने सांस्कृतिक संबंधो पर चर्चा के दौरान विशेष रूचि दिखाई। इसके अलावा प्रवासियों के साथ शिक्षा क्षेत्र में निवेश के लिए दक्षिण कोरिया में शिक्षा क्षेत्र में भारतीय प्रवासियों के साथ चर्चा की गई। जयवीर सिंह ने बताया कि रोड-शो एवं बिजनेस डीलिंग के दौरान दक्षिण कोरिया एवं जापान के प्रतिष्ठित कम्पनियों के प्रतिनिधियों को फरवरी में होने वाले यूपीजीआईएस-2023 के लिए आमंत्रित किया गया।

## नये यूपी की अपरिमित क्षमताओं पर देश दुनिया को भरोसा: स्वतंत्र देव

● ऑस्ट्रेलिया-सिंगापुर की यात्रा से लौटे जल शक्ति मंत्री ने किया ट्वीट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नये** यूपी की अपरिमित क्षमताओं पर देश-दुनिया को भरोसा है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी निवेशकों की पहली पसंद बन रहा है। उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिये विदेशी निवेशक तैयार हैं।

मंगलवार को अपने ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर दौरे से वापस लौटे जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ट्वीट करके देश और प्रदेश में बढ़ते विदेशी निवेशकों के भरोसे का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज देश न्यू इंडिया का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों के लिये उत्तर प्रदेश का भयमुक्त औद्योगिक वातावरण, बेहतर होती शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाए, बढ़ता इंफ्रास्ट्रक्चर आकर्षण का बड़ा कारण बना है। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्र रिफार्म, परफार्म, ट्रांसफार्म पर चलते हुए उत्तर प्रदेश आज न्यू इंडिया के ग्रोथ इंजन के रूप मे उभरा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत निवेशकों की पहली पसंद बना है। जल शक्ति मंत्री ने कहा कि यूपी में बढ़ती निवेशकों की रूचि उनके भरोसे का प्रतीक है। योगी सरकार उनके भरोसे पर खरा उतारने के लिये हर संभव प्रयास करने के साथ उनके लिये भयमुक्त व्यापार का माहौल तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि नीदरलैंड, डेनमार्क, सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया फ्रांस, ब्रिटेन और मॉरीशस जैसे कई देशों में यूपी में निवेश करने के लिये उत्साह देखने को मिल रहा है। वो यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आने के लिये लालायित हैं।

## अंतरराज्यीय गिरोह के दो तस्कर गिरफ्तार, 35 लाख मूल्य की चरस बरामद



**लखनऊ।** एसटीएफ ने अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह के 2 सदस्यो को 7 किलोग्राम चरस के साथ रामपुर जिले से गिरफ्तार किया है। बरामद चरस का अंतरराष्ट्रीय बाजार में मूल्य 35 लाख रुपए है। एसटीएफ को सूचना मिली कि मादक पदार्थ की तस्कारी करने वाले गिरोह के दो सदस्य शामली की तरफ से एक बोलेरो से कुछ अवैध सामान लेकर रामपुर से होते हुए बरेली की तरफ से जाएंगे। इस सूचना पर एसटीएफ टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद शाहिद निवासी टेरा पोस्ट कोला, थाना जैदपुर, जिला बाराबंकी और आमिर अहमद निवासी आल कला, थाना कैराना, जिला शामली को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों से की गई संयुक्त पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि यह अवैध मादक पदार्थ चरस को नेपाल के जिला नेपालगंज के गोपाल से लेकर आए थे।

## चीनी मिल गेट व क्रय केंद्रों पर हों शीतलहर से बचाव के पुख्ता इंतजाम

**लखनऊ।** प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने कोहरे एवं ठंड से बचाव के लिए गन्ना किसानों को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश की सभी चीनी मिलों के अध्यासियों को निर्देशित किया है। इसके लिए चीनी मिल गेट एवं वाह्य गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ना लाने वाले किसानों के लिए अलाव, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। गन्ना आयुक्त द्वारा बताया गया कि पेराई सत्र 2022-23 गतिमान है और गन्ना किसानों द्वारा चीनी मिल गेटों एवं वाह्य गन्ना क्रय केंद्रों पर दिन व रात में अनवरत गन्ना आपूर्ति की जा रही है। ठंड हो जाने के कारण प्राय: दिसम्बर से फरवरी के मध्य शीतलहर से किसानों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, इसलिए चीनी मिल गेटों एवं वाह्य क्रय केन्द्रों पर गन्ने की तौल के दौरान अलाव की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। जिससे गन्ना कृषकों को ठंड से राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि चीनी मिल गेट एवं यार्डों पर अलाव की व्यवस्था होने से भीषण ठंड में किसानों को ठिठुरना नही पड़ेगा तथा रात के समय चीनी मिल गेट पर अलाव, चाय, विश्रामग्रह व यार्ड में उचित व्यवस्था आदि होने से गन्ना किसानों को इस ठंड से राहत मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त परिक्षेत्रीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि कृषकों से चीनी मिल यार्ड में मुलाकात कर उन्हें विभागीय कार्यों की जानकारी देते हुए उनसे फीडबैक भी प्राप्त करें।

## परिषदीय विद्यालयों में मध्यान्ह योजना के तहत चलेगा तिथि भोजन कार्यक्रम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अब** आप भी किसी खास अवसर पर परिषदीय विद्यालयों में तिथि भोजन करा सकते हैं। मध्यान्ह भोजन योजना के तहत तिथि भोजन कार्यक्रम की मंजूरी बेसिक शिक्षा विभाग ने दे दी है। छात्रों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराए जाने में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित कराए जाने हेतु तिथि भोजन के अंतर्गत छात्रों को पौष्टिक भोजन प्रत्येक स्थिति में विद्यालय के किचेन परिसर में ही तैयार किया जायेगा। किसी भी स्थिति में बाहर पकाया हुआ भोजन विद्यालय में वितरित नहीं किया जायेगा।

बेसिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव अवधेश तिवारी के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि तिथि भोजन के अंतर्गत दिए जाने वाले भोजन का मेन्यू प्रधानाध्यापक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा तय किया जायेगा। जारी निर्देश के अनुसार कतिपय जनपदों में विद्यालय परिसर में डाइनिंग शेड का निर्माण कराकर आत्मसम्मान के साथ बच्चों को भोजन ग्रहण कराया जा रहा है। यदि समुदाय का कोई सदस्य विद्यालय परिसर में स्थल उपलब्ध होने पर डाइनिंग शेड का निर्माण कराना चाहता है तो एसएमसी के माध्यम से करा सकता है। यदि समुदाय का कोई सदस्य तिथि भोजन हेतु नगद धनराशि देना चाहें तो उसे मध्याह्न भोजन निधि/एसएमसी के खाते में जमा करा दिया जायेगा। उसके अनुसार ही भोजन की व्यवस्था की जायेगी। यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो कि एक ही तिथि में समुदाय के कई लोग भोजन कराना चाहते हैं तो विद्यालय प्रबंध समिति के माध्यम से यह निर्णय लिया जायेगा कि किस व्यक्ति द्वारा उस तिथि में भोजन कराया जायेगा। जिस व्यक्ति द्वारा भोजन कराया जायेगा वह स्वयं भी उस तिथि में उपस्थित होगा और स्वयं भी भोजन ग्रहण करेगा।

## उपभोक्ताओं की फरियाद को गम्भीरता से लेकर तत्काल समाधान किया जाए: शर्मा

● विद्युत चोरी-लाइनलॉस को कम करने के लिए सभी अभियन्ताओं का हो एक जैसा प्रयास

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुधारने के लिए ऊर्जा विभाग के सभी विद्युत अभियन्ता लगातार प्राथमिकता के आधार पर कार्य करें, सामने जो भी कमियां दिखे उसे तत्काल प्रभाव से ठीक करने की कोशिश करें। उपभोक्ताओं की परियाद को भी गम्भीरता से लेते हुए तत्काल इसके समाधान के प्रयास किये जाने चाहिए। विद्युत दुर्घटनाओं को भी होने से रोकने के लिए प्रोएक्टिव होकर कार्य करना होगा। ऊर्जा मंत्री मंगलवार को रविन्द्रालय चारबाग में आयोजित राज विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन के 75वां महाधिवेशन के हीरक जयंती समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्युत अभियन्ता यह सुनिश्चित करें कि जितनी भी बिजली उपभोक्ताओं को दें, उतने की राजस्व वसूली भी करें। प्रदेश में हो रही बिजली चोरी को पूरे प्रयासों के साथ हरहाल में रोकना होगा। तभी हम लाइन लॉस के साथ राजस्व घाटे में कमी ला सकेंगे। उन्होंने नेवर पेड और नान मीटर उपभोक्ताओं को शीघ्र ही सिस्टम से समाप्त करने को कहा तथा जीर्णशीर्ण लटकते एवं झूलते तारोंए बिजली पोलए ट्रांसफार्मर को बदलना होगा तथा इसकी भी निरन्तर निगरानी करनी होगी कि विद्युत दुर्घटनाओं से कोई भी जनए धन एवं पशु हानि न होने पाए। उन्होंने बिलों में गड़बड़ी को रोकने के लिए स्वयं उपभोक्ताओं द्वारा मीटर की फोटो खींचकर बिल जमा करने की प्रक्रिया को व्यापक बनाने की भी बात कही। उन्होंने विद्युत कनेक्शन के लिए झटपट पोर्टल को और व्यवहारिक बनाने के लिए कहा।

## सेना भर्ती रैली में असफल रहे अभ्यर्थियों को ठगने वाले गैंग का नेपाली सरगना गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ**ने अग्निवीर सेना भर्ती रैली में असफल हुए अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग का खुलासा कर गैंग सरगना को वाराणसी कैंट थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जो नेपाल राष्ट्र का रहने वाला है। उसके पास नेपाल की नागरिकता संबंधी प्रमाणपत्र व नेपाली करेंसी का 17000 रुपया नगद बरामद हुआ है।



एसटीएफ के अनुसार कुछ दिनों से वाराणसी व इसके आसपास के जिलों में बतौर अग्निवीर सेना में भर्ती कराने के नाम पर कुछ जालसाजों द्वारा बेरोजगार युवकों को ठगने की सूचना मिलेट्री इंटेलीजेंस को मिल रही थी। इस संबंध में एसटीएफ की विभिन्न टीमें गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्रवाई की जा रही थी। 16 नवंबर 2022 से छह दिसंबर 2022 तक वाराणसी के सेना भर्ती सेंटर 39 जीटीसी कैंटोमेंट में अग्निवीर सेना भर्ती रैली सम्पन्न हुई। जिसमें कुछ जालसाजों द्वारा असफल हुए अभ्यर्थियों को पास कराने का झांसा देकर तीन-तीन लाख रुपए ठगने की सूचना मिलिट्री इंटेलीजेंस वाराणस से प्राप्त हुई। छानबीन से पता चला कि ठगी करने वाले गैंग के एक सदस्य द्वारा असफल अभ्यर्थियों को शहीद पार्क, थाना कैंट, वाराणसी में मेडिकल कराने के नाम पर बुलाया गया है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने वहां पहुंचकर वेल नारायण मानेन्धर निवासी क्याक्मी, थाना बैदाम, जिला स्याजयस, नेपाल को गिरफ्तार किया। अभियुक्त से पूछताछ एवं अभिसूचना संकलन से पाया गया कि वह नेपाल का निवासी है और पिछले छह महीने से नमस्ते रेस्टोरेंट, कैंट में खाना बनाता है। वहीं पर नेपाल के रहने वाले दिवस विश्वकर्मा जो 39 जीटीसी में डी कम्पनी में सिपाही के पद पर कार्यरत है। उससे इसकी मुलाकात हुई। उसी ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली होने वाली है, यदि कोई अभ्यर्थी हो तो बताना। इस पर अभियुक्त द्वारा मिर्जापुर के रहने वाले आयुष सिंह से सम्पर्क स्थापित किया। आयुष द्वारा चन्दौली के रहने वाले अपने तीन अन्य साथी सचिन, विरेन्द्र और मनीष को भी दिवस विश्वकर्मा से मिलवाया। दिवस विश्वकर्मा द्वारा इन चारों अभियुक्तों से अपने एकाउंट में कुछ पैसे भिजवाया गया तथा शेष कैश के रूप में लिया गया। आज इन लोगों द्वारा चारों अभ्यर्थियों का मेडिकल कराने के लिए शहीद पार्क में बुलाया था। वहीं से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

## शीतलहर से बढ़ीं गरीबों की मुसीबतें, नहीं जग रहीं प्रशासकों की संवेदनाएं: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष यादव का कहना है कि मौसम का मिजाज बिगड़ने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो चला है। ठंड का असर दिखने लगा है। शीतलहर ने गरीबों के लिए और ज्यादा मुसीबतें खड़ी कर दी है। अस्पतालों और रेल-बस स्टेशनों पर तमाम लोग बिना किसी आश्रय के ठंड में रात भर ठिठुरते रहते है। दिन प्रतिदिन बिगड़ते हालात के बावजूद प्रशासकों की संवेदनाएं नहीं जाग रही हैं।

उन्होंने कहा कि शीत के प्रकोप से कंपकंपाते हजारों लोग प्रदेश में जीवन भरण के लिए संघर्ष में राते काट रहे हैं। अभी तक प्रशासन की ओर से अलाव जलाने की कोई व्यवस्था नहीं नजर आ रही है। गरीबों को समय से कम्बल बांटने का काम भी नहीं शुरू हो पाया है। जब लोग ठंड से ठिठुरने लगे हैं तब कम्बल खरीद का आदेश जारी हो रहा है। यह खरीद कब होगी और इसमें कम्बलों की गुणवत्ता का क्या हाल होगा, कहा नहीं जा सकता है। राजधानी लखनऊ में नगर निगम और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं ने चंद रैनबसेरा खोल दिए हैं लेकिन इनमें गिनी चुनी संख्या में ही लोग आश्रय पर आ सकते हैं। अस्पतालों में बड़ी संख्या में तीमारदार खुले में पेड़ों के नीचे रात बिताने को मजबूर हैं। कई रैन बसेरों में तो ठंड से बचाव के लिए रजाई-गद्दे भी नहीं मिल पा रहे हैं। लोग खुद अपने कम्बल ला रहे हैं। धुंध और कोहरे के सितम से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। तमाम ट्रेनो और बसों का चलना रूक गया है। यात्रियों का गंतव्य तक पहुंचना आसान नहीं रहा है। शून्य दृश्यता के कारण सड़कों पर हादसे हो रहे हैं। रविवार की रात्रि में ही सड़क दुर्घटनाओं में दर्जन भर से अधिक मौतें हो गई।

### संत गाडगे की पुण्यतिथि पर सपा मुख्यालय में नेताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन



**लखनऊ।** सपा मुख्यालय पर महान समाज सुधारक संत गाडगे की 66वीं पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित अन्य नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर अखिलेश यादव ने कहा कि संत गाडगे घूमते फिरते सामाजिक शिक्षक थे। वे मिट्टी का कटोरा साथ लेकर पदयात्रा किया करते थे, यही उनकी पहचान है। उन्होंने अपने कीर्तनों से अंधविश्वास और पाखंड के प्रति लोगों को जागरूक किया। वे महाराष्ट्र के गांवों में स्कूल, गोशालाएं, धर्मशाला, छात्रावास, अस्पताल बनवाए और जानवरों के लिए भी व्यवस्थाएं की। उनकी कहीं कुटिया तक नहीं थी। अखिलेश यादव ने कहा कि संत गाडगे को दया, करूणा, मातृभाव, मानव कल्याण और दीन हीनों की सहायता के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा।

## इलाहाबाद विवि में 400 प्रतिशत तक बढ़ी फीस को वापस ले सरकार: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस ने कहा है कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र 400 प्रतिशत बढ़ी हुई फीस को लेकर लगातार जिस तरह लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेग रही है। यह सरकार और विश्वविद्यालय प्रशासन की संवेदनहीनता का प्रमाण है।

कांग्रेस प्रवक्ता अशोक सिंह ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव विवेकानंद पाठक कल इलाहाबाद विश्वविद्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे छात्रों से मिलकर उनसे बात कर रहे थे और उनके साथ धरने में शामिल होकर प्रशासन से बढ़ी हुई फीस को वापस लेने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच विश्वविद्यालय में सुरक्षा के नाम पर तैनात गार्ड (आपराधिक प्रवृत्ति) के लोगों ने उन पर जानलेवा हमला किया जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। आनन-फानन मे पाठक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उक्त घटना को लेकर कांग्रेसजनों में रोष है। घटना में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

अशोक सिंह ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एवं केन्द्र की मोदी सरकार से मांग करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में 400 प्रतिशत की फीस वृद्धि को वापस लिया जाए एवं छात्रसंघ को बहाल किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय में तैनात सुरक्षा एजेंसी को तत्काल प्रभाव से ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है क्योंकि विश्वविद्यालय में पठन पाठन के लिए छात्र आते है। अत: सुरक्षा की दृष्टि से आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के हाथों में सुरक्षा की जिम्मेदारी देना उचित नहीं है।

## महबूब अली लोकलेखा समिति के अध्यक्ष बने

**लखनऊ।** उप्र विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य महबूब अली लोक लेखा समिति के अध्यक्ष चुने गए हैं। महबूब अली पिछली विधानसभा में भी 18 जनवरी 2018 को लोकलेखा समिति के अध्यक्ष चुने गए थे। इस समिति में अन्य सदस्यों में राम नरेश अग्निहोत्री, रितेश कुमार गुप्ता, राम चंद्र यादव, रवि शर्मा, श्याम बिहारी लाल, पंकज सिंह, फतेह बहादुर सिंह, दीनानाथ भाष्कर, मंजू शिवाच, डा राजेश्वर सिंह, पंकज मलिक, अवधेश प्रसाद, राकेश प्रताप सिंह, ओम प्रकाश सिंह, वाचस्पति, जय प्रकाश निषाद और मनोज पांडेय हैं।

## पीएसी जवानों को वरिष्ठ अधिकारियों को सलाम ठोकने का आदेश

**लखनऊ।** सीतापुर में पीएसी कर्मचारियों को प्रशासनिक भवनों और रिहायशी व गैर रिहायशी इलाकों में रुक कर वरिष्ठ अधिकारियों को सलामी देने की हिदायत दी गई है। इस संबंध में जारी पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसके बाद पीएसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बात की जांच के आदेश दिए हैं कि यह आंतरिक आदेश सोशल मीडिया पर कैसे वायरल हुआ। सीतापुर स्थित 27वीं वाहिनी पीएसी के सहायक सेनानायक श्रीप्रकाश दुबे के हस्ताक्षर से जारी हुए इस पत्र में मातहत कर्मचारियों से कहा गया है, प्राय: देखने में आया है कि प्रशासनिक भवन एवं वाहिनी के आवासीय, गैर आवासीय परिसर में साइकिल तथा मोटरसाइकिल से आवागमन के दौरान उच्चाधिकारियों को रुक कर अभिवादन न करते हुए अपने गंतव्य को प्रस्थान कर जाते हैं, जो स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता का परिचायक है। पत्र में आगे कहा गया है, अत: आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि प्रशासनिक भवन एवं वाहिनी के आवासीय, गैर आवासीय परिसर में साइकिल तथा मोटरसाइकिल से आवागमन के दौरान उच्चाधिकारियों को रुक कर अभिवादन न करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। तदनुसार तत्काल प्रभाव से आदेश का पालन करना कराना सुनिश्चित करें। इस आदेश पर सोमवार 19 दिसंबर की तारीख लिखी गई है। इस बारे में पूछे जाने पर 27वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक मणिराम सिंह ने मंगलवार को कहा कि उन्हें इस पत्र में कुछ भी गलत नहीं नजर आता।

## धर्मातरण के मामले 15 मुल्जिमों के खिलाफआरोप तय

**लखनऊ ( विसं )।** एनआइए एटीएस के विशेष जज विवेकानन्द शरण त्रिपाठी ने अवैध धर्मांतरण के मामले में निरुद्ध मुल्जिम मौलाना कलीम सिद्दीकी व मो. उमर गौतम समेत 15 मुल्जिमों के विरुद्ध आरोप तय करते हुए अभियोजन साक्ष्य के लिए तीन जनवरी की तारीख मुकर्रर की है। विशेष अदालत के समक्ष सभी मुल्जिम जेल से अदालत में उपस्थित थे। इस मामले में अब तक 17 मुल्जिमों को देश के विभिन्न इलाकों से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। एटीएस ने इन सभी के खिलाफ आईपीसी की कई गंभीर धाराओं के साथ ही उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 3/5/8 में आरोप पत्र दाखिल किया था। विशेष अदालत में दाखिल आरोप पत्र के मुताबिक मुल्जिमों द्वारा एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद विद्वेष तथा नफरत फैलाकर देशव्यापी अवैध धर्मातंरण गिरोह का संचालन किया जा रहा था। इनके तार अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी जुड़े हैं। इसके लिए इन्हें विदेशों से हवाला के जरिए रकम भेजी जा रही थी। इनके द्वारा आर्थिक रुप से कमजोर महिलाओं व दिव्यांगजनों को बहला-फुसलाकर व अनुचित दबाव डालकर एक आर्गनिक मैकेनिज्म के तहत जनसंख्या संतुलन बदलने के लिए बड़े पैमाने पर धर्मातंरण किया जा रहा था। ये धर्म विशेष के लोगों को मृत्यु के बाद की दुनिया में जहन्नुम की आग जैसी अवधारणाओं का हवाला देकर भयभीत भी करते थे। इनका उद्देश्य देश में शरीयत आधारित सरकार की व्यवस्था कायम करना था। 20 जून 2021 को इस मामले की एफआईआर थाना एटीएस में उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने दर्ज कराई थी।


## यूपी की बदलती छवि से यूरोपीय देश उत्साहित: नंदी

● जर्मनी, बेल्जियम व स्वीडन के साथ 30 हजार करोड़ का एमओयू हस्ताक्षरित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विदेश** दौरे से लौटे प्रदेश औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि अंतराष्ट्रीय निवेश सम्मेलन में दस लाख करोड़ के लक्ष्य को योगी सरकार न सिर्फ पूरा करेगी बल्कि इससे कहीं अधिक निवेश यूपी में होगा।

मंगलवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 22 को सभी प्रतिनिधिमंडलों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे अभी सभी आंकड़े जुटाए जा रहे हैं कि किस विभाग से कितना एमओयू हुआ है। जो आंकड़े अभी आ रहे हैं उससे लग रहा है कि हम दस लाख करोड़ के अपने लक्ष्य को पार कर जाएंगे। 9 दिन में तीन देशो की यात्रा कर लौटे नंदी ने बताया कि बिजलनेस डेवलेपमेंट, इन्वेस्टमेंट, कैपिटल मार्केट, डिफेंस, फूड प्रोसेसिंग, सौर ऊर्जा क्षेत्र में जर्मनी, बेल्जियम, स्वीडन जैसे विकसित देश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के जरिए यूपी में कदम रखते हुए न सिर्फ 30 हजार करोड़ से अधिक का निवेश करने जा रहे हैं बल्कि यूपी की आर्थिक मजबूती, तरक्की और विकास के सहभागी बनने को तैयार हैं। तीन देशों में आयोजित रोड शो में 300 से अधिक निवेशकों व उद्योगपतियों ने नए भारत के नए यूपी के बदले परिवेश को न सिर्फ सराहा है बल्कि निवेश का भरोसा भी जताया है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 निवेश और रोजगार को लेकर सवाल उठा रहे विपक्ष के हर सवाल का करारा जवाब होगा। जब जर्मन, स्वीडन और बेल्जिम जैसे देश यूपी में निवेश के जरिए कदम रखेंगे बल्कि हजारों करोड़ के निवेश के जरिए रोजगार भी मुहैया कराएंगे। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी की छवि की नीतियों से यूरेपीय देशों में बदले परिवेश को लेकर उत्साह है। इन देशों में उप्र को लेकर एक भरोसा भी पैदा योगी सरकार के जरिए हुए है। जर्मनी के निवेशकों ने यूपी में लाजिस्टिक, टेक्सटाइल, हेल्थकेयर, पर्यटन, आटोमोटिव क्षेत्र में निवेश में रूचि दिखाई है। फ्रैंकफर्ट जर्मनी में मोबिलिटी सेक्टर की महत्वपूर्ण कंपनी मदरसरन ग्रुप में भ्रमण कर उप्र में निवेश और विकास के लिए आमंत्रित किया। इंडस्ट्रियल वाल्व, रेगुलेटर्स की प्रमुख निर्माता एवं वितरक व सौ साल से अधिक पुरानी कंपनी सैमसन एजी के सीईओ से मुलाकात कर उप्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया।



## उद्योगों को स्किल्ड मैनपॉवर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: कपिल देव

**पायनिय समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में निवेश के लिए आगे आ रही कंपनियों को स्क्रील्ड लेबर की कमी को कौशल विकास विभाग पूरा करेगा। इसके लिए जो कंपनियां यूपी में जैसा प्रोफेनल प्रशिक्षित श्रमिक चाहेंगी उनकी उपलब्धता सरकार पूरा करेगी। कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इसके लिए जो एमओयू हो रहे हैं उसके बाद मैपिंग की जाएगी कि किस कंपनी को किस क्षेत्र के प्रशिक्षित मैनपावर की आवश्यकता है। उसी के अनुसार इंटरमीडिएट कालेज से लेकर आईआईटी सेंटर में प्रशिक्षण काम शुरू किया जाएगा ताकि कम्प्यूटर के प्रशिक्षण के साथ जिस फील्ड के युवाओं की आवश्यकता अधिक हो उन्हें कंपनियों को मुहैया कराया जा सके। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि टाटा के साथ एक हजार करोड़ का एमओयू हुआ है जिसके तहत प्रदेश में सौ से अधिक आईटीआई केंद्रों को मार्डन सेंटर के रूप में विकसित किया जा सकेगा ताकि यहां से प्रशिक्षण पाए प्रशिक्षणार्थियों को विदेशी कंपनी की उन परियोजनाओं में काम करने का मौका मिले जो यूपी सहित अन्य राज्यों में निवेश कर रही हैं। यह सही है कि अभी यूपी में प्रशिक्षित मैनपावर की काफी कमी है लेकिन जैसे-जैसे यूपी में निवेश के लिए अपने इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करेंगी वैसे-वैसे उनको स्कील्ड लेबर उपलब्ध कराया जाएगा ताकि रोजगार यूपी के युवाओं को मिले उन्हें अन्य किसी राज्य में न जाना पड़े। उन्होंने कहा कि किसी भी उद्योग और व्यापार को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षित मेन पावर की बहुत आवश्यकता होती है ग्लोबल समिट के माध्यम से उत्तर प्रदेश में लगने वाले उद्योगों के मुताबिक मेन पावर को प्रशिक्षित करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है सरकार का कौशल विकास मिशन इस विषय में समुचित सर्वे करवा कर मेन पावर को प्रशिक्षित करने का कार्य करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश की युवा रोजगार की तलाश में अन्य प्रदेश में जाकर के रोजी-रोटी का साधन ढूंढते थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में कौशल विकास मिशन के माध्यम से योगी सरकार ने प्रदेश के युवाओं को प्रदेश में प्रशिक्षित करने का कार्य बखूबी किया है जिससे हमारे प्रदेश के युवाओं का पलायन रुका है साथ में स्किल्ड मैन पावर ना होने की दशा में जो उद्योग और व्यापार प्रदेश में आने में संकोच करते थे अब वह खुले मन से ना केवल आते हैं बल्कि अपना कारोबार स्थापित करते हैं।

# दरोगा ने की थी बैंक मित्र से लूट, पुलिस ने किया खुलासा

संवाददाता। सीतापुर

**● सीतापुर के लहरपुर में बैंकमित्र से हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा**

**●लहरपुर पुलिस ने लखीमपुर खीरी के चंदनपुर पुलिया के पास से अभियुक्त को किया गिरफ्तार**

**सीतापुर के** लहरपुर में बीती 23 नवम्बर को बैंक मित्र के साथ हुए लूटकांड का पुलिस ने एक माह के अंदर ही खुलासा कर दिया हैए जिसमें बैंकमित्र विजय कुमार के साथ दरोगा ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। यह पुलिस का दरोगा नहीं बल्कि इरफान उर्फ डाक्टर उर्फ दरोगा है जिसने बैंक मित्र से 95 हजार रूपयेए एक लैपटापए फोन लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसको लेकर पी?ित बैंक मित्र ने पुलिस को तहरीर भी दी थी। इसी मामले को लेकर एसपी को लहरपुर कोतवाली के इस्पेक्टर राजीव सिंह को भी हटाना प?ा था। इस घटना को लेकर एसपी घुले सुशील चन्द्रभान ने अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डाण् राजीव दीक्षित के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुजीत दुबे के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया जिसमें लहरपुर के नगई मल्लापुर के निकट बैंक मित्र के साथ हुई लूट की घटना में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस ने खुलासा करते हुए अभियुक्त इरफान उर्फ डाक्टर दरोगा पुत्र इलियास निवासी मूसेपुर खुर्द थाना लखीमपुर खीरी को चंदन नवीनगर पुलिया के पास से गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 28 हजार रूपये नगद एक अदद वीवो मोबाइल व लखीमपुर खीरी से चोरी की गई सुपर स्पेलडर बाइक बरामद की है।

अभियुक्त एक शातिर हिस्ट्रीशीटर भी है जिसके विरूद्ध खीरी में चोरी नकबजनी गैंगेस्टर एक्ट अवैध शस्त्र धोखाधड़ी अवैध मादक दृव्य पदार्थ आदि के दर्जनों मुकदमें पंजीकृत है। सीओ लहरपुर सुजीत दुबे ने बताया कि अभियुक्त की अपराध से अर्जित सम्पत्ति का पता लगाकर विधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक आलोक मणि त्रिपाठी उपनिरीक्षक जीवन चंद्र जोशी हेड कांस्टेबल जयप्रकाश बाजपेयी संदीप कुमार दिनेश अशोक कुमार शामिल रहे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने किया प्रतिभाग

संवाददाता। सीतापुर

**●शुभ विनायक सेवा संस्थान ने बच्चों को किया सम्मानित**

**शुभ विनायक** सेवा संस्थान सीतापुर के द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता पूर्व प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट सकरारा सीतापुर में कक्षा एक से कक्षा 8 तक के सभी विद्यार्थियों की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम व द्वितीय आने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरण किया गया। कक्षा 1 के सुधाकर कक्षा 2 के सचिन कक्षा 3 शालू कक्षा 4 स्नेहा कक्षा 5 राम लखन कक्षा 6 अंकुल कुमार कक्षा 7 सुमित कुमार कक्षा 8 शीलू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में अस्वनी धनपति नितिन यादव गौतम नंदनी मनीष कुमार मनोरमा आकाश षामिल रहे। इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष उमाशंकर उपाध्यक्ष विकास बाबू शुक्ला कोषाध्यक्ष सुजीत राठौर मुख्य सचिव अवशेष मिश्रा एश्रद्धा शुक्ला सचिव आशीष शर्मा व अनिता कुमारीए मीडिया प्रभारी शशि अवस्थी यूथ अध्यक्ष संदीप अवस्थी मौजूद रहे।

कमपोजिट विद्यालय सकरारा सीतापुर की प्रधानाचार्य आरती श्रीवास्तव सहायक अध्यापिका ममता वर्मा शिवानी वर्मा अनीता अवस्थी अनुदेशक नाजनीन बानो जयशंकर त्रिवेदी ग्राम प्रधान कमलेन्द्र यादव व वेल्डन पब्लिक स्कूल प्रबंधक अजय श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति में बच्चों के प्रोत्साहन हेतु पुरस्कार वितरण कराने में सहयोग रहा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर 20 हजार की ठगी

**बरेली**। साइबर क्राइम की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। बरेली के थाना बारादरी क्षेत्र के हजियापुर की रहने वाली मीरा देवी ने बताया कि उनके साथ साइबर क्राइम हुआ है।दरअसल मीरा दूसरे घरों में काम कर अपना गुजारा करती हैं उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान का फॉर्म भरा था, जिसको लगभग 2 साल हो गए हैं। बीती 16 दिसम्बर को मीरा के पास एक अज्ञात नम्बर से कॉल आयी जिस पर एक महिला बात कर रही थी, दूसरी तरफसे बात करने वाली महिला ने अपना नाम मोहिनी और खुद को आवास विकास अधिकारी बताते हुए कहा कि वो आवास विकास योजना लखनऊ से बात कर रही है। उस महिला ने मीरा से प्लॉट का फोटो और कागज व्हाट्सएप्प करने को कहा साथ ही एक अन्य फोनपे नम्बर पर 20 हजार रुपये डालने को कहा जिसके बाद उस महिला ने मीरा के खाते में पैसे आने की बात कही, इस 20 हजार रुपयों को मीरा ने तीन बार मे ट्रांसफर कर दिया। इसके बाद मीरा को मालूम चला की उसके साथ धोखा किया गया, महिला ने एसएसपी कार्यालय पहुँचकर पूरे मामले की शिकायत की है।

## सभासद ने दी जान से मारने की दी धमकी

**बरेली** । कस्बा में निकाय चुनाव में वोट न देने लेकर सभासद ने जान से मारने की धमकी दी है, थाने में दी तहरीर के आधार पर रवि मौर्य पुत्र लालाराम निवासी मोहल्ला लोधी नगर वार्ड नंबर 12 ने आरोप लगाया है कि लोधी नगर के सभासद महेंद्र पाल शर्मा ने कल रात लगभग 9 बजे जान से मारने की धमकी दी, रवि मौर्य के मुताबिक कल रात वह लगभग 9 बजे लोधी नगर चौराहे पर खड़े थे, तभी लोधी नगर के सभासद महेंद्र पाल शर्मा वहां आ गए और उन्होंने वोट देने के लिए कहा तो मैंने उन्हें वोट देने से साफइनकार कर दिया, मेरी इस बात से नाराज होकर मौर्य जाति को लेकर गाली गलौज देने लगे तभी तमंचा निकालकर जान से मारने की धमकी देने लगे और कहां तुझे इलेक्शन के बाद देखूंगा तभी कुछ लोगों ने आकर लड़ाई शांत करवा दी, रवि मौर्य का आरोप है कि महेंद्र पाल शर्मा का परिवार दबंग किस्म का है उससे उसे जान का खतरा है ।

## ससुराल जा रहे युवक की हादसे में गई जान

**बरेली** । मोटरसाइकिल पर ससुराल जाने के लिए घर से निकले एक युवक की रास्ते में ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भुता थाना क्षेत्र के गांव मल्ल पुर निवासी नत्थू लाल के 28 वर्षीय बेटे अरविंद की कल शाम बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में कुआं टांडा गांव के पास डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई ।मृतक के घर वालों ने बताया कि अरविंद कल शाम को नवाबगंज थाने के गांव अली नगर स्थित अपनी ससुराल जाने के लिए घर से निकला था लेकिन बिथरी के कुआं टांडा के पास उसे तेजी से आ रहे डंपर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी ।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाले वाहन को रोकने की कोशिश की तब उसका चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया ।लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी ।मृतक की जेब से मिले मोबाइल फोन से दुर्घटना की सूचना उसके घरवालों को देकर पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा जहां घरवालों ने शव की शिनाख्त कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और डंपर को कब्जे में लेकर उसके चालक के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी ।मृतक दो बेटों का पिता था उसकी पत्नी का नाम प्रीति है।

## परीक्षा देने जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**बरेली** । मोटरसाइकिल पर परीक्षा देने के लिए घर से निकले छात्र की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नगरिया कल्याणपुर निवासी महेंद्र पाल के 18 वर्षीय बेटे कन्हई लाल की आज सुबह तड़के बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में पुलिया के पास हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई जबकि उसके साथ बाइक पर सवार उसका एक दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया जिला अस्पताल में मौजूद कन्हाई लाल के घर वालों ने बताया कि वह महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था और आज सुबह परीक्षा देने के लिए घर से बाहर निकला था उसके साथ उसी के साथ पड़ने वाला एक छात्र भी मोटरसाइकिल पर था लेकिन जब उनकी बाइक बिथरी चौनपुर पुलिया के पास पहुंची तभी तेजी से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी लेकिन जब तक पुलिस मौके पर पहुंची कन्हई लाल की मौत हो चुकी थी पुलिस ने गंभीर रूप से घायल उसके दोस्त को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव को जिला अस्पताल भेजकर घरवालों को सूचना दे दी अस्पताल पहुंचे घर वालों ने शव की शिनाख्त कर ली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक की मां का नाम रामप्यारी है वह 5 भाई बहन थे ।

# आंखों पर पट्टी बांध दिखाए हैरतअंगेज करतब

संवाददाता। सीतापुर

**● गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर हुआ नगर कीर्तन**

**●श्री गुरु ग्रंथ साहब की सरपरस्ती व पंच प्यारों की अगुवाई में निकली शोभायात्रा**

**●सिख धर्म की महिलाओं ने गुरू के प्रति श्रद्धा भक्त समर्पण का दिया संदेश**

**शोभायात्रा का जगह.जगह हुआ भव्य स्वागतए मोहल्ला प्रेम नगर में बरसा अटूट लंगर**

**सिख युवाओं** ने न कि तलवार उठाई बल्कि बीच स?क पर तलवारों से एक दूसरे पर दनादन वार करने लगे। युवाओं की तलवारें एक दूसरे से काफी देरतक टकराती रहीं युवाओं के बीच हो रही यह तलवार बाजी देख हर कोई रोमांचित हो उठा। तलवार ही नहीं युवाओं ने अपना बचाव करते हुए एक दूसरे पर लाठियों से भी वार किया। स?क के इधर.उधर मौजूद लोग उस समय दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर हो गए जब एक सिख युवा ने अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर स?क पर लेटे सिख युवक के इर्द गिर्द रखे गए नारियल और तरबूज को भारी भरकम हथौ? से फो?ा। यही नहीं सिख युवक के मुख में रखे खीरे को तलवार से कई टुक? किएए फिर भी उक्त युवक को खरोंच तक नहीं आई। जी हां यह हैरत अंगेज करतब मंगलवार को शहर के मुख्य मार्गों पर सिख समुदाय के जौहरी जत्थे ने दिखाए। अवसर था सिख धर्म के दसवें गुरू गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व का। गुरू गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर श्री गुरू ग्रंथ साहब की सरपरस्थी और पंच प्यारों की अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली गई। गुरूद्वारे से प्रारंभ हुई शोभा यात्रा नगर कीर्तन करते हुए पुराना सिटी पोस्ट आफिस रोडए लालबाग चौराहा पहुंचीए यहां से घंटाघरए गुरू गोविंद सिंह मार्गए गिरिकगंजए गुरू गोविंद सिंह चौकए स्टेशन रोडए आर्यनगरए लालबाग चौराहाए राजस्थानी होटलए लोहारबागए प्रेम नगर कोतवाली चौराहा होते हुए पुनः गुरूद्वारा पहुंची। नगर कीर्तन के दौरान सिख युवाओं की तरफ से तलवार बाजीए लाठी सहित कई हैरत अंगेज करतब दिखाए गए। शोभा यात्रा के दौरान श्रद्धा भक्ति और समर्पण का अद्भुत संगम स?कों पर दिखा। श्री गुरू ग्रंथ साहब और गुरू गोविंद सिंह की सवारी की पवित्रता बनी रहीए इस आस्था को संजोय सिख समुदाय की महिलाएं स?क पर सवारी के आगे झाड़ू लगाते हुए मार्ग की सफाई करती नजर आईं। मार्ग पर पवित्रता के लिए पानी का छि?काव भी किया गया। गुरू ग्रंथ साहब और गुरू गोविंद सिंह की शोभा यात्रा में जगह.जगह पुष्प वर्षा हुई स्थानीय लोगों ने यात्रा का जगह.जगह स्वागत किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी की।

पंजाब से आए पाइप बैंड शहर के राज बैंड और गुरू नानक एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की शिक्षिकाओं और बच्चे भी स्कूली बैंड के साथ शोभा यात्रा में शामिल हुए। सिख समुदाय की महिलाओं ने यात्रा में शामिल होकर कीर्तन कर सभी को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। शहर के मोहल्ला प्रेमनगर में जब शोभा यात्रा पहुंची तो वहां सरदार कुलतार सिंह ने सभी को लंगर का प्रसाद वितरित किया। लंगर का प्रसाद ग्रहण करने में सभी धर्मों के लोग शामिल हुए। यात्रा में आर्टिफिशियल झाकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं। वृद्ध महिलाओं और पुरूषों एवं नन्हें.मुन्नों के लिए आटो की व्यवस्था भी की गई थी। जिसपर समाज के वृद्ध पुरूष और महिलाएं बच्चों के साथ सवार हुए। शोभा यात्रा में गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा अध्यक्ष सरदार सतनाम सिंह धार्मिक जत्थेदार सरदार कुलवंत सिंह सरदार जसवीर सिंहए सरदार हरदीप सिंह गुड्डूए सरदार कुलतार सिंह सरदार महेन्द्र पाल सिंह सरदार गुरूमीत सिंह सरदार चरंजीत सिंह सरदार गुरूप्रकाश सिंह सरदार एमपी सिंह सरदार दलवीर सिंह सरदार गप्पू सरदार लखवीर सिंह सरदार हरदेव सिंह सरदार मीतू सरदार प्रदीप सिंह सरदार उजागर सिंह राजेन्द्र पाल कौर गुरूमीत कौर गुरूप्रीत कौर सर्वजीत कौर सहित सिख समुदाय सहित विभिन्न धर्मों के लोग शामिल हुए।

# सड़क किनारे पड़ी मिली वृद्ध की लाश

**बरेली** । रात के समय सड़क किनारे सो रहे एक बृद्ध की मौत हो गई सुबह होने पर पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बिथरी चौनपुर थाने के गांव नरियावल स्थित पेट्रोल पंप के सामने आज सुबह स्थानीय लोगों ने एक 70 वर्षीय वृद्ध के शव को सड़क किनारे देखा मृतक के ऊपर कंबल पड़ा हुआ था लोगों ने कंबल को हटाया तब पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है जिसकी जानकारी लोगों ने पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन कोई भी शिनाख्त नहीं कर सका तब पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में जिला अस्पताल भेजा गया जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया समझा जाता है कि रात में ठंड लगने से वृद्ध की मौत हुई है ।

# डाक्टर संजय चौहान बनाए गये राष्ट्रीय संगठन मंत्री और प्रभारी



**मैलानी-खीरी।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह जी द्वारा मैलानी निवासी डॉ संजय चौहान को भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवम प्रभारी (लखीमपुर) खीरी मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिह जी द्वारा मनोनय प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर वहा मौजूद पदाधिकारियों ने डा संजय को माला पहना कर बधाई दी साथ भव्य स्वागत भी किया गया इस मौके पर डॉ संजय चौहान ने सबका धन्यवाद करते हुए कहा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसे मै मेहनत ईमानदारी व लगन से जनता की सेवा मे तत्पर रहते हुए जिम्मेदारी निर्वाहन करूंगा। संगठन से लोगों को जोड़ कर संगठन को और भी मजबूत करके किसानो की समस्याओं को सरकार तक लाने का भरसक प्रयास करूगा जिससे जनपद लखीमपुर खीरी की जनता को इसका लाभ मिल सके।

# बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है शैक्षिक भ्रमण

रतीराम लोधी। निघासन-खीरी

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास क्षेत्र रमियाबेहड के लगभग दर्जन भर स्कूलों के बच्चों को राजधानी लखनऊ में आंचलिक विज्ञान केन्द्र और चिड़ियाघर का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरण आनंद के निर्देशानुसार संचालित ज्ञानोपयोगी कार्यक्रम बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु पूरी तल्लीनता के साथ जुटे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय के मार्गदर्शन और खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव की देखरेख में उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही, कफारा, रायपुर दुलही, ढखेरवा, लखाही, मल्लबेहड, हौकना, लखाही, पचासा तथा गौरिया सहित लगभग दर्जन भर स्कूलों के बच्चों ने लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान केंद्र तथा



चिड़ियाघर का अवलोकन किया।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस ज्ञानवर्धक और अनूठी मुहिम से प्रफुल्लित बच्चों को इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश तथा विज्ञान शिक्षक राकेश प्रताप ने न्यूटन के नियम, दोलन गति, गुरुत्वाकर्षण, लेंस, द्रव तथा विभिन्न औषधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। सहायक अध्यापक शशिकांत वर्मा उमेश चौरसिया नीरज कुमार ने चिड़ियाघर में विभिन्न जानवरों व पक्षियों के विषय में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। बच्चों ने चिड़ियाघर में सफेद शेर, बंगाल टाइगर, जिराफ, शुतुरमुर्ग के साथ साथ पक्षियों में मकाउ, लव बर्ड, पीजेंस के अलावा संग्रहालय में रखा हवाई जहाज भी देखा।बच्चों के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहने वाले खंड शिक्षा अधिकारी रमिया बेहड हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव अभिभावक और गुरु दोनों की भूमिका में दिखाई दिए उन्होंने बच्चों को समय पर भोजन और नाश्ता कराया। उक्त भ्रमण कार्यक्रम में एआरपी गणित अजय कुमार वर्मा, एआरपी विज्ञान आशीष श्रीवास्तव, नवल किशोर, गीता, संगीता कनौजिया, शिक्षक और बस प्रभारी सखाराम, मुनव्वर, ममता, डीके राम तथा रसोईया कमला देवी ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया। भ्रमण कार्यक्रम में सम्मिलित बच्चों ने सरकार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत पांडे तथा खंड शिक्षा अधिकारी हृदय शंकर लाल श्रीवास्तव की मुक्त कंठ से सराहना की।

## गर्म चाय पर गिरकर बच्चा झुलसा

**बरेली** । गर्म चाय पर गिरकर झुलसे बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव मथुरापुर निवासी कृष्णपाल के 1 वर्षीय बेटे नैतिक को आज सुबह इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घर वालों ने बताया कि नैतिक की मां आज सुबह घर में ही जमीन पर रखें गैस चूल्हे पर चाय बना रही थी और नैतिक उसके पास ही खेल रहा था लेकिन इसी दौरान खेलते खेलते वह चूल्हे पर रखें गर्म चाय के बर्तन पर गिर गया और बुरी तरह झुलस गया पास बैठी मां ने पहले चूहे को बुलाया और फिर इलाज के लिए नैतिक को स्थानीय डॉक्टर के पास ले गई जहां से उसे वह जिला अस्पताल लाई उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है ।

# एक दिवसीय योग शिविर उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ियाखेड़ा में हुआ आयोजित



**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश राज्य आयुष सोसायटी के मिशन निदेशक सुखलाल भारती जी के निर्देशन, व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी लखीमपुर डॉ.विजय प्रकाश के संयोजन में उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़ियाखेड़ा जनपद खीरी में आयुष योग वेलनेस सेंटर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर लखीमपुर के योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा द्वारा योग शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य संवर्धन के उपाय एवं योग का महत्व बताते हुए योगासन, भ्रामरी प्राणायाम श्वषन के साथ सूक्ष्म व्यायाम, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, योग मुद्रा, अर्ध ताड़ासन, उत्तानमंडूकासन, सिंहासन, हसासन, लसीपियासन, के साथ ध्यान का अभ्यास कराया गया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मीना त्रिवेदी अपने समस्त स्टॉफके साथ उपस्थित रहीं।

# पेज एक का शेष

## चीन में...

हो चुकी हैं कि अस्पतालों में अब शवों को रखने की जगह भी नहीं बची है। कोरोना जांच केंद्रों पर लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग रहीं हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस साल ठंड में चीन के आठ करोड़ से ज्यादा लोग कोरोना से संक्रमित हो सकते है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संक्रमण के बढ़ने की रफ्तार सबसे तेज होगी। अस्पतालों में मरीजों की संख्या में हुए इजाफे की वजह से बेड और दवाइयों की कमी होने लगी है। अभी चीन में एक लाख लोगों के बीच केवल 10 आईसीयू बेड की व्यवस्था है। ऐसे में संक्रमितों की लगातार बढ़ती संख्या और बेड की कमी के चलते मरीजों को फर्श पर लिटाया जा रहा है। उधर, अंत्येष्टि स्थलों और अस्पतालों के वीडियो कुछ और ही कहानी बयां कर रहे हैं। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में दावा किया गया है कि चीन के अस्पताल कोरोना मरीजों से भरे पड़े हैं और अंत्येष्टि के लिए कतारें लग रही हैं। शव घरों के कर्मचारियों की अतिरिक्त तैनाती करानी पड़ी है, क्योंकि कोविड से मौतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चीन के कई शहरों में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। व्यवसायिक क्षेत्र पर भी संक्रमण का असर देखने को मिला है। इन केंद्रों पर कामगारों की एक साथ ज्यादा भीड़ न जुटे, इसके लिए व्यवस्था की जा रही है। सीडीसी चीन के निदेशक जियाओफेंग लियांग ने दावा किया है कि अगले 90 दिन के अंदर पूरी दुनिया में कोरोना का कहर देखने को मिलेगा। दुनिया के 10 प्रतिशत से ज्यादा लोग कोरोना की चपेट में आ सकते हैं।

## आशंकाः चीन...

संख्या की जानकारी नहीं देने के बाद अब संक्रमण दर का सही निर्धारण करना संभव नहीं है। गेब्रियल लेउंग हांगकांग विश्वविद्यालय में मेडिसिन के पूर्व डीन हैं। शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि संक्रमण मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए दिसंबर 2022 और जनवरी 2023 में स्वास्थ्य सेवाओं पर अत्यधिक दबाव देखने को मिल सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि टीकाकरण, एंटीवायरल उपचार और पीएचएसएम के संयुक्त प्रभाव से मृत्युदर कम की जा सकती है। अध्ययन में कहा गया कि कोविड-19 महामारी इस चरण की व्यापकता को देखते हुए देशव्यापी स्तर पर आवागमन पर ध्यान रखना होगा। एक बार सुधार होने और हालात सामान्य होने के बाद चीन ने कड़ाई से लागू करने वाले अपने शून्य कोविड नीति में ढील देते हुए नरमी दिखाई। सिर्फ एक दिन बाद देश में 21,165 कोरोना वायरस संक्रमित मामलों की जानकारी दी गई, लेकिन वास्तविक आंकड़ों को लेकर स्थिति साफ नहीं है, लेकिन यह आंकड़ा कम संक्रमण और जांच को दर्शाता है।

## जीनोम सिक्वेंसिंग...

कहा है कि संक्रमित लोगों के नमूनों के जीनोम अनुक्रमण की गति तेज कर दें। भूषण ने कहा कि जापान, अमेरिका, कोरिया गणराज्य, ब्राजील और चीन में मामलों में अचानक आई तेजी को देखते हुए भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के माध्यम से वायरस के स्वरूपों पर नजर रखने के लिए संक्रमण के मामलों के नमूनों का पूरा जीनोम अनुक्रमण तैयार करना आवश्यक है।

## बेरोजगारों से...

मिला था। शिवरमन ने सांसदों और मंत्रियों के साथ अपनी जान-पहचान का दावा किया और मौद्रिक लाभ के बदले बेरोजगारों के लिए रेलवे में रोजगार की पेशकश की। जिसके बाद सुब्बसामी नौकरी की तलाश कर रहे तीन लोगों के साथ दिल्ली आया और बाद में नौकरी पाने के लिए 25 लोग और उनके साथ आए। ईओडब्ल्यू ने अपनी प्रारंभिक जांच में पाया कि यह एक नौकरी घोटाला था और आगे की जांच चल रही है। रेल मंत्रालय में मीडिया और संचार के अतिरिक्त महानिदेशक योगेश बवेजा ने इस तरह के नौकरी घोटालों के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि रेलवे बोर्ड नियमित रूप से सलाह जारी कर रहा है और आम लोगों को इस तरह की धोखाधड़ी के खिलाफ सतर्क कर रहा है।

## उत्तर भारत...

दोस्त हो गया। सीतापुर में कम दृश्यता के कारण एक वैन खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसमें आठ लोग घायल हो गए। उत्तर प्रदेश सरकार ने घने कोहरे और उससे होने वाले हादसों को देखते हुए मंगलवार शाम राज्य रोडवेज की बसों का रात में परिचालन बंद कर दिया है। निगम के क्षेत्रीय प्रबंधकों को आदेश जारी कर कहा गया है कि रात आठ बजे से सुबह आठ बजे तक बसें नहीं चलाई जाएंगी। इसके अलावा नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर स्पीड लिमिट 100 से घटाकर 75 किमी प्रतिघंटा कर दी गई है। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के काफिले में शामिल दो पुलिस वाहन हिसार-सिरसा राजमार्ग पर घने कोहरे के कारण आपस में टकरा गए। इस हादसे में चौटाला के एक अंगरक्षक को चोट आई है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 6.3 डिग्री और अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रहा। अगले कुछ दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान गिरकर पांच डिग्री सेल्सियस और दिन का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। पंजाब में कोहरे के कारण स्कूलों का समय बदल दिया गया है। राज्य के सभी स्कूल 21 दिसंबर से 21 जनवरी तक सुबह 10 बजे खुलेंगे।

## जम्मू-कश्मीर...

के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए। मौके से एक एके47 राइफल और दो पिस्तौल बरामद हुई है।

## खड़गे के...

चर्चा से भागने का आरोप लगाया था। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार चीन की ओर से किए जा रहे अतिक्रमण और सीमा मुद्दे पर संसद में चर्चा करने को तैयार नहीं है। इसी क्रम में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, केन्द्र सरकार बाहर तो शेर के जैसे बात करती है, लेकिन उनका जो चलना है, वो आप देखेंगे तो चूहे के जैसा है। उन्होंने आगे कहा कि देश की खातिर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने कुर्बानी दे दी। फिर उन्होंने पूछा हमारी पार्टी के नेताओं ने जान दी है, तुम (भाजपा) ने क्या किया? आपके घर देश के लिए कोई कुत्ता भी मरा है?.. क्या किसी ने कुर्बानी दी है? नहीं....। लेकिन फिर भी वे देशभक्त और हम कुछ भी बोलेंगे तो देशद्रोही। खड़गे के इसी बयान को मुद्दा बनाते हुए गोयल ने उच्च सदन में कहा कि इस प्रकार का अभद्र भाषण देना देश के हर मतदाता का अपमान है। उन्होंने कहा कि वह खरगे के व्यवहार और उनकी भाषा की निंदा करते हैं। गोयल ने कहा कि आजादी के बाद महात्मा गांधी ने कांग्रेस पार्टी को ही समाप्त कर देने की बात कही थी। उन्होंने कहा, खड़गे जी उसका जीता जागता प्रतीक हैं और दिखा रहे हैं देश को कि शायद गांधी जी ने सत्य ही कहा था। उन्होंने खरगे पर हमला करते हुए कहा कि वह एक पार्टी के ऐसे अध्यक्ष हैं जिनको भाषण देना नहीं आता। गोयल ने कहा, उन्हें माफी मांगना चाहिए और जब तक माफी ना मांगें तब तक उनको यहां पर रहने का कोई अधिकार नहीं है।

## पीएम ने...

करंदलाजे ने इस अवसर पर सभी का स्वागत किया। मिलेट्स लंच के बारे में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि इस विशेष अवसर पर कर्नाटक के खानसामा के द्वारा ज्वार-बाजरा से स्वादिष्ट रोटी और मिठाई तैयार किया गया था। मुझे इस बात की खुशी है कि प्रधानमंत्री इस खास भोजन को पसंद किया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा ज्वार-बाजरा की खिचड़ी, रागी डोसा, रागी रोटी, ज्वार रोटी, हल्दी की सब्जी, बाजरा चूरमा के अलावा बाजरे की खीर और केक खास था। केंद्रीय मंत्री तोमर का कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी चाहते हैं कि देश की प्राचीन पोषक-अनाज को भोजन की थाली में फिर से सम्मानजनक स्थान मिलें। साथ ही, यह पहल किसानों को लाभकारी प्रतिफल सुनिश्चित करेगी। भाजपा संसदीय दल की बैठक के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि मोदी ने भाजपा सांसदों से कहा कि देश के ज्यादातर छोटे किसानों द्वारा उगाए जाने वाले मोटे अनाज को लोकप्रिय बनाना देश की सेवा करने के बराबर है। जोशी के मुताबिक पीएम मोदी ने कहा कि यह एक जन आंदोलन का स्वरूप लेना चाहिए। भारत की अध्यक्षता में जी-20 से जुड़ी बैठकों में हजारों विदेशी प्रतिनिधियों के बड़ी संख्या में शामिल होने की संभावना के बीच मोदी ने कहा कि मोटे अनाज को उनके लिए परोसे जाने वाले भोजन व व्यंजनों का हिस्सा बनाया जा सकता है। मोटे अनाज को आंगनवाड़ियों, स्कूलों, घरों और सरकारी बैठकों में भी उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छोटे किसानों की श्रेणी में आने वाले 85 प्रतिशत से अधिक भारतीय किसान बड़ी संख्या में बाजरा उगाते हैं, ऐसे में इन अनाजों की खपत में वृद्धि से उन्हें आर्थिक मदद मिलेगी।

# जिलाधिकारी ने अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क परियोजना की मीटिंग में की समीक्षा

## ● मई, अमरौड़ में किसानों से समन्वय बनाने के प्रयास हों तेज

संवाददाता। उरई (जालौन)


अधिकारियों के साथ बैठक करती डीएम चांदनी सिंह — पायनियर

**मंगलवार** को जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की अध्यक्षता में 1200 एमडब्लू सोलर पार्क की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। सोलर पार्क का निर्माण बुंदेलखंड और ऊर्जा लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क परियोजना का निर्माण यूपी नेडा व एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है। परियोजना अधिकारी नेडा राकेश कुमार पांडे ने परियोजना की रूपरेखा एवं सोलर पॉलिसी 2022 के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने परियोजना के बारे में बताया कि परियोजना केंद्र सरकार के नवीन और नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय द्वारा प्रायोजित है एवं सोलर पॉलिसी 2022 में बीएसयूएल (सरकारी विभाग) को सरकारी भूमि परियोजना निर्माण हेतु 30 वर्ष के लिए लीज पर दिए जाने का प्रावधान है साथ ही संबंधित क्षेत्र में रोजगार भी प्राप्त होगा। जीएसएम बृजेश शर्मा ने परियोजना की प्रगति के बारे में अवगत कराया कि सरकारी भूमि पर तहसील माधौंगढ़ में 350 एमडब्ल्यू की परियोजना हेतु निविदा का कार्य शुरू किया जा सकता है। उन्होंने निजी भूमि के अवशेष कृषकों को सहमत करने हेतु जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम मई व अमरौड़ में किसानों से उप जिलाधिकारी तहसीलदार आदि संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य प्रगति लाई जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पूनम निगम, उप जिलाधिकारी कालपी अभिषेक कुमार, परियोजना अधिकारी नेडा आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मवेशी चोरी की घटनाओं का खुलासा, दो गिरफ्तार

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र में हुई मवेशी चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियो के पास से चोरी के पांच मवेशी और एक लोडर बरामद किया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार राधानगर थानाध्यक्ष राजकिशोर, चौकी प्रभारी जयरामनगर उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार मंगलवार को अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी त्रिलोकीपुर पुलिया के पास से साजन बाल्मीकि निवासी नई बस्ती राधानगर, मो. शाकिर निवासी उसरैना थरियांव को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने लोडर नं. यूपी-71एटी/7859 में लदी चोरी की तीन भैंस और दो पड़िया बरामद की। थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह ने बताया कि एक हफ्ते में थाना क्षेत्र से मवेशी चोरी की दो घटनाएं हुई थीं। मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही थी। तभी दो शातिरों को चोरी के मवेशियों के साथ पकड़ा गया है।

# चोरी के ट्रक, कार सहित दस शातिर चोर गिरफ्तार

संवाददाता। उरई (जालौन)



**मंगलवार** को एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से चोरी के पाइप, ट्रक, एक कार बरामद की है। मामले का खुलासा एएसपी ने पुलिस लाइन सभागार में किया। खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि बीती 30 अगस्त को राजेश सिंह सेंगर पुत्र प्रताप सिंह सेंगर निवासी मोहल्ला राजेंद्र नगर ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि 80 डीआई पाइप लोहे के चोर चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात ट्रक व अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। इस मामले का खुलासा करने के लिए पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने क्षेत्राधिकारी गिरजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस, एसओजी व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम को लगाया था। मामले का खुलासा करने में लगी संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर सात मील स्थित वेयरहाउस के पास दबिश डालते हुए घेराबंदी कर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के पूछे जाने पर शातिर चोरों ने अपना नाम जावुद्दीन पुत्र चंदा, फ्हीमुद्दीन पुत्र चंदा, सानुद्दीन पुत्र मेहरावखान, तययूब पुत्र शबील हसन, रिजवान पुत्र मेहरबान, कलुआ पुत्र चांद खां गुड्डू पुत्र साबिर खान, साजिद पुत्र इरशाद खान, निवासीगण नगला भूरा थाना सासनी जिला हाथरस, गौरव पुत्र विजय सिंह निवासी प्रकाश कानूनी संत कबीर आश्रम जिला पलवल सहित 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने 130 लोहा पाइप, दो ट्रक व एक वैगनआर कार बरामद की है। इस दौरान पकड़ने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी शिवकुमार सिंह राठौर, सर्विलांस सेल टीम प्रभारी योगेश पाठक, उप निरीक्षक राजकुमार, अशोक कुमार यादव, संदीप कुमार सिंह, कांस्टेबल विनय प्रताप, जगदीश चंद्र, कर्मवीर सिंह, गौरव बाजपेई, सुशांत मिश्रा, रवि भदोरिया, शैलेंद्र चौहान, मोहित, संजय कुमार, सौरभ, आकाश जैन, आकाश कुमार, मनीष कुमार, त्रिवेंद्र सहित संयुक्त टीम मौजूद रही।

## क्विक न्यूज

### ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से युवक मौत

**पुखरायां, कानपुर देहात।** मूसानगर के पास भट्टे के लिए अवैध खनन करते हुए ट्रैक्टर पलट जाने से युवक की दबकर मौत हो गई मूसानगर थाना क्षेत्र के अतबलपुर गांव निवासी युवक रामू भट्टे के लिए ट्रैक्टर से मिट्टी ढो रहा था। अचानक ट्रैक्टर पलट जाने से रामू की दबकर मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर युवक का शव निकाला। पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं बरौर थाना क्षेत्र के तारनपुर गांव के पास तालाब के किनारे धान के पुआल के ढेर में एक अज्ञात नवयुवक का का शव बरामद हुआ है। मंगलवार को कुछ ग्रामीण खेतों की तरफजा रहे थे। वहीं पड़े एक पुआल के ढेर से बदबू आने पर उन्हें शक हुआ। जब जाकर देखा तो तीन-चार दिन पुराना एक युवक का शव पड़ा हुआ था। बरौर पुलिस को सूचित करने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी शिव शंकर ने बताया कि अज्ञात युवक की क्षेत्र में प्रचार कर शिनाखत करने की कोशिश की जा रही।

### डंपर ने कार में मारी टक्कर दरोगा समेत दो घायल,कानपुर रेफर

**हमीरपुर।** सुमेरपुर थानाक्षेत्र में कानपुर सागर हाईवे पर इंगोहटा गांव के निकट महोबा की ओर जा रही कार को डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार सवार एक दरोगा सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलो को इलाज के लिये कानपुर रिफर कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक कौशांबी जनपद के महेशपुर निवासी दरोगा वीरेंद्र त्रिपाठी (35) अपने गांव एक साथी संतोष (40) के साथ कार से सुमेरपुर से महोवा की ओर जा रहे थे। तभी दोपहर इंगोहटा बस स्टैंड के पास हाईवे पर कबरई की ओर से आ रहे डंपर ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे इसमें सवार दरोगा सहित उसका साथी सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए।

### घने कोहरे में दो ट्रक भिड़े, पांच गम्भीर घायल

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के बराहमाफी गांव में प्रकाश के जिल्ला के पास दो ट्रकों की आमने-सामने भिडन्त में छह लोग घायल हो गये। पांच की हालत गम्भीर बताने पर प्रयागराज रेफर किया गया है। पुलिस ने राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस से घायलों को मानिकपुर सीएचसी भर्ती कराया है। ये हादसा मंगलवार को सवेरे आठ बजे मानिकपुर थाना क्षेत्र के बराहमाफी गांव में घने कोहरे के चलते हुआ। बताया गया कि कल्याणपुर गांव से डस्ट को गिराकर हाफडाला ट्रक आ रहा था। ट्रक को मानिकपुर थाना के कालीघाटी का निवासी बरातीलाल चला रहा था। हेल्पर के बतौर कालीघाटी का मिथुन था। इसी बीच दूसरा डम्फर मानिकपुर की ओर से गिट्टी लेकर मारकुण्डी की ओर जा रहा था। नत्थू व सुरेन्द्र निवासी शिवरामपुर डम्फर में एक अन्य व्यक्ति अवधबिहारी उर्फ कल्लू निवासी गदाखान थाना बहिलपुरवा बैठे थे। डम्फर गिट्टी लेकर डम्प करने जा रहा था। दोनों वाहन घने कोहरे के चलते आपस में भिडकर पलट गये। हाफडाला ट्रक में सवारों की हालत ज्यादा गम्भीर न होने से सीएचसी मानिकपुर में इलाज चल रहा है। गिट्टी लदे ट्रक में सवार सुरेन्द्रपाल, नत्थू, अवधबिहारी व मिथुन को प्रयागराज रेफर किया गया है।

### क्वालिटी टाइम बिताने का आग्रह

लखनऊ। काम से लेकर सूचनाओं के आदान.प्रदान और मनोरंजन आदि तक हर चीज के लिए स्मार्टफोन हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। हालांकि इस बढ़ते महत्व के साथए इसका अत्यधिक उपयोग पति.पत्नी के संबंधों सहित अन्य रिश्तों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।इस बारे में इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने आज रुस्विचऑफ कैंपेन के चौथे एडिशन को एक विचारोत्तेजक वीडियो के साथ पेश कियाए जो दर्शाता है कि कैसे कपल एक.दूसरे के जीवन में पूरी तरह से अनुपस्थित हो रहे हैं। यह कैंपेन वीवो . साइबर मीडिया रिसर्च के रिजल्ट पर आधारित है। जिसमें बताया गया है कि 88ः विवाहित भारतीयों का मानना है कि स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग उनकी शादी को कमजोर बना रहा है या नुकसान पहुंचा रहा है।

### सावधि जमा योजना के बारे में रैली निकालकर किया जागरुक

**हमीरपुर।** इंडियन बैंक ने चलाया जागरूकता अभियान इंडियन बैंक की नई सावधि जमा योजना इंड शक्ति 555 दिन सावधि जमा योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जनपद का अग्रणी बैंक इंडियन बैंक अंचल कार्यालय हमीरपुर द्वारा अंचल प्रमुख उत्तम दत्ता की अगुवाई में इंडियन बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जागरुकता रैली निकाली। इस बेहतरीन सावधि जमा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दे कर ग्राहकों एवं नगर वासियों से इन्ड शक्ति 555 दिन सावधि जमा योजना सावधि जमा योजना का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया। जागरूकता फेरी में उप अंचल प्रमुख अप्रतिम अवस्थी, अग्रणी जिला प्रबंधक संगम लाल मिश्रा, मो .आबिद, सुनील कुमार यादव, डी पी राव,प्रभाकरण, संदीप, नंदकिशोर, पियूष, अतुल,सौरभ , प्रशान्त, पंकज ,आनंद, जया,अभिनव, पारुल सहित भारी संख्या में लोग शामिल थे।

### शादी का झांसा देकर युवती के साथ बनाता रहा शारीरिक संबंध, रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** युवती अपने मंगेतर पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के बाद शादी न करने का आरोप लगाया है। युवती ने कोतवाली में युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। राठ कस्वा निवासी एक युवती ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर 21 को उसकी शादी का रिश्ता छतरपुर मप्र के एक युवक के साथ तय हुआ था। दोनों परिवारों की सहमति पर बाइक दी गयी थी। शादी का झांसा देकर मंगेतर उसके साथ शारीरिक शोषण करता रहा। बाद में शादी से इंकार कर दिया। शिकायत करने पर अधिकारियों के दवाब पर समझौता कराया और युवक शादी के लिए राजी हो गया। दोबारा भी शारीरिक संबंध बनाए और अश्लील वीडियो बना कर धमकी दी और पैसे की मांग करने लगा। युवती ने आरोप लगाया कि आरोपी युवक धमकी देकर 34 हजार रुपए भी ले गया और 5 दिसंबर को पुनः शारीरिक संबंध बनाया। कोतवाल तारा सिंह पटेल ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपी लकी तिवारी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**राठ (हमीरपुर)।** मजदूरी के रुपए देने के बहाने घर से ले जाकर मा डालने का आरोप लगाते हुए महिला की तहरीर पर मझगवां पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। जनपद झांसी के गरौठा थाना अंतर्गत मोती कटरा गांव निवासी माना देवी ने पुलिस को बताया कि मल्हैटा गांव में उसके पति रामगुलाम अहिरवार ने एक माह तक मजदूरी की थी। मजदूरी के रूपये देने पर भगा दिया गया। 30 अगस्त की रात घर पर कुछेछा गांव के चिंटू और छोटे आए और पति राम गुलाम को मजदूरी के रुपए दिलाने के बहाने घर से ले गए। काफी देर बाद जब वह घर नहीं लौटे तब उनकी तलाश में आरोपी के घर पहुंची तो पति रामगुलाम के हाथ पैर बांधे हुए थे और करंट लगाया। बताया कि बोरे में भरने का प्रयास किया जा रहा था। शोर मचाने पर आरोपी भाग गए। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां से झांसी रेफर किया गया। लेकिन चार सितंबर को उनकी मौत हो गई । घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने से लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित महिला ने अदालत का दरवाजा खटखटाया।

# सहकारी समिति में खाद लेने के दौरान किसानों ने काटा हंगामा



**राठ (हमीरपुर)।** मंगलवार को रामलीला मैदान स्थित क्रय विक्रय सहकारी समिति में खाद लेने पर किसानों ने जमकर हंगामा काटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझा कर लाइन लगवाकर खाद बंटवाई। खाद के लिए मारामारी अभी भी शांत नही हुई है। मंगलवार को क्रय विक्रय सहकारी समिति में सुबह से ही किसानों की भीड़ जमा हो गई। जैसे ही क्रय विक्रय समिति का ताला खुला वैसे ही खाद पाने के लिए किसान टूट पड़े भीड़ में धक्का-मुक्की होने से कई किसानों ने जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसानों को समझाकर खाद का वितरण कराया। खाद पाने के लिए महिला किसान भीड़ में नजर आई। क्रय विक्रय समिति के प्रभारी मनमोहन यादव ने बताया कि सरकार द्वारा भेजी जा रही खाद का वितरण कराया जा रहा है। किसानों की भीड़ अधिक होने पर खाद वितरण में परेशानी होती है।

# रोहनी गांव में एसडीएम ने अवैध कब्जों की कराई पड़ताल

## ● जुर्माना वसूलने के दिए निर्देश

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात


राजस्व टीम को निर्देश देतीं एसडीएम डॉ. पूनम — पायनियर

**उप जिलाधिकारी** ने मंगलवार को तहसील के रोहनी गांव राजस्व टीम के साथ पहुंचकर चकरोड तालाब खलियान सरकारी संपत्ति भूमिका निरीक्षण किया। जहां लंबे समय से चकरोड और एक तालाब की भूमि पर मिले कब्जों के मामले में शीघ्र खाली कराए जाने के निर्देश दिए। उप जिलाधिकारी डॉ. पूनम गौतम ने मंगलवार को राजस्व टीम के साथ रोहनी गांव जाकर तालाब खलिहान चकरोड खाद के गड्ढे आदि सरकारी संपत्ति भूमिका औचक निरीक्षण किया। राजस्व टीम को संपत्ति रजिस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गांव में गाटा संख्या 438 मे गांव के बाहर पश्चिम दिशा में बने तालाब पर कुछ लोगों का कब्जा पाया गया। कब्जायुक्त तालाब पर पूर्व में धारा 67 की कार्यवाही भी होना पाया गया तथा वर्ष 2018 में मामले में 7 लाख 29 हजार नौ सौ साठ रुपए जुर्माना भी उक्त कब्जेदार पर लगा पाया गया। लेकिन कब्जेदार द्वारा अब तक इस मामले में ना तो जुर्माना जमा किया गया और ना ही तालाब की भूमि से कब्जा हटाया गया है। इस मामले पर उन्होंने नाराजगी जताई तत्काल प्रभाव से कब्जा हटाए जाने के लिए कब्जेदार को निर्देशित किया है। इसके अलावा गाटा संख्या 499 में पूर्व में हुई चकबंदी के समय के बाद से चकरोड पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर रखा है। जिससे लोगों को खेतों की तरफ जाने के लिए रास्ता बंद हो गया है। इसके लिए उप जिलाधिकारी द्वारा कब्जा हटाए जाने के लिए राजस्व टीम को निर्देशित किया है। इस दौरान उन्होंने ग्राम प्रधान से सरकारी जमीन संबंधित किसी भी तरह की समस्या आ रही हो उसकी जानकारी मांगी। राजस्व टीम को संपत्ति रजिस्टर तैयार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रमोद कटियार, कानूनगो विश्राम स्वरूप, लेखपाल वर्षा पाल समेत कई ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# 14 नगरों में शामिल चित्रकूट के विकास को बनी महायोजना: अभिषेक आनंद

## ● बिना नक्शा पास हुए नहीं होना चाहिए कोई निर्माण: डीएम

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनन्द ने चित्रकूट धाम कर्वी की महायोजना 2031 की मंजूरी देते हुए सिटी डेवलपमेन्ट प्लान की स्थिति एवं विकास शुल्क की दरों में पुनरीक्षण और आय-व्यय आदि के विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा की। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि नगर के विकास को महायोजना 2031 का प्रस्ताव नगर एवं ग्राम योजन विभाग ने बनाया है। जनसामान्य को निर्माण कार्यों में कोई असुविधा न हो, क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास हो। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री निर्देश के क्रम में सूबे के 14 नगरों में सिटी डेवलपमेन्ट प्लान बनाया जाना था, इसमें चित्रकूट भी शामिल है। मास्टर प्लान तैयार होकर महायोजना का प्लान लागू किया जायेगा। बोर्ड की बैठक में लिए निर्णय जिले के विकास को दिशा देंगे। चार-पांच माह में आपत्तियों का निस्तारण कर प्राधिकरण की आय बढाने का कार्य हुआ है। उन्होंने प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा कि हो रहे निर्माण कार्य में नक्शा अवश्य पास होना चाहिए। किसी को परेशान न किया जाये। आनलाइन मंजूरी भी ले सकते हैं। शासन को पत्र भेजा गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि अपने विभाग से संबंधित जो भी विकास कार्य हों, इस प्रस्ताव महायोजना के मास्टर प्लान में प्रस्ताव दे सकते हैं। सहायक नियोजन झांसी एनके पुष्करणा ने महायोजना की बाबत विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, एसडीएम सदर राजबहादुर, एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खण्ड सत्येन्द्रनाथ, विद्युत एक्सईएन आरएस वर्मा, एएमओ भगत सिंह, ईओ नगर पालिका रामअचल कुरील आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने परखी देर रात्रि रैन बसेरों की हकीकत

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आश्रय स्थल फतेहगढ़ में बने रैन बसेरा का निरीक्षण किया। सबसे पहले डीएम व एडीएम ने सीएमओ ऑफिस के निकट आश्रय स्थल में बने रैन बसेरा फतेहगढ़ पहुंचकर निरीक्षण किया और डीएम ने वहां पर रुके हुए लोगों से बातचीत की। रैन बसेरा फतेहगढ़ के प्रबधंक आविद मंसूरी से डीएम व एडीएम न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इसके बाद डीएम ने फर्रुखाबाद रोडवेज बस अड्डे पर रैन बसेरा का निरीक्षण कर वहां पर ठहरे लोगों से जानकारी ली और व्यवस्थाओं के बारे में पूंछा कहा कोई परेशानी तो नही जिसपर वहां ठहरे लोगो ने बताया कि साहब कोई परेशानी नही है। खाना पीना सब दुस्रत है। बेहतर सुविधाओं के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने रैन बसेरों के पास अधिकारियों को अलाव जलाने के लिए निर्देश दिये।

# निकाय चुनाव में सपा प्रत्याशी का समर्थन करेगी महासभा: राजेश

संवाददाता। फतेहपुर

**निकाय** चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। ऐसे में सभी राजनैतिक दल चुनाव में फतह हासिल करने के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। इसके बीच अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के पदाधिकारियों ने भी कमर कस ली है और खागा नगर में सपा प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाना भी शुरू कर दिया है। जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव ने कहा कि महासभा निकाय चुनाव में सपा प्रत्याशी का समर्थन करके जिताने का काम करेगी। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिलाध्यक्ष चौधरी राजेश यादव की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जिसमें खागा नगर पंचायत चुनाव में सपा प्रत्याशी का समर्थन करने का ऐलान किया गया। श्री यादव ने बताया कि निकाय चुनाव में समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी का महासभा समर्थन करेगी। खागा नगर के साथ-साथ जिले के सभी निकायों में सपा प्रत्याशी को जिताने का काम किया जायेगा। उन्होने समाज के लोगों का आहवान किया कि समाजवादी पार्टी जिस भी दावेदार को अपना प्रत्याशी बनायेगी उसके पक्ष में मतदान करें। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी ही एक ऐसा दल है जो सभी को साथ लेकर चलती है। सपा नफरत की राजनीति नहीं करती है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार में रहते हुए अभूतपूर्व कार्य किये थे। इसलिए सपा प्रत्याशी को जिताकर अपने क्षेत्र को विकास की ओर ले जाने का काम करें। उन्होने बताया कि जल्द ही एक विशाल बैठक आयोजित की जायेगी। जिसमें सभी निकायों में सपा प्रत्याशी को जिताने का आहवान किया जायेगा। इस मौके पर पिंटू यादव, नरायन मौर्य, दिनेश यादव, अखिलेश मौर्य, राजू, राजेश पाल, मोनू लोधी, विपिन विश्वकर्मा तमाम लोग मौजूद रहे।

## आठ लाख की ठगी, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**फतेहपुर।** जमीन बैनामा करने के नाम पर युवक से आठ लाख की ठगी कर उसी जमीन को रजिस्ट्रार ऑफिस में सेटिंग करने वाले एक गैर सरकारी युवक से मिलकर जालसाजी से धोखाधड़ी कर दूसरे व्यक्ति के नाम रजिस्ट्री करा दी। पीड़ित ने स्थानीय थाने से लेकर एसपी तक से न्याय की गुहार लगाई। सुनवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने मामले में आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिया है। थरियांव थाना क्षेत्र के सूबेदार का पुरवा निवासी मेडीलाल 12 अक्टूबर 17 को मिथुन गौतम निवासी रामपुर थाना थरियांव से आठ लाख रुपये में जमीन का सौदा कर 2 साल 11 महीने का इकरारनामा कराया था। जिसमें मेडी लाल ने जमीन का बयाना दे दिया था। पांच लाख बाकी रकम थोड़ा-थोड़ा करके दे दिया था। इसके बाद मेडीलाल उक्त भूमि को मिथुन से बैनामा करने के लिए कहा लेकिन वह टालमटोल करता रहा। इस बीच मिथुन रजिस्ट्रार ऑफिस में दबदबा रखने वाले एक गैर सरकारी युवक श्याम यादव निवासी से सांठगांठ करके 9 फरवरी 21 को नीलेंद्र कुमार निवासी आवास विकास रोड आबूनगर को बिना इकरारनामा निरस्त कराए ही धोखाधड़ी कर बैनामा करा दिया।

# वर्षों से कबड्डी की तैयारी कर रहे छात्रों का भविष्य अधर में

आलोक निगम। बांदा

## ● छात्राओं का आरोप इस टूर्नामेंट की जानकारी नहीं दी गई और ना ही उनका ट्रायल कराया गया

## ● छात्राओं ने डीएम बांदा से मुलाकात कर शिकायत पत्र दिया



**गुरु गोविंद** दोऊ खड़े काके लागू पाय, यह पंक्तियाँ गुरु के महत्व को दर्शाती है और एक छात्र के लिए गुरु बहुत ही महत्वपूर्ण होता है परंतु अगर गुरू की लापरवाही से छात्र का भविष्य चौपट हो जाए परंतु अगर गुरु की लापरवाही से छात्र का भविष्य चौपट हो जाए तो फिर क्या कहा जाए ऐसा ही एक मामला बांदा में आया है जहां कबड्डी खेल प्रतियोगिता में अपना भविष्य बनाने के लिए 4 दर्जन से अधिक छात्र बांदा के स्टेडियम में कबड्डी की प्रैक्टिस करते हैं परंतु गुरु की लापरवाही से छात्रों को प्रदेश स्तरीय जूनियर कबड्डी में भाग लेने का मौका ही नहीं मिला। दरअसल बांदा स्टेडियम में 4 दर्जन से अधिक छात्र कबड्डी की लिए तैयारी करते हैं और कई बार अच्छा प्रदर्शन करके जिले का नाम रोशन कर चुके हैं लेकिन वह इस बार झांसी में हो रही प्रदेश स्तर की जूनियर कबड्डी में भाग नहीं ले पा रहे हैं इसको लेकर छात्राओं ने जिलाधिकारी बांदा से मुलाकात कर शिकायत पत्र दिया है और बताया है उन्हे प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता मे भाग लेने का मौका ही नहीं मिला, छात्राओं का आरोप है कि उन्हें इस टूर्नामेंट की जानकारी नहीं दी गई और ना ही उनका ट्रायल कराया गया है जिस कारण कई वर्षों से तैयारी कर रहे छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है छात्राओं का आरोप है कि उन्हें इस टूर्नामेंट की जानकारी नहीं दी गई और ना ही उनका ट्रायल कराया गया है जिस कारण कई वर्षों से तैयारी कर रहे छात्रों का भविष्य अधर में अटक गया है जबकि कुछ छात्राओं का तो ऐज् ही निकल गई है। छात्राओं ने मीडियाछात्राओं ने मीडियाकर्मियों से रो रो कर के आप बीती सुनाई कीछात्रों ने मीडियाकर्मियों से रो रो कर के आप बीती सुनाई की वह लगातार गंभीरता से कबड्डी के लिए तैयारी कर रहे थे और जब कबड्डी में कुछ करने का मौका आया तो उन्हें जानकारी ही नहीं दी गई एक छात्र ने बताया कि वह गांव की रहने वाली है उसके पिता के साथ हैं और वह देश के लिए खेलना चाहती थी परंतु ऐसे हालातों में गांव की रहने वाली है उसके पिता किसान हैं और वह देश के लिए खेलना चाहती थी परंतु शिक्षक की लापरवाही की वजह से प्रदेश स्तरीय जूनियर प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई है। वहीं इस पूरे मामले में जब खेलवही इस पूरे मामले में जब खेल के अधिकारी से बात की गईतो उन्होंने बताया 3उनकी ड्यूटी सिमोनी मेले में लगी हुई थी जिस कारण उनको इस प्रतियोगिता की जानकारी नहीं हो पाई है और वह इसकी सूचना अखबारों के माध्यम से छात्राओं को नहीं दे पाए हैं। सवाल यह उठता है कि जिन छात्राओं ने उनको जानकारी जानबूझकर ना देने का आरोप लगाया है वह छात्राएं रोज ग्राउंड पर जाकर के प्रैक्टिस करती हैं अब ऐसी परिस्थिति में जो बच्चे रोज ही प्रेक्टिस करने के लिए स्टेडियम रोड आते हैं उन्हें जानकारी देने के लिएप्रैक्टिस करने के लिए स्टेडियम रोड आते हैं उन्हें जानकारी देने के लिए किस अखबार की जरूरत है उन्हें तो जानकारी वैसे ही दी जा सकतीथी परंतु जो बच्चे रोज खेलने आते हैं उनको जानकारी ना मिल पाना और उनका चयन ना हो पाना और प्रदेश स्तरीय कबड्डी के खेल में उनकी खेलने की इच्छा जो अधूरी रह गई है वह कोई सामान्य बात नहीं है। छात्राओं का आरोप है कि अपने चहेते छात्राओं को ही बढ़ावा दिया जाता है भले ही उनको कबड्डी खेलना आता हो या ना आता हो और जो लोग अच्छे खिलाड़ी हैं उनके साथ भेदभाव का रवैया अपनाया जाता और जो लोग अच्छे खिलाड़ी हैं उनके साथ भेदभाव करवाई अपनाया जाता है। बांदा स्पोर्ट्स स्टेडियम के कर्मचारियों पर यह आरोपबड़े सवाल खड़ा करता है इनकी जिम्मेदारी तो है देश के प्रतिभाओं को आगे लाकर केबड़े सवाल खड़ा करता है इनकी जिम्मेदारी तो है देश के प्रतिभाओं को आगे लाकर के देश के नाम रोशन करने के लिए आगे बढ़ाना परंतु अगर छात्राओं का आरोप सही है यह छात्राओं का भविष्य खराब करने के लिए जिम्मेदार से जवाब कौन लेगा ताकि देश के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ न हो।

# उ. कोरिया ने जापान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की दी धमकी

एपी। सियोल



**उत्तर कोरिया** ने मंगलवार को जापान के खिलाफ सख्त और निर्णायक सैन्य कार्वाई करने की धमकी दी। साथ ही उसने आक्रामक सैन्य शक्ति में बदलने के प्रयास के रूप में जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति अपनाने की भी आलोचना की।उत्तर कोरिया का यह बयान जापान द्वारा सुरक्षा रणनीति की घोषणा के चार दिन बाद आया है। जापान ने घोषणा में चीन और उत्तर कोरिया की ओर से पेश खतरों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने के लिए जवाबी हमला करने की क्षमता को बढ़ाने और अपने सैन्य खर्च को दोगुना करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया था। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जवाबी हमले की क्षमता हासिल करने के लिए जापान के प्रयास का आत्मरक्षा से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन यह अन्य देशों के इलाकों पर हमले की एहतियाती क्षमता हासिल करने का स्पष्ट प्रयास है।सरकारी मीडिया में मंत्रालय के एक प्रवक्ता के हवाले से दिए बयान में कहा गया, जापान का अपनी गलत मंशाओं को पूरा करने का मूर्खतापूर्ण प्रयास, आत्मरक्षा के अधिकारों की आड़ में सैन्य आक्रमण की क्षमता को उचित नहीं ठहराया जा सकता और न ही इसे बर्दाश्त किया जा सकता है। बयान में अमेरिका पर जापानी सैन्य महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने और बढ़ावा देने तथा क्षेत्र की शांति से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया गया। बयान में कहा गया है कि इस तरह के अमेरिकी कदम उत्तर कोरिया को देश पर हमला करने के दुश्मन के प्रयासों को विफल करने के लिए नए रणनीतिक हथियार विकसित करने की योजनाओं को पूरा करने के लिए मजबूर कर रहे हैं।बयान में कहा गया है कि जापानी सुरक्षा रणनीति से क्षेत्रीय सुरक्षा की जटिलता के मद्देनजर उत्तर कोरिया अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए साहसिक और निर्णायक सैन्य कार्वाई कर सकता है। बयान में कहा गया है, हमारा देश यह दिखाने के लिए कार्वाई करना जारी रखेगा कि हम जापान के अन्यायपूर्ण, गलत मंशा वाले प्रयास से कितना चिंतित और नाराज हैं।

उत्तर कोरिया का सरकार नियंत्रित मीडिया अक्सर जापानी औपनिवेशिक अतीत की आलोचना करता है। उत्तर कोरिया ने मंगलवार को बयान में जापान को एक युद्ध अपराधी राष्ट्र कहा जिसने कोरियाई लोगों को काफी कष्ट पहुंचाया है। मंगलवार को, जापानी मुख्य कैबिनेट सचिव हिरोकाजू मात्सुनो ने उत्तर कोरिया पर इस साल कई मिसाइल परीक्षणों से जापानी और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे पैदा करने का आरोप लगाया।

# नेपाल ने रामदेव की दिव्य फार्मेसी सहित 16 भारतीय दवा कंपनियों को काली सूची में डाला

भाषा। काठमांडू

**नेपाल के** औषधि नियामक प्राधिकरण ने योग गुरु रामदेव के पतंजलि उत्पादों का निर्माण करने वाली दिव्य फार्मेसी सहित 16 भारतीय दवा कंपनियों को यह कहते हुए काली सूची में डाल दिया है कि वे विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दवा निर्माण मानकों का पालन करने में विफल रहीं। औषधि प्रशासन विभाग ने 18 दिसंबर को जारी एक नोटिस में नेपाल में इन दवाओं की आपूर्ति करने वाले स्थानीय एजेंट को उत्पादों को तुरंत वापस लेने को कहा है। विभाग द्वारा जारी नोटिस के मुताबिक, सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा निर्मित दवाओं का नेपाल में आयात या वितरण नहीं किया जा सकता है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार, डब्ल्यूएचओ के मानकों का पालन नहीं करने वाली

**● औषधि प्रशासन विभाग ने 18 दिसंबर को जारी एक नोटिस में नेपाल में इन दवाओं की आपूर्ति करने वाले स्थानीय एजेंट को उत्पादों को तुरंत वापस लेने को कहा है**

कंपनियों की सूची उन दवा कंपनियों की विनिर्माण सुविधाओं के निरीक्षण के बाद प्रकाशित की गईं, जिन्होंने अपने उत्पादों को नेपाल में निर्यात करने के लिए आवेदन किया था। अप्रैल और जुलाई में, विभाग ने दवा निरीक्षकों की एक टीम को उन दवा कंपनियों की निर्माण सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए भारत भेजा, जिन्होंने नेपाल को अपने उत्पादों की आपूर्ति के लिए आवेदन किया था।दिव्य फार्मेसी के अलावा, इस सूची में रेडियंट पैरेन्टेरल्स लिमिटेड, मरकरी लेबोरेटरीज लिमिटेड, एलायंस बायोटेक, कैपटैब बायोटेक, एग्लोमेड लिमिटेड, जी लेबोरेटरीज, डैफोडिल्स फार्मास्युटिकल्स, जीएलएस फार्मा, यूनिजूल्स लाइफ साइंस, कॉन्सेप्ट फार्मास्युटिकल्स, श्री आनंद लाइफ साइंसेज, आईपीसीए लेबोरेटरीज, कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड, डायल फार्मास्युटिकल्स और मैकुर लेबोरेटरीज शामिल हैं। इसी तरह, विभाग ने 19 दिसंबर को जारी एक अन्य नोटिस में वितरकों को भारत की कंपनी ग्लोबल हेल्थकेयर द्वारा निर्मित 500 मिलीलीटर और 5 लीटर हैंड सैनिटाइजर को वापस लेने के लिए कहा। विभाग ने संबंधित संगठनों से हैंड सैनिटाइजर का उपयोग, बिक्री या वितरण नहीं करने को कहा है।

# ब्रिटेन को नस्लभेदी देश बिल्कुल नहीं मानता: ऋषि सुनक

भाषा। लंदन



**ब्रिटेन में** भारतीय मूल के प्रथम प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने प्रिंस हैरी की पत्नी मेगन मार्कल के बारे में एक स्तंभकार की विवादास्पद टिप्पणी के बीच नस्लभेद पर ब्रिटेन के रिकॉर्ड का बचाव किया है। सुनक सोमवार को लातविया की राजधानी रीगा की यात्रा के दौरान पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों को जवाब दे रहे थे। उन्होंने नस्लभेद के आरोप को खारिज कर दिया और अपनी विरासत को रेखांकित किया। सुनक ने पत्रकारों से कहा, मैं बिल्कुल नहीं मानता कि ब्रिटेन नस्लभेदी देश है। मुझे उम्मीद है कि हमारे देश के पहले ब्रिटिश एशियाई प्रधानमंत्री के रूप में मैं जो कुछ कहूंगा उसे महत्व दिया जाएगा। ब्रिटेन में जन्मे और पंजाब से ताल्लुक रखने वाले सुनक ने कहा, आप जानते हैं, मुझे अपने देश, इसकी संस्कृति, मिलनसारिता, इसकी सुंदरता पर वास्तव में गर्व है। हाल में नेटफ्लिक्स पर प्रसारित हैरी और मेगन वृत्तचित्र की पृष्ठभूमि में पूर्व टेलीविजन प्रस्तोता और स्तंभकार जेरमी क्लार्कसन ने अखबार द सन में डचेस आफ ससेक्स मेगन मार्कल पर एक आलेख लिखा था, जिसके बाद नस्लभेद का विवाद शुरू हुआ। मार्कल अफ्रीकी-अमेरिकी हैं। क्लार्कसन के स्तंभ को लेकर इंडीपेंडेंट प्रेस स्टैंडर्ड्स आर्गेनाइजेशन (आईपीएसओ) को 6,000 से अधिक शिकायतें मिलीं, जिसके परिणामस्वरूप लेखक और अखबार ने अपनी वेबसाइट से स्तंभ को हटाते हुए माफी मांगी।

# पाक के विशेष सुरक्षा बलों ने बंधकों को मुक्त कराने के लिए धावा बोला, सभी आतंकियों को मार गिराया

भाषा। पेशावर इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवाद-रोधी केंद्र में दो दिनों से कुछ लोगों को बंधक बनाए जाने के मामले में वार्ता विफल होने के बाद सुरक्षा बलों ने धावा बोल दिया और सभी आतंकियों को मार गिराया।

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पुष्टि की है कि बन्नू में आतंकवाद-रोधी विभाग केंद्र में लोगों को बंधक बनाने वाले प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के सभी आतंकवादी पाकिस्तानी सेना के एक अभियान में मारे गए। सरकार ने बंधक संकट के समाधान के लिए आतंकवादियों के साथ बातचीत करने की कोशिश की लेकिन इसमें नाकामी के बाद पाकिस्तानी सेना के विशेष सेवा समूह (एसएसजी) के कमांडो ने परिसर पर धावा बोल दिया।

**● प्रांतीय सरकार सीटीडी परिसर पर कब्जा के संबंध में अपनी जिम्मेदारी में पूरी तरह से विफल रही**

आसिफ ने नेशनल असेंबली में कहा, यह अभियान 20 दिसंबर को अपराह्न साढ़े 12 बजे विशेष सेवा समूह द्वारा शुरू किया गया और सभी आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि सीटीडी परिसर में गिरफ्तार किए गए 33 आतंकवादी थे और उनमें से एक ने वहां कर्मचारी के सिर पर ईंट मारकर उसकी बंदूक छीन ली थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान दो कमांडो मारे गए, जबकि एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। आसिफ ने यह भी कहा कि सभी बंधकों को रिहा करा लिया गया है, लेकिन उन्होंने संख्या नहीं बताई। इससे पहले पुलिस सूत्रों ने बताया था कि करीब 24 अधिकारियों को बंधक बनाया गया। मंगलवार को टेलीविजन पर प्रसारित फुटेज में सीटीडी परिसर से धुएं का गुबार उठता दिखा। यह गतिरोध तब शुरू हुआ, जब आतंकवाद-रोधी विभाग (सीटीडी) ने रविवार को कुछ आतंकवादियों को गिरफ्तार किया तथा उनसे पुलिस थाने में पूछताछ की जा रही थी। तभी, इनमें से एक आतंकवादी ने रविवार को पुलिसकर्मी से एके-47 राइफल छीन ली और गोलियां चलानी शुरू कर दी।उक्त आतंकवादी ने इमारत में रखे गए अन्य आतंकवादियों को मुक्त कराया और उन्होंने परिसर को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने कई पुलिसकर्मियों को बंधक बना लिया। टीटीपी ने अपने आतंकियों के लिए दक्षिण या उत्तरी वजीरिस्तान के कबायली जिलों में सुरक्षित मार्ग की मांग की।बन्नू में मंगलवार को स्थिति तनावपूर्ण थी, क्योंकि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने चारों तरफ से छावनी क्षेत्र की घेराबंदी कर दी, जहां यह केंद्र स्थित है। इलाके के निवासियों को घरों के अंदर ही रहने के लिए कहा गया। क्षेत्र में मोबाइल फोन सेवाएं भी बंद कर दी गईं।आसिफ ने खैबर पख्तूनख्वा में इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी की नेतृत्व वाली सरकार पर हमला करते हुए कहा, कई समूहों के साथ जुड़ाव वाले 33 (आतंकवादियों) को हिरासत में लिया गया था। प्रांतीय सरकार सीटीडी परिसर पर कब्जा के संबंध में अपनी जिम्मेदारी में पूरी तरह से विफल रही। आसिफ ने अभियान के लिए सेना को श्रेय देते हुए कहा कि प्रांतीय सरकार की इसमें कोई भूमिका नहीं थी।

## क्विक न्यूज

### सरकार ने 2014 से विनिवेश से जुटाए चार लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार के 2014 मे सत्ता मे आने के बाद से सरकार ने विनिवेश और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो (सीपीएसई) की रणनीतिक बिक्री से 4.04 लाख करोड़ रुपए से अधिक जुटाए है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।इसमें से सबसे ज्यादा 1.07 लाख करोड़ रुपए की राशि 59 मामलो मे बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिए जुटाई गई है। इसके बाद एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के जरिए 10 किस्तों मे हिस्सेदारी बिक्री कुल मिलाकर 98,949 करोड़ रुपए जुटाए गए है। पिछले आठ साल मे एयर इंडिया समेत 10 कंपनियो मे रणनीतिक बिक्री से सरकारी खजाने को 69,412 करोड़ रुपए मिले। वही 45 मामलो मे शेयर पुर्नखरीद से 45,104 करोड़ रुपए मिले। वर्ष 2014-15 से 17 सीपीएसई सूचीबद्ध हुए जिनसे 50,386 करोड़ रुपए प्राप्त हुए। सरकार को इसमे से अकेले बीमा कंपनी एलआईसी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से 20,516 करोड़ रुपए मिले।

### विदेश से दो पालतू जानवरों को विमान में लाने के लिए नहीं लेनी होगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने विदेश मे रहने वाले लोगो को अपना ठिकाना भारत मे स्थानांतरित करते समय दो पालतू जानवरो को विमान मे लेकर आने की अनुमति दे दी है और इसके लिए उन्हें विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) से मंजूरी भी नही लेनी होगी। वाणिज्य मंत्रालय के तहत गठित डीजीएफटी ने पालतू जानवरो को विदेश से लाने के बारे मे यह स्पष्टीकरण दिया है। यह नोटिस सभी अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस, विदेश में मौजूद भारतीय दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के लिए जारी किया गया है। डीजीएफटी ने इस नोटिस मे कहा है कि अधिकतम दो पालतू जानवरों-कुत्ते या बिल्ली को विदेश से भारत बसने के लिए आ रहे लोग अपने साथ विमान में सामान के तौर पर लेकर आ सकते हैं। यह छूट केवल उन्ही लोगो को होगी जो विदेश मे लगातार दो साल रह चुके हो। हालांकि, अगर दो से अधिक पालतू पशुओ को कोई व्यक्ति अपने साथ भारत लाना चाहता है तो उसे डीजीएफटी से इसकी पूर्व-अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा विदेश में दो साल तक रहने की शर्त पूरी न करने वाले लोगो को दो पालतू पशु लाने के लिए भी डीजीएफटी से मंजूरी लेनी होगी। महानिदेशालय ने कहा कि पालतू पशुओं का आयात सिर्फ हवाईअड्डो एवं समुद्री बंदरगाहो के जरिए ही किया जा सकता है।

### बिजली संकट: पाकिस्तान ने रात आठ बजे तक बाजार बंद करने, शादियों पर प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई

इस्लामाबाद। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान मे बिजली बचाने की हताशा भरी योजना के तहत बाजार और रेस्तराओं को रात आठ बजे तक तथा विवाह स्थलो को रात दस बजे तक बंद करना होगा। पाकिस्तान नकदी संकट के साथ ही भीषण बिजली संकट और महंगाई से भी जूझ रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध और जून मे आई विनाशकारी बाढ़ ने देश के ऊर्जा संकट को और बढ़ा दिया है। राष्ट्रीय ऊर्जा-संरक्षण कार्यक्रम पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा शुरू किया गया, और यह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा अधिकारियो को ऊर्जा क्षेत्र मे परिपत्र ऋण कम करने का निर्देश दिए जाने के एक दिन बाद आया है। आसिफ ने कहा कि संघीय सरकार इस राष्ट्रव्यापी योजना को लागू करने के लिए प्रांतो से संपर्क करेगी।

### ब्रिटेन में महाराजा चार्ल्स तृतीय की तस्वीर वाले बैंक नोटों के डिजाइन का अनावरण

**लंदन ।** बैंक ऑफ इंग्लैड ने मंगलवार को ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय की तस्वीर वाले बैंक नोटो के पहले सेट के डिजाइन का अनावरण किया। महाराजा चार्ल्स (74) तृतीय की तस्वीर 5, 10, 20 और 50 पाउंड मूल्यवर्ग के सभी चार पॉलीमर (प्लास्टिक) बैंक नोटो के मौजूदा डिजाइन पर दिखाई देगी। बैंक नोटों के मौजूदा डिजाइन में कोई अन्य परिवर्तन नही होगा जिसमे उनकी दिवंगत मां महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice, Information to All. I, Shashi, W/o Gurubaksh Singh, R/o H. No. 447, Pocket-00, Block-A, Sector 2, Rohini, Delhi-110085, being the first legal heir of the aforesaid residential property, having been purchased by my husband, have now disowned our daughter Ms. Sneha Talwar, now known as Mrs. Sneha Chitkara w/o. Rahul Chitkara, from all her rights, title and interest in the aforementioned property for all future purposes.

Kaushal Kishore (Advocate)

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my clients, **Smt. Nirupama Singh & Sh. Sheesh Pal SINGH, owners of LIG Flat No. 85-D, First Floor, Pocket-K,Sheikh Sarai Phase-II,New Delhi** have applied for conversion of the aforesaid property from lease hold to free hold VIDE DDA FILE NO.F.95(265) 85/HB in DDA. The original documents i.e. **POSSESSION LETTER AND NOC TO WATER AND ELECTRIC** of the above said property has been lost. An NCR/LR NO.108957 6/2022 dated 16.12.2022 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi. Any person(s)claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9891892122 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (LAB) Housing or Director (Housing), DDA, Vikas Sadan, New Delhi.

# शीर्ष छह शहरों में कार्यालय स्थल की मांग 52 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान

भाषा। नई दिल्ली

**देश के छह** प्रमुख शहरों में बेहतर मांग के कारण इस साल कार्यालय स्थल की कुल मांग 52 प्रतिशत बढ़कर 5.01 करोड़ वर्ग फुट पर पहुंचने की उम्मीद है। कोलियर्स इंडिया ने यह अनुमान लगाया गया है।कोलियर्स इंडिया के अनुसार, अगले साल कार्यालय स्थलों की मांग में घटकर 3.5 से 3.8 करोड़ वर्ग फुट रह सकती है। कोलियर्स के आंकड़ों के अनुसार, 2022 में शीर्ष छह शहरों- बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई, हैदराबाद और पुणे में श्रेणी-ए (प्रीमियम) के कार्यालय स्थलों की पट्टे पर मांग 52 प्रतिशत बढ़कर 5.01 करोड़ वर्ग फुट पर पहुंचने का अनुमान है। 2021 में कार्यालय स्थल की कुल मांग 3.3 करोड़ वर्ग फुट रही थी। कोलियर्स ने बयान में कहा कि दो साल के अंतराल के बाद, किराएदार अपने भविष्य की कार्यस्थल की जरूरतों के बारे में आशान्वित हैं और देश के शीर्ष शहरों में पट्टे पर कार्यालय स्थल ले रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस साल बेंगलुरु में कार्यालय स्थल की मांग 66 प्रतिशत बढ़कर 1.63 करोड़ वर्ग फुट होने का अनुमान है। पिछले साल बेंगलुरु में कार्यालय स्थल की मांग 98 लाख वर्ग फुट रही थी। चेन्नई में कार्यालय स्थल की मांग 28 लाख वर्ग फुट से बढ़कर 46 लाख वर्ग फुट तक पहुंचने का अनुमान है। यह 64 प्रतिशत की वृद्धि होगी। दिल्ली-एनसीआर में कार्यालय स्थल की मांग पहले के 63 लाख वर्ग फुट से 40 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 88 लाख वर्ग फुट हो सकता है। इस दौरान हैदराबाद में कार्यालय स्थल को पट्टे पर देने की गतिविधियां 59 लाख वर्ग फुट से 29 प्रतिशत बढ़कर 76 लाख वर्ग फुट हो जाने की संभावना है। वहीं मुंबई में कार्यालय स्थल की मांग 59 प्रतिशत बढ़कर 73 लाख वर्ग फुट होने का अनुमान है। पिछले साल यह 46 वर्ग फुट रही थी। इसी तरह इस साल पुणे में कार्यालय स्थल की मांग 53 प्रतिशत बढ़कर 55 लाख वर्ग फुट पर पहुंच सकता है। 2021 में यह 36 लाख वर्ग फुट रहा था। कोलियर्स इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रमेश नायर ने कहा, वाणिज्यिक कार्यालय रियल एस्टेट के लिए 2022 का साल ऐतिहासिक होने की उम्मीद है। महामारी के बाद सहयोग, विचार-मंथन और एक गतिशील संस्कृति का निर्माण किसी भी कार्यस्थल के तीन स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, अगले साल यानी 2023 में निर्णय लेने की रफ्तार सुस्त पड़ने से कार्यालय स्थल की मांग 3.5-3.8 करोड़ वर्ग फुट रह सकती है। इस शीर्ष छह शहरों में बेंगलुरु के बाद हैदराबाद में सबसे अधिक आपूर्ति देखने को मिल सकती है।

# शुरुआती नुकसान से उबरे शेयर बाजार, मामूली गिरावट के साथ हुए बंद

भाषा। मुंबई



**कमजोर वैश्विक** संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को अधिकांश समय तक गिरावट रहने के बाद अंतिम क्षणों में लिवाली से नुकसान की काफी हद तक भरपाई हो गई। खासकर रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयरों में तगड़ी खरीदारी हुई। इसके बावजूद दोनों प्रमुख सूचकांक नुकसान के साथ ही बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स कारोबार के अंत में 103.90 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 61,702.29 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 703.51 अंक तक लुढ़क गया था, लेकिन निचले स्तर पर खरीदारी होने से इसने नुकसान की काफी हद तक भरपाई कर ली। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 35.15 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही और यह 18,385.30 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कुल 30 कंपनियों में से 21 को नुकसान हुआ। टाटा मोटर्स को सर्वाधिक 1.75 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा। हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील भी में गिरावट का रुख रहा।दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक 1.29 प्रतिशत तक की बढ़त लेने में सफल रहे।व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप में 0.27 प्रतिशत और स्मॉलकैप में 0.02 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बैंक ऑफ जापान ने अप्रत्याशित रूप से 10 वर्षीय बॉन्ड प्रतिफल में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि कर सबको चौंका दिया। इससे वैश्विक बाजारों में बिकवाली को समर्थन मिला जो फेडरल रिजर्व की टिप्पणियों से पहले से ही दबाव में हैं। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार अधिकांश समय दबाव में रहे लेकिन शुरुआती नुकसान की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे। नए सकारात्मक कारकों के अभाव में बाजार इस तरह बर्ताव कर रहा है।

# मारुति के चेयरमैन ने कहा, छोटी, बड़ी कारों के लिए एक समान कर ढांचा वाहन उद्योग के लिए अच्छा नहीं

भाषा। नई दिल्ली

**देश की** सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आर सी भार्गव का मानना है कि देश में छोटी कारों पर नियामकीय बोझ सबसे अधिक है।

उन्होंने कहा कि यह भारतीय वाहन उद्योग का एक महत्वपूर्ण खंड है और सभी खंडों के वाहनों के लिए एक समान कर ढांचा क्षेत्र की वृद्धि की दृष्टि से अनुकूल नहीं है। भार्गव ने कहा कि अगर विनिर्माण क्षेत्र तेजी से बढ़ता, तो भारत की आर्थिक वृद्धि दर कहीं ऊंची हो सकती थी। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से नरेंद्र मोदी सरकार के सर्वश्रेष्ठ प्रयासों के बावजूद विनिर्माण क्षेत्र पीछे है। इसकी वजह जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में अंतर है। भार्गव ने सोमवार शाम संवाददाताओं से बातचीत में कहा, छोटी कारों पर नियामकीय बदलावों का बोझ बड़ी कारों की तुलना में कहीं अधिक है। इसकी वजह से पूरे बाजार के व्यवहार में परिवर्तन आया है। अब छोटी कारों की खरीदारी घटी है। मुझे लगता है कि यह कार उद्योग या देश के लिए अच्छी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि वाहन उद्योग के स्वस्थ विकास के लिए कारों के बाजार में नए ग्राहकों की संख्या में लगातार वृद्धि होनी चाहिए। कारों के स्वामित्व का आधार हर साल बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में कार उद्योग एक ऐसा क्षेत्र बन गया है जहां छोटी कारों के खंड में कोई वृद्धि नहीं है। जो भी वृद्धि हो रही है, वह बड़ी कारों के खंड में है। वर्तमान में, वाहनों पर 28 प्रतिशत माल एवं सेवा (जीएसटी) के साथ वाहन के प्रकार के हिसाब से एक से 22 प्रतिशत का अतिरिक्त उपकर लगाया जाता है। पूरी तरह से निर्मित इकाइयों (सीबीयू) के रूप में आयातित कारों 60 से 100 प्रतिशत के बीच सीमा शुल्क लगता है। भार्गव ने इलेक्ट्रिक कारों के लिए कहा कि जीएसटी को पांच प्रतिशत रखा गया है चाहे वह छोटी कार है या बड़ी कार।

# आपूर्ति झटकों के बाद अत्यधिक खर्च की वजह से बनी रही महंगाई

भाषा। मुंबई

**शुरुआती मुद्रास्फीतिकारी** दबाव आपूर्ति से जुड़े झटकों की वजह से था, लेकिन जैसे-जैसे उनका प्रभाव कम हुआ, लोगों ने जबर्दस्त तरीके से खर्च (रिवेंज रिबाउंड) करना शुरू कर दिया जिससे महंगाई अब लगातार बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक के एक लेख में यह टिप्पणी की गई है। इस लेख में फरवरी, 2022 के बाद से देश में मुद्रास्फीति के रुख का आकलन किया गया है। लेख में कहा गया है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते आपूर्ति पक्ष के झटकों ने खुदरा मुद्रास्फीति को भारतीय रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर कर दिया था। हालांकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 5.9 प्रतिशत पर आ गई है। मुख्य रूप से सब्जियां सस्ती होने से मुद्रास्फीति नीचे आई है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा के नेतृत्व वाली एक टीम द्वारा लिखे गए इस लेख में कहा गया है कि शुरुआती मुद्रास्फीतिकारी दबाव आपूर्ति पक्ष के झटकों की वजह से था। लेकिन इनका प्रभाव कम होने के बाद जोर-शोर से खरीदारी की जाने से मुद्रास्फीति लगातार टिकी हुई है।

रिवेंज रिबाउंड पर आधारित खरीदारी का मतलब है कि महामारी के दौर में लगी बंदिशें हटने के बाद लोगों ने एक तरह का प्रतिशोध लेने के लिए खूब खरीदारी की है।यह लेख रिजर्व बैंक के मंगलवार को जारी बुलेटिन का हिस्सा है। लेख में भारत में फरवरी, 2022 के बाद से मुद्रास्फीति के रुख का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। इसमें कहा गया है कि जनवरी, 2022 तक महामारी की दो विनाशकारी लहरों का दौर बीतने और प्रतिकूल आधार प्रभाव के साथ फरवरी, 2022 में आरबीआई ने 2022-23 के दौरान औसत मुद्रास्फीति 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।यह अनुमान कोरोना वायरस संक्रमण के कम होने, आपूर्ति श्रृंखला के दबाव में कमी, सामान्य मानसून और वैश्विक जिंस कीमतों में एक सीमित दायरे में बढ़त पर आधारित था।

### सिंगापुर का ग्लोबल स्कूल फाउंडेशन भारत के शिक्षा क्षेत्र में 55 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा

**सिंगापुर, भाषा।** सिंगापुर स्थित भारतीय मूल के ग्लोबल स्कूल फाउंडेशन (जीएसएफ) ने भारत के स्कूली शिक्षा क्षेत्र में 2026 तक 55 करोड़ डॉलर से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है। जीएसएफ की पहले से ही बेंगलुरु, पुणे, अहमदाबाद और नोएडा में उपस्थिति है। कोविड-महामारी के बाद स्थानीय समुदायों द्वारा दाखिले के लिए मांग में भारी बढ़ोतरी देखी गई है। परिवारों के एक से दूसरे शहर जाने और दूसरे देशों से स्वदेश लौटने के बीच मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
लेन नं0-1, तरूण विहार, मोथरोवाला रोड, देहरादून-248001, Phone No/Fax. 0135 2671940 Mail ID- eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4130/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक : 17/12/2022

**ई-निविदा संशोधन**

इस कार्यालय पत्रांक सं0 4012/ई-निविदा सूचना/2022-23 दिनांक 09.12.2022 से जलजीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न पेयजल योजनाओं के कार्यो हेतु आमंत्रित ई-निविदाओं की तिथियों में अपरिहार्य कारणों से निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

| निविदा क्र0 सं. | विकासखण्ड | कार्य विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 2 | चकराता | चातरा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 10 | कालसी | मरलऊ कोपटा पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |
| 12 | कालसी | खमरौली पेयजल योजना में स्रोत संवर्धन, सतही जलाशय निर्माण, वितरण पाइप लाइन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। |

**निविदा समय सारणी (मुख्य तिथियाँ) निम्नवत् हैं।**

| क्रं0सं0 | विवरण | अनुसूची |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन प्रकाशन की तिथि। | 24.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 2 | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि। | 24.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 3 | प्री-बिड मीटिंग की तिथि। | 27.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 4 | बिड ऑनलाईन जमा करने की प्रारम्भ तिथि। | 30.12.2022 at 11.00 Hrs. |
| 5 | बिड ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | 06.01.2023 up to 17.00 Hrs. |
| 6 | ऑफ लाईन रूप से जमा किये जाने वाले प्रपत्र (निविदा प्रपत्र हेतु निर्धारित शुल्क, बिड सिक्योरिटी, स्टॉम्प पेपर एवं अन्य सम्बन्धित दस्तावेज। | 06.01.2023 upto 17.00 Hrs. |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि। | 07.01.2023 at 11:00 Hrs |
| 8 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि। | **सूचना पृथक से दी जायेगी।** |

**शेष नियम एवं शर्ते निविदा के अनुसार यथावत रहेगें।**

"जल संचय-जीवन संचय"

अधिशासी अभियन्ता

# नीतीश के समर्थन में विपक्षी दलों ने कहा सरकार ने एनएचआरसी को हथियार बनाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस समेत** 14 विपक्षी दलों ने बिहार में जहरीली शराब पीने से लोगों की मौत के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के कदम को लेकर मंगलवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर तीखा प्रहार किया और नीतीश सरकार का समर्थन करते हुए कहा कि राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए कई जांच एजेंसियों के बाद अब एनएचआरसी को भी सरकार का हथियार बना दिया गया है।

विपक्षी दलों ने एक संयुक्त बयान में गुजरात, मध्य प्रदेश और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)-शासित कुछ अन्य राज्यों में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामलों का उल्लेख किया और यह सवाल किया कि एनएचआरसी ने इन घटनाओं की जांच की पहल क्यों नहीं की? उल्लेखनीय है कि एनएचआरसी ने बिहार में जहरीली शराब से लोगों की मौत के मामले की मौके पर जाकर जांच करने के लिए अपनी जांच टीम नियुक्त करने का फैसला किया है। अपुष्ट रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जहरीली देसी शराब के सेवन से अब तक 60 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, अधिकारी मृतक संख्या 38 बता रहे हैं।

विपक्षी दलों ने अपने बयान में कहा, बिहार में जहरीली शराब पीने से 38 लोगों की मौत हुई है, जो बहुत दुखद और हैरान करने वाली घटना है। बिहार सरकार ने जहरीली शराब को बनाने और बेचने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं तथा जहरीली शराब के प्रति लोगों को सचेत करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान भी आरंभ किया है। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, वामपंथी दलों, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कुछ अन्य दलों ने बयान जारी किया है। इन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने एक बार फिर से दिखाया है कि वह किसी भी त्रासदी का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए करने से पीछे नहीं रहने वाली है।

इन दलों के अनुसार, 2016 में बिहार में शराबबंदी होने से लेकर 2021 तक राज्य में जहरीली शराब पीने से करीब 200 मौतें हुईं, लेकिन उस वक्त एनएचआरसी ने कोई कदम नहीं उठाया, क्योंकि उस वक्त भाजपा प्रदेश की सत्ता में भागीदार थी। इन दलों ने आरोप लगाया कि विरोधी दलों को निशाना बनाने के लिए, सरकार ने ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग के बाद अब एनएचआरसी को भी अपना नया हथियार बना लिया है।

# राज्यकर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है : मप्र सरकार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा में मंगलवार को बताया गया कि राज्य सरकार के पास अपने कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार का यह लिखित जवाब कांग्रेस विधायक रवींद्र सिंह तोमर, सुरेश राजे और भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा पूछे गए सवालों पर आया। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा एक जनवरी, 2005 अथवा इसके बाद नियुक्त होने वाले सभी शासकीय सेवकों हेतु नई पेंशन योजना मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग के 13 अप्रैल, 2005 के आदेश अनुसार लागू की गई है।

जवाब में कहा गया कि राज्य के 4,83,332 कर्मचारी और अधिकारी नई पेंशन योजना के तहत पंजीकृत हैं। पिछले सप्ताह कांग्रेस की मध्यप्रदेश इकाई के प्रमुख कमलनाथ ने कहा था कि अगले साल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत मिलने पर वह पुरानी पेंशन योजना वापस लाएगी। कमलनाथ ने ट्वीट किया था, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार द्वारा बंद की गई सरकारी कर्मचारियों की पेंशन को मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही फिर से बहाल किया जाएगा।

नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम की मध्यप्रदेश इकाई के बैनर तले प्रभावित कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की मांग को लेकर आंदोलन चला रहे हैं और कह रहे हैं कि नई पेंशन योजना उनके लिए सेवानिवृत्त के बाद का जीवन जीने के लिए अपर्याप्त है। पंजाब की आप सरकार ने हाल ही में अपने कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना की जगह पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की थी। पुरानी पेंशन योजना के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मासिक पेंशन के रूप में अपने अंतिम वेतन का 50 प्रतिशत मिलता था। इसके विपरीत नई पेंशन योजना एक अंशदाई पेंशन योजना है।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह, केन्द्रीय नितिन गडकरी और धर्मेन्द्र प्रधान व भाजपा के राष्ट्रीय जेपी नड्डा व अन्य भाजपा संसदीय पार्टी की बैठक में विचार विमर्श करते हुए।

## जब से श्रीमती डॉक्टर बनी है, डॉक्टरों के प्रति बहुत सतर्क रहता हूं : धनखड़

**भाषा।** नई दिल्ली

**राज्यसभा** में मंगलवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने किसी सदस्य के नाम के आगे डॉक्टर लगाए जाने को लेकर एक ऐसी रोचक टिप्पणी की कि पूरे सदन में हंसी की लहर दौड़ गई। उन्होंने कहा कि जब से उनकी पत्नी डॉक्टर बनी हैं, वह डॉक्टरों के प्रति बहुत सतर्क रहते हैं। यह बात उस समय की है जब उच्च सदन में अनुदान की अनुपूरक मांगों पर चर्चा चल रही थी। सभापति ने चर्चा में भाग लेने के लिए तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) सदस्य के. केशव राव का नाम पुकारा। राव जब अपने स्थान पर खड़े होकर बोलना शुरू करने ही वाले थे कि उसी बीच सभापति ने उन्हें रोका। सभापति ने कहा कि वह अपनी बात में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह चर्चा में भाग लेने के लिए टीआरएस के डॉ. के केशव राव का नाम बुला रहे हैं। इस पर राव ने कहा कि उन्हें इस बात का कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनके नाम के आगे डॉ. लगाया जाए या नहीं। राव की इस बात के जवाब में धनखड़ ने मुस्कुराते हुए कहा, मैं पहले भी डॉक्टरों के प्रति सतर्क रहता था। किंतु जब से हाल में मेरी श्रीमती जी डॉक्टर हुई हैं तो मैं डॉक्टरों के प्रति बहुत सतर्क रहता हूं। सभापति की इस हास्यपूर्ण टिप्पणी और उनके कहने के अंदाज से राव सहित पूरा सदन अपनी हंसी को रोक नहीं पाया।

# श्रद्धा की शिकायत पर पुलिस निष्क्रियता की जांच करेगी विशेष टीम: फडणवीस

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि मीरा-भायंदर पुलिस द्वारा नवंबर 2020 में आफताब पूनावाला के खिलाफ श्रद्धा वालकर की शिकायत पर कार्रवाई न किए जाने की जांच एक विशेष टीम करेगी। श्रद्धा की कथित तौर पर उसके लिव-इन पार्टनर पूनावाला ने इस साल मई में दिल्ली स्थित फ्लैट में हत्या कर दी थी। पिछले महीने दिल्ली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने से पहले वह कथित तौर पर श्रद्धा के शव के कई टुकड़े कर इन्हें कई हफ्तों तक जंगल में फेंकता रहा था। दिल्ली जाने से पहले पूनावाला के साथ वसई क्षेत्र में रहने वाली श्रद्धा ने 23 नवंबर, 2020 को वसई पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी और कहा था कि पूनावाला छह महीने से अधिक समय से उसका शारीरिक शोषण कर रहा है तथा उसे जान से मारने तथा उसके टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने कहा था कि कोई कार्रवाई इसलिए नहीं की गई थी, क्योंकि बाद में श्रद्धा ने यह कह दिया था कि पूनावाला के माता-पिता आए थे और उससे बात की थी तथा उसे अब और कोई शिकायत नहीं है। इसके साथ ही 19 दिसंबर, 2020 को शिकायत वापस ले ली गई थी। इस बीच, अंतर-धार्मिक विवाह करने वाले युगलों के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए एक समिति गठित करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले की पृष्ठभूमि में, फडणवीस ने कहा कि राज्य सरकार ऐसी शादियों के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा, लेकिन समय के साथ यह महसूस किया गया है कि कोई साजिश चल रही है। कुछ जिलों में ऐसी शादियां बड़ी संख्या में हो रही हैं।

उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि संबंधित समिति का गठन इसी उद्देश्य के लिए किया गया है। संबंधित समिति एक मंत्री के नेतृत्व में काम करेगी और यह निगरानी के साथ ही अंतर-धार्मिक विवाहों, विवाहित जोड़ों और उनके परिवारों का रिकॉर्ड रखेगी। फडणवीस ने कहा, यह समिति उसी उद्देश्य के लिए है। जब श्रद्धा वालकर के पिता ने कहा कि हमें समझ नहीं आया कि कहां जाएं और यदि कोई उससे बात करा पाता तो हम उसे बचा सकते थे। लोग नहीं जानते कि ऐसी स्थिति में कहां जाएं और समिति इसी सुविधा के लिए है। भाजपा ने श्रद्धा मामले को लेकर तत्कालीन महा विकास आघाड़ी सरकार पर हमला बोला। श्रद्धा की शुरुआती शिकायत पर पुलिस की कथित निष्क्रियता का मुद्दा उठाते हुए विधानसभा में भाजपा विधायक अतुल भातखलकर ने कहा कि जब श्रद्धा वसई में रह रही थी तो उसने तुलिंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी और फिर उसे वापस ले लिया था। उसके पिता ने सार्वजनिक रूप से कहा है कि पुलिस पर दबाव था। आफताब के माता-पिता ने भी उस पर दबाव डाला, इसलिए उसने शिकायत वापस ले ली। भातखलकर ने कहा, शिकायत मिलने पर क्या पुलिस पर कार्रवाई न करने का राजनीतिक दबाव था? जब ऐसा हुआ, उसी दौरान (अमरावती के फार्मासिस्ट उमेश) कोल्हे की हत्या कर दी गई और तबलीगी जमात का नाम आज आरोपपत्र में आया। भाजपा के एक अन्य विधायक आशीष शेलार ने भी यही मुद्दा उठाया। फडणवीस ने कहा कि शिकायत दर्ज कराने (श्रद्धा द्वारा) और इसे वापस लेने के बीच एक महीने का अंतर था। उसने 23 नवंबर, 2020 को शिकायत दर्ज कराई और 19 दिसंबर, 2020 को इसे वापस ले लिया।

# जोरमथांगा कैबिनेट का विस्तार चार मंत्री और शामिल किए गए

**भाषा।** आइजोल

**मिजोरम** में मंगलवार को चार नए कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किए जाने के साथ ही जोरमथांगा मंत्रिमंडल का विस्तार किया गया। मिजोरम के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने यहां राजभवन में चार नए कैबिनेट मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। चार नए कैबिनेट मंत्रियों में लालरिनामा, के. लालरिनलियाना, लालछंदामा राल्ते और लालरुअतकीमा शामिल हैं। इसके साथ जोरमथांगा मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्रियों की संख्या छह से बढ़कर 10 हो गई है। मंत्रिमंडल में दो राज्य मंत्री भी शामिल हैं।

के. लालरिनलियाना, लालछंदामा राल्ते और लालरुअतकीमा पहले राज्य मंत्री थे। उन्हें वही विभाग आवंटित किए गए हैं, जो उनके पास राज्य मंत्री के तौर पर थे। लालरिनलियाना खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामलों, स्थानीय प्रशासन और मत्स्य पालन मंत्रालय संभालते रहेंगे, जबकि राल्ते शिक्षा, श्रम, रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता तथा मुद्रण और स्टेशनरी मंत्री का कार्यभार जारी रखेंगे।

लालरुअतकीमा अपने चार विभागों -ग्रामीण विकास, सूचना और जनसंपर्क, तथा भूमि एवं राजस्व बंदोबस्त का जिम्मा संभालते रहेंगे। पंद्रह दिसंबर को राज्य विधानसभा के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले लालरिनामा को आबकारी एवं नारकोटिक्स, पशुपालन और पशु चिकित्सा, समाज कल्याण एवं सेरीकल्चर का प्रभार सौंपा गया है। ए मंत्रालय इससे पहले के. बिछुआ संभाल रहे थे, लेकिन उन्होंने 13 दिसंबर को जोरमथांगा मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था।

## चीन में कोविड मामलों में वृद्धि के बीच केंद्र ने राज्यों से नमूनों का जीनोम अनुक्रमण बढ़ाने को कहा

**नई दिल्ली।** जापान, दक्षिण कोरिया, ब्राजील, चीन और अमेरिका में कोविड-19 के मामलों में अचानक आई तेजी के बीच केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा कि वे संक्रमित व्यक्तियों के नमूनों के जीनोम अनुक्रमण में तेजी लाएं, और वायरस के उभरते स्वरूपों पर नजर रखें। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लिखे एक पत्र में कहा है कि इस तरह की कवायद देश में वायरस के नए स्वरूपों, यदि कोई हो, का समय पर पता लगाने में सक्षम बनाएगी और आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य कदम उठाए जाने में मदद करेगी। प्रकाश डाला कि परीक्षण-निगरानी-उपचार-टीकाकरण और कोविड-उपयुक्त व्यवहार के पालन के साथ भारत कोरोना वायरस के प्रसार को सीमित करने में सक्षम रहा है और साप्ताहिक आधार पर संक्रमण के लगभग 1,200 मामले सामने आ रहे हैं।



नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के लिए तैयारी करते हुए भारतीय आर्मी।

## बहरीन जाने की अनुमति संबंधी जैकलीन की याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की संलिप्तता वाले 200 करोड़ रुपए के धन शोधन मामले में आरोपी अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से मंगलवार को जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने अपनी मां से मिलने बहरीन जाने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया है। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने धनशोधन रोधी जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया, जिस पर उसे 22 दिसंबर तक जवाब देना होगा। उसी दिन अदालत फर्नांडीज की ताजा याचिका पर सुनवाई करेगी। फर्नांडीज 23 दिसंबर से पांच जनवरी तक बहरीन जाना चाहती हैं फर्नांडीज मंगलवार को विशेष अदालत के समक्ष पेश हुईं। उन्हें पहले इस साल 31 मई को दिल्ली उच्च न्यायालय ने कुछ शर्तों के साथ आईफा पुरस्कारों के लिए विदेश यात्रा करने की अनुमति दी थी। उच्च न्यायालय ने तब निचली अदालत के आदेश के खिलाफ निदेशालय की अपील को खारिज कर दिया था। निचली अदालत ने जैकलीन को विदेश जाने की अनुमति दी थी। धनशोधन के मुख्य मामले में सुनवाई अब छह जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

## केसीआर ने देश की राजनीति पर मान से की चर्चा

**नई दिल्ली/हैदराबाद।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को प्रगति भवन में बीआरएस पार्टी प्रमुख और राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से मुलाकात की। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने मंगलवार शाम प्रगति भवन पहुंचे मान के साथ देश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। दोनों मुख्यमंत्रियों ने तेलंगाना की प्रगति, पंजाब राज्य के शासन आदि के बारे में भी विचार साझा किए।



## गंगा के बाढ़ क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण की पहचान के लिए जियोमैपिंग का इस्तेमाल किया जा रहा: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया है कि भू-मानचित्रण (जियोमैपिंग) तकनीक का इस्तेमाल कर पटना में पारिस्थितिकीय रूप से नाजुक गंगा के बाढ़ क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण की पहचान करने के लिए कदम उठाए गए हैं। शीर्ष अदालत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के 30 जून, 2020 के आदेश के खिलाफ पटना निवासी अशोक कुमार सिन्हा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। एनजीटी ने बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण और स्थाई अतिक्रमण के खिलाफ सिन्हा की याचिका खारिज कर दी थी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ को अवगत कराया कि इस कवायद (जियोमैपिंग) में समय लगेगा। शीर्ष अदालत ने केंद्र को एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और मामले को छह सप्ताह के बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

# बिहार में नदी पर बना नवनिर्मित पुल उद्घाटन से पहले ढहा, जांच के आदेश

**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय जिले में एक नदी पर नवनिर्मित पुल के उद्घाटन से पहले ही ढहने की जांच के आदेश दिए गए हैं। यह पुल कथित तौर पर घटिया निर्माण कार्य को लेकर सुर्खियों में है। बेगूसराय के जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा ने मंगलवार को कहा कि बूढ़ी गंडक नदी पर बने जिस पुल एक हिस्सा रविवार तड़के नदी में गिर गया, उसमें कुछ दिनों पहले ही दरारें आ गई थीं। एक स्थानीय निर्माण कंपनी द्वारा लगभग 13.48 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए उक्त पुल का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया जाना बाकी था। यह पुल पैदल यात्रियों द्वारा उपयोग में लाया जा रहा था और उसपर छोटे वाहनों को चलाने की भी अनुमति थी। कुशवाहा ने कहा कि शुक्रवार को पुल के दो खंभों को जोड़ने वाले एक हिस्से में दरारें देखी गई थीं, जिसके बाद उसपर वाहनों का आवागमन रोककर संबंधित विभाग को सतर्क कर दिया गया था। रविवार को जब पुल का हिस्सा नदी में गिरा तो किसी व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। इस घटना से साहेबपुर कमाल प्रखंड के निवासियों को काफी असुविधा हुई है, क्योंकि उन्हें अब 20 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है। जिलाधिकारी ने कहा, सोमवार की रात ग्रामीण कार्य विभाग की एक टीम ने अपने मुख्य अभियंता के नेतृत्व में दौरा किया और साइट का निरीक्षण किया। उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कट्टर विरोधियों में से एक चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर ढहते पुल की तस्वीरें साझा की। पार्टी ने अप्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए ट्वीट किया, मुख्यमंत्री नाबार्ड योजना के तहत इसे 14 करोड़ रुपए में बनाया गया था। अगर सही तरीके से 14 करोड़ रुपए खर्च किए गए होते तो दुर्घटना नहीं होती।

# सरकार मुकदमे को हल्के में नहीं ले सकती न्यायालय जुर्माने के साथ उप्र की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ याचिका दायर करने में 1,173 दिनों की अत्यधिक देरी करने एवं गलत विवरण देने पर उत्तर प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाई है और कहा है कि सरकार की ओर से मुकदमे को इतने हल्के में नहीं लिया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने एक लाख रुपए का जुर्माना लगाते हुए याचिका खारिज कर दी और कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस तरह के मामलों को सरसरी तौर पर दायर किया जाता है, इसीलिए याचिकाएं खारिज की जाती हैं। न्यायालय ने लापरवाह रवैए के लिए राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई। राज्य सरकार ने याचिका दायर करने में देरी की माफी के लिए अर्जी दायर की थी।

न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय की पीठ ने कहा, हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस तरह के मामले सतही तौर पर दायर किए जाते हैं, ताकि किसी तरह उच्चतम न्यायालय द्वारा बर्खास्तगी का प्रमाणीकरण प्राप्त किया जा सके। हम इस तरह की प्रथा को पूरी तरह से अस्वीकार करते हैं और याचिकाकर्ताओं पर जुर्माना लगाना आवश्यक समझते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य ने उच्च न्यायालय के मई 2019 के फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें जौनपुर की एक महिला को सरकार द्वारा अधिगृहीत की गई उसकी भूमि के मुआवजे में वृद्धि की गई थी।

शीर्ष अदालत ने 12 दिसंबर को पारित अपने आदेश में कहा कि राज्य सरकार द्वारा 1,173 दिन के बाद याचिका दायर की गई है और इस प्रकार यह निर्धारित अवधि से अधिक होने के कारण प्रतिबंधित है। इसने याचिका दायर करने में विलंब के लिए किए गए अनुरोध को रिकॉर्ड में ले लिया। शीर्ष अदालत ने उल्लेख किया कि मई 2019 में सुनाए गए फैसले के खिलाफ 31 अक्टूबर, 2022 को याचिका दायर की गई थी।

विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) तुरंत दायर न किए जाने के लिए उल्लेखित कारणों में कोविड-19 महामारी को मुख्य आधार बनाया गया था। पीठ ने कहा, महामारी की स्थिति का एक सतही संदर्भ निराधार है, क्योंकि उच्च न्यायालय द्वारा आदेश सुनाए जाने की तारीख के कम से कम सात महीने बाद तक ऐसी कोई स्थिति मौजूद नहीं थी। न्यायालय ने कहा, इस प्रकार, देरी की माफी की मांग करने वाला आवेदन खारिज किया जाता है और याचिकाकर्ता (राज्य सरकार) पर 1,00,000 रुपए के जुर्माने के साथ याचिका खारिज की जाती है। यह राशि चार सप्ताह के भीतर उच्चतम न्यायालय कर्मचारी कल्याण संघ के कल्याण कोष में जमा की जाएगी। पीठ ने बिना पर्याप्त कारण और बगैर किसी औचित्य के याचिका दायर करने में इतनी देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से जुर्माना वसूलने का अधिकार राज्य सरकार के पास छोड़ दिया है।

## तीर्थ स्थलों के लिए अलग मंत्रालय बनाएं केंद्र और राज्य: विहिप

**भाषा।** नई दिल्ली

**विश्व हिंदू परिषद (विहिप)** ने मंगलवार को देशभर के तीर्थ स्थलों के विकास के लिए एक अलग मंत्रालय बनाने की मांग की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े संगठन ने यह भी मांग की कि हर राज्य में इस तरह के मंत्रालय बनाए जाने चाहिए। विहिप के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में तीर्थ स्थलों के लिए एक नया मंत्रालय बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन्हें पर्यटन स्थलों की तरह विकसित नहीं किया जा सकता, क्योंकि वे प्रकृति में बहुत अलग हैं। उन्होंने कहा, इसलिए हमारी मांग है कि धार्मिक तीर्थ स्थलों के विकास के लिए एक अलग मंत्रालय बनाया जाना चाहिए।

# उपराज्यपाल के पास ऐसे आदेश पारित करने का कोई अधिकार नहीं : आप

**विज्ञापन विवाद**

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना के मुख्य सचिव द्वारा आम आदमी पार्टी (आप) से राजनीतिक विज्ञापनों के लिए 97 करोड़ रुपए की वसूली करने का आदेश देने के बाद आप ने मंगलवार को कहा कि उनके पास ऐसे आदेश पारित करने का कोई अधिकार नहीं है। आप के प्रमुख प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में उपराज्यपाल के निर्देश को नया प्रेम पत्र करार दिया।

भारद्वाज ने दावा किया, भाजपा, हमारे एक राष्ट्रीय पार्टी बनने और एमसीडी से उन्हें सत्ता से बाहर करने के कारण घबरा रही है। उपराज्यपाल साहब सब कुछ भाजपा के निर्देशों पर कर रहे हैं और इससे दिल्ली के लोगों को परेशानी हो रही है। दिल्ली के लोगों की चिंता जितनी बढ़ती है, भाजपा उतनी खुश होती है। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल के निर्देश कानून के दायरे में नहीं आते।

आप के नेता ने कहा, दिल्ली के उपराज्यपाल के पास कोई अधिकार नहीं है। वह ऐसे कोई निर्देश जारी नहीं कर सकते। यह कानून के अनुरूप नहीं है। अन्य राज्यों की सरकारें भी विज्ञापन जारी करती हैं। भाजपा की विभिन्न राज्य सरकारों ने भी विज्ञापन जारी किए जो यहां प्रकाशित हुए हैं। हम पूछना चाहते हैं कि विज्ञापनों पर खर्च किए गए 22,000 करोड़ रुपए उनसे कब वसूल किए जाएंगे? जब उनसे पैसा वसूल कर लिया जाएगा, तब हम भी 97 करोड़ रुपए दे देंगे। गौरतलब है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने मुख्य सचिव को सरकारी विज्ञापनों की आड़ में राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित करने के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) से 97 करोड़ रुपए वसूलने का निर्देश दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि दिल्ली सरकार के सूचना एवं प्रचार निदेशालय (डीआईपी) ने 2016 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा गठित सरकारी विज्ञापनों में सामग्री के नियमन से संबंधित समिति (सीसीआरजीए) के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए बताया कि ऐसे विज्ञापनों पर 97.14 करोड़ रुपए (97,14,69,137 रुपए) खर्च किए गए जो नियम के अनुरूप नहीं थे। एक सूत्र ने कहा, डीआईपी ने इसके लिए 42.26 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान पहले ही कर दिया है और प्रकाशित विज्ञापनों के लिए 54.87 करोड़ रुपए अभी और दिए जाने हैं।


उन्होंने बताया कि निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए डीआईपी ने 2017 में आप को निर्देश दिया था कि वह सरकारी कोष को तत्काल 42.26 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान करे और 30 दिन के भीतर संबंधित विज्ञापन एजेंसियों या प्रकाशकों को सीधे 54.87 करोड़ रुपए की लंबित राशि का भुगतान करे। सूत्र ने कहा, पांच साल व आठ महीने बाद भी आप ने डीआईपी के आदेश का पालन नहीं किया है। यह काफी गंभीर मामला है क्योंकि यह जनता का पैसा है जिसे पार्टी ने आदेश के बावजूद सरकारी कोष में जमा नहीं कराया है। एक पंजीकृत राजनीतिक दल द्वारा एक वैध आदेश की इस तरह की अवहेलना न केवल न्यायपालिका का तिरस्कार है, बल्कि सुशासन के संदर्भ में भी उचित नहीं है। उच्चतम न्यायालय ने सरकारी विज्ञापनों को विनियमित करने और बेकार के खर्च को रोकने के लिए कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे। इसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 2016 में सरकारी विज्ञापनों में सामग्री के नियमन से संबंधित समिति (सीसीआरजीए) का गठन किया था। इसमें तीन सदस्य थे। सीसीआरजीए ने इसके बाद डीआईपी द्वारा प्रकाशित विज्ञापनों में से उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने वाले विज्ञापनों की पहचान की और सितंबर 2016 में एक आदेश जारी किया था।

# रोहित दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

**● अंगूठे की चोट से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहने के कारण बांग्लादेश में नहीं खेलेंगे**

**भाषा** । ढाका


रोहित


केएल

**भारतीय कप्तान** रोहित शर्मा अंगूठे की चोट से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहने के कारण बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। टेस्ट श्रृंखला से पहले खेली गई एकदिवसीय श्रृंखला के दूसरे मैच में क्षेत्ररक्षण के दौरान उनका बायां अंगूठा चोटिल हो गया था। भारतीय टीम एकदिवसीय श्रृंखला 1-2 से हार गई थी। रोहित चोट के उपचार के लिए मुंबई पहुंच गए थे और वह बीसीसीआई की चिकित्सा समिति की निगरानी में है। रोहित के अलावा तेज गेंदबाज नवदीप सैनी भी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण इस मैच से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई से जारी बयान के मुताबिक, चिकित्सा दल का मानना है कि भारतीय कप्तान को अपनी पूर्ण फिटनेस के साथ बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण करने के लिए कुछ और समय चाहिए। वह अपना रिहैबिलिटेशन जारी रखेंगे और बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। उन्होने कहा, नवदीप सैनी भी पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। तेज गेंदबाज अब अपनी चोट के आगे के प्रबंधन के लिए एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) जाएंगे। भारतीय टीम के व्यस्त घरेलू सत्र को देखते हुए टीम प्रबंधन रोहित को खेलने का जोखिम नहीं उठाना चाहता है। भारत को अगले महीने श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलना है। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारत दौरे पर आएगी। सैनी की चोट ने उनकी फिटनेस पर कई सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने टेस्ट से पहले बांग्लादेश में दो मैचों में भारत ए का प्रतिनिधित्व किया और उन्हें फिट माना गया था। उन्होंने पहला टेस्ट नहीं खेला था। सैनी ने अपना पिछला टेस्ट मैच पिछले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में खेला था। भारत ने लोकेश राहुल की अगुवाई में चटगांव में खेला गया पहला टेस्ट मैच 188 रन से जीता था। वह एक बार फिर से टीम का नेतृत्व करेंगे जबकि चेतेश्वर पुजारा टीम के उपकप्तान होंगे।

**दूसरे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम:** लोकेश राहुल (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा , विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत, केएस भरत , रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, शारदुल ठाकुर, मोहम्मद। सिराज, उमेश यादव, अभिमन्यु ईश्वरन, सौरभ कुमार, जयदेव उनादकट।

## रिचा घोष आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में चार पायदान आगे बढ़ी

**भाषा** । दुबई

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे** टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 19 गेंदों पर नाबाद 40 रन बनाने वाली भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में चार पायदान आगे बढ़कर 40वें स्थान पर पहुंच गई हैं। भारत की ही दीप्ति शर्मा रैंकिंग के साप्ताहिक अपडेट के बाद एक पायदान ऊपर 32वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एशलीग गार्डनर ने भी शनिवार को चौथे मैच में अपनी टीम को सात रन से जीत दिला कर पांच मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त दिलाने में अहम योगदान देने पर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। गार्डनर ने इस मैच में 42 रन बनाने के अलावा दो विकेट भी लिए थे। वह बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजों की सूची में हालांकि उन्होंने नौ पायदान की छलांग लगाई है और वह 17वें स्थान पर पहुंचने में सफल रही हैं। वह ऑलराउंडरों की सूची में एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई। इस साप्ताहिक अपडेट में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच श्रृंखला के तीसरे और चौथे मैच तथा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के दूसरे, तीसरे और चौथे मैच को शामिल किया गया। बल्लेबाजों की सूची में सोफिया डंकले 19 पायदान की छलांग लगाकर 12वें जबकि ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिस पैरी 17 पायदान आगे बढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गई है।

# भारतीय महिलाओं से आस्ट्रेलिया ने 4-1 से जीती टी-20 श्रृंखला

**ग्राहम की हैट्रिक, गार्डनर के हरफनमौला प्रदर्शन से आस्ट्रेलिया ने भारत को पांचवें टी20 में हराया**

**भाषा** । मुंबई


मूनी

**हीथर ग्राहम** टी20 क्रिकेट में हैट्रिक लेने वाली अपने देश की दूसरी महिला क्रिकेटर बन गई जिनके शानदार प्रदर्शन के दम पर आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को भारत को पांचवें और आखिरी मैच में हराकर श्रृंखला 4-1 से जीत ली। एशले गार्डनर और ग्रेस हैरिस के नाबाद अर्धशतकों की मदद से आस्ट्रेलिया ने चार विकेट पर 196 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 142 रन पर आउट हो गई। ग्राहम ने दो ओवर में आठ रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने 13वें ओवर की आखिरी दो गेंद पर देविका वैद्य और राधा यादव को आउट किया और आखिरी ओवर की पहली गेंद पर रेणुका सिंह का विकेट चटकाकर हैट्रिक पूरी की। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने दीप्ति शर्मा का विकेट लिया। दीप्ति ने भारत के लिए सर्वाधिक 53 रन बनाए और 34 गेंदें खेली। आस्ट्रेलिया के लिए टी20 क्रिकेट में पहली हैट्रिक लेने वाली महिला क्रिकेटर तेज गेंदबाज मेगान शट हैं जिन्होंने 2018 में यह कारनामा किया था। भारतीय पारी की शुरूआत आक्रामक रही जब स्मृति मंधाना (4) ने पहली ही गेंद पर चौका लगाया लेकिन दो गेंद बाद वह अपना विकेट गंवा बैठी। तीसरे नंबर पर आई हरलीन देयोल ने आक्रामक बल्लेबाजी की कोशिश की लेकिन रन आउट हो गई। शेफाली वर्मा भी 13 रन बनाकर अपना विकेट गंवा बैठी। कप्तान हरमनप्रीत कौर के सस्ते में आउट होने तक मैच भारत की जद से निकल चुका था। इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने शुरूआती विकेट जल्दी निकाले लेकिन उसके बाद उन्हें सफलता नहीं मिली। हैरिस और गार्डनर ने 62 गेंद में 129 रन की नाबाद साझेदारी करके आस्ट्रेलिया को श्रृंखला में उसके सर्वोच्च स्कोर तक पहुंचाया। गार्डनर ने 32 गेंद में 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 66 रन बनाए जबकि हैरिस ने 35 गेंद में 64 रन बनाए।

**स्कोरबोर्ड**

**आस्ट्रेलिया महिला पारी :** मूनी बो सरवानी 2, लिचफील्ड स्ट घोष बो शर्मा 11, मैकग्रा स्ट घोष बो वर्मा 26,पेरी का देयोल बो वैद्य 18,गार्डनर नाबाद 66, हैरिस नाबाद 64, अतिरिक्त : नौ रन, कुल योग : 20 ओवर में चार विकेट पर 196 रन, विकेट पतन : 1-8, 2 -17, 3-55, 4-67, गेंदबाजी : रेणुका 4 -1-33- 0, सरवानी 3-0- 30 -1, शर्मा 4- 0-46-1, गायकवाड़ 3-0 -26 -0,वर्मा 2- 0- 17-1, वैद्य 3- 0- 26-1, यादव 1-0-14- 0

**भारत महिला पारी :** मंधाना का हैरिस बो ब्राउन 4,शेफाली का सदरलैंड बो गार्डनर 13,देयोल रन आउट 24,कौर पगबाधा बो सदरलैंड 12,घोष का ग्राहम बो गार्डनर 10,शर्मा का गार्डनर बो ग्राहम 53, वैद्य स्ट मूनी बो ग्राहम 11,यादव बो ग्राहम 0, गायकवाड़ नाबाद1, अतिरिक्त : आठ रन, कुल योग : 20 ओवर में 142 रन, विकेट पतन :1-4, 2-24, 3-47, 4-58, 5-70, 6-88, 7- 88, 8-130, 9-137, गेंदबाजी : ब्राउन 4-0-31-1, गार्थ 3-0-21-0, गार्डनर 4-0 - 20-2, किंग 4-0-34-0, मैकग्रा 2-0-17-1, सदरलैंड 1-0-11-1 ग्राहम 2-0- 8- 4

## आईबीए महिला विश्व चैंपियनशिप का आयोजन 15 मार्च से दिल्ली में

**नई दिल्ली।** भारत तीसरी बार महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करने के लिए तैयार है, जिसका आयोजन 15 से 31 मार्च (2023) तक यहां होगा। भारत ने 2001 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से 2006 और 2018 मे इसकी मेजबानी दिल्ली मे की है और अब 2023 सत्र का आयोजन भी देश की राजधानी में ही होगा। भारत ने हालांकि कभी पुरुषो के विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी नही की है। पिछले महीने ही यह घोषणा हुई थी कि दिल्ली तीसरी बार इस टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा।

## टाटा ओपन में चुनौती पेश करेंगे अमेरिकी ओपन चैंपियन राम और सालिसबरी

**पुणे।** भारत के रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन टाटा ओपन महाराष्ट्र में एकसाथ मिलकर अपने खिताब का बचाव नही करेंगे बल्कि इस टेनिस टूर्नामेंट में अलग-अलग जोड़ीदारों के साथ उतरेंगे। इस एटीपी 250 टूर्नामेंट के पुरुष युगल वर्ग मे राजीव राम और जो सालिसबरी की गत अमेरिकी ओपन चैंपियन जोड़ी भी चुनौती पेश करेगी। विश्व रैंकिंग मे 19वे स्थान के साथ भारत के शीर्ष रैंकिंग के युगल खिलाड़ी और यहां दो बार के चैंपियन बोपन्ना इस बार नीदरलैंड के बोटिक वान डि जैडशुल्प के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि रामकुमार मैक्सिको के मिगुएल एंजेल रेएस वारेला के साथ खेलते हुए नजर आएंगे।

## वार्नर का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का कोई इरादा नहीं

**मेलबर्न।** पिछले कुछ समय से लय हासिल करने के लिए जूझ रहे ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी खिलाड़ी डेविड वार्नर को कुछ पूर्व खिलाड़ियों ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की सलाह दी लेकिन उनके एजेंट (प्रतिनिधि) ने कहा कि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज की खेल के लंबे प्रारूप को अलविदा कहने की कोई योजना नही है। ब्रिस्बेन मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट मैच की पहली पारी मे वॉर्नर बिना खाता खोले आउट हो गए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होने तीन रन बनाए। इस टेस्ट से पहले उन्होने मौजूदा सत्र की चार पारियो मे 5, 48, 21 और 28 का स्कोर बनाया था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट शतक जनवरी 2020 में बनाया था।

## डकेट के निस्वार्थ भाव में दिखती है टीम की सोच की झलक: स्टोक्स


**कराची।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने बेन डकेट के चयन को बिल्कुल सही करार देते हुए मंगलवार को कहा कि इस सलामी बल्लेबाज ने पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में जैसी बल्लेबाजी वह उसका निस्वार्थ भाव दिखाता है। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के चौथे दिन यहां नेशनल स्टेडियम में आठ विकेट की जीत के साथ तीन मैचो की श्रृंखला को 3-0 से अपने नाम किया। डकेट ने इस दौरान दूसरी पारी में 78 गेंद में 82 रन बनाए। जीत के लिए 167 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने तीसरे दिन 112 रन पर दो विकेट गंवा दिया था और मंगलवार को डकेट और स्टोक्स ने शुरुआती सत्र में 55 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।

## कर्नाटक ने पुडुचेरी के खिलाफ बनाया दबदबा

**बेंगलुरु।** विद्वत कवेरप्पा (52 रन पर चार विकेट) और विजयकुमार वैशाख (39 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से कर्नाटक ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप सी के मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को पुडुचेरी की पहली पारी को 170 रन रन पर समेटने के बाद एक विकेट पर 111 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। आठ बार की चैम्पियन टीम के लिए स्टंप्स के समय रविकुमार समर्थ 59 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि नाइटवाचमैच रोनित मोरे ने अभी खाता नहीं खोला है। मयंक अग्रवाल 51 रन बनाकर अंकित शर्मा (आठ रन पर एक विकेट) की गेंद पर आउट हुए। कर्नाटक ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद शुरू से ही पुडुचेरी के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। कवेरप्पा और वैशाख के अलावा रोनित (34 रन पर दो विकेट) और लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल (पांच रन पर एक विकेट) भी सफलता हासिल करने वाले गेंदबाजो में शामिल रहे। पुडुचेरी के लिए कप्तान दामोदरन रोहित ने सबसे ज्यादा 44 रन बनाए। के. अरविंद और श्रीधर अश्वथ ने भी 20-20 रन का योगदान दिया। पूरी टीम हालांकि 54 ओवर ही बल्लेबाजी कर सकी। इसके जवाब में सामर्थ और कप्तान मयंक ने 111 रन की साझेदारी कर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई।

# प्रथम श्रेणी में सूर्यकुमार का तेजतर्रार अर्धशतक

**भाषा** । मुंबई-गुवाहाटी



**सूर्यकुमार** यादव ने लगभग तीन साल में अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेलते हुए 80 गेंद में 90 रन की पारी खेली जबकि कप्तान अजिंक्य रहाणे और यशस्वी जायसवाल ने शतक जड़े जिससे मुंबई ने मंगलवार को यहां हैदराबाद के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप बी मैच के पहले दिन तीन विकेट पर 396 रन बनाए। पिछले 12 महीने में सीमित ओवरों के प्रारूप में संभवत: भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज सूर्यकुमार ने लाल गेंद के क्रिकेट में भी उसी आक्रामकता का नजारा पेश किया जिसके लिए वह छोटे प्रारूपों में जाने जाते हैं। उन्होंने अपनी पारी में 15 चौके और एक छक्का मारा। पिछला प्रथम श्रेणी मैच फरवरी 2020 में खेलने वाले सूर्यकुमार भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा कई बार जाहिर कर चुके हैं। सलामी बल्लेबाज जायसवाल ने भी अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए 195 गेंद में 162 रन की पारी खेली। रहाणे स्टंप के समय 139 रन बनाकर खेल रहे थे। बीकेसी मैदान पर हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और पृथ्वी साव (19) को जल्द पवेलियन भेजा। यशस्वी ने इसके बाद सूर्यकुमार के साथ दूसरे विकेट के लिए 153 और रहाणे के साथ तीसरे विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी करके मुंबई को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। दूसरी तरफ गुवाहाटी में दिल्ली ने ध्रुव शोरे के आठवें प्रथम श्रेणी शतक की मदद से असम के खिलाफ सात विकेट पर 271 रन बनाए। खराब रोशनी के कारण जब दिन का खेल नौ ओवर पहले खत्म करना पड़ा तब शोरे 216 गेंद में 139 रन बनाकर खेल रहे थे। असम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और जल्द ही दिल्ली का स्कोर चार विकेट पर 74 रन कर दिया। सलामी बल्लेबाज अनुज रावत सिर्फ दो रन बनाकर मृणमॉय दत्ता की गेंद पर पगबाधा हुए। शोरे और कप्तान यश धुल (22) ने टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया लेकिन आकाश सेनगुप्ता ने धुल को विकेटकीपर के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ दिया। अनुभवी नितीश राणा (00) और हिम्मत सिंह (03) भी अधिक देर नहीं टिक सके जिससे दिल्ली की टीम संकट में घिर गई। शोरे को इसके बाद वैभव रावल (43) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी की। महाराष्ट्र के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच गंवाने वाली दिल्ली की टीम ने चोटिल तेज गेंदबाजों इशांत शर्मा और मयंक यादव की गैरमौजूदगी में कमजोर टीम उतारी है।

## पाटीदार, रघुवंशी ने मप्र को संकट से निकाला

**इंदौर।** संदीप शर्मा के पांच विकेट के बीच रजत पाटीदार और अक्षत रघुवंशी ने अर्धशतक जमाकर गत चैम्पियन मध्यप्रदेश को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच के पहले दिन मंगलवार को संकट से निकालते हुए छत्तीसगढ के खिलाफ सात विकेट पर 289 रन तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मध्यप्रदेश के सलामी बल्लेबाज यश दुबे (50 गेंद में 44 रन) और हिमांशु मंत्री (12) ने पहले विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी की। संदीप ने मंत्री और दुबे के विकेट लेकर मेजबान टीम को करारे झटके दिए। शुभम शर्मा भी एक रन बनाकर हरतेजस्वी कपूर का शिकार हुए। इसके बाद संदीप ने आदित्य श्रीवास्तव (सात) को पवेलियन भेजा तो मप्र का स्कोर चार विकेट पर 94 रन था। पाटीदार ने 116 गेंद में 16 चौकों की मदद से 88 रन बनाए। वही रघुवंशी 167 गेंद में 65 रन बनाकर खेल रहे है। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 94 रन जोड़े।

## अनुस्तूप के 159 रन से बंगाल के नौ विकेट पर 310 रन

**कोलकाता।** अनुभवी अनुस्तूप मजूमदार के नाबाद 159 रन की मदद से बंगाल ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच के पहले दिन मंगलवार को हिमाचल के खिलाफ खराब शुरूआत से उबरते हुए नौ विकेट पर 310 रन बनाए। पूर्व चैम्पियन बंगाल ने एक समय पर पांच विकेट 44 रन पर खो दिए थे। मध्यम तेज गेंदबाज सिद्धार्थ शर्मा ने 69 रन देकर पांच विकेट चटकाए। रिषि धवन को सुदीप कुमार घारामी ने पांच रन पर आउट किया जबकि तेज गेंदबाज कंवर अभिनय ने कप्तान मनोज तिवारी (तीन) का अहम विकेट लिया। इसके बाद मजूमदार और शाहबाज अहमद ने छठे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की। मजूमदार ने आठवें विकेट के लिए आकाश दीप के साथ 65 रन जोड़े। शाहबाज ने 49 और आकाश ने 34 रन का योगदान दिया।

# निकहत और सिमरनजीत राष्ट्रीय मुक्केबाजी में जीते

**भाषा** । भोपाल



**विश्व चैंपियन** निकहत जरीन (50 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने मंगलवार को यहां छठी एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत दबदबे वाली जीत के साथ की। तेलंगाना की निकहत ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में तमिलनाडु की एलके अबिनाया के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन के दमदार मुक्कों का अबिनाया के पास कोई जवाब नहीं था और रैफरी को पहले दौर में ही मुकाबला रोकना पड़ा। निकहत गुरुवार को प्री क्वार्टर फाइनल में मेघालय की इवा मार्बानियांग से भिड़ेंगी। पंजाब की सिमरनजीत ने लद्दाख की निल्जया एंगमो के खिलाफ राउंड ऑफ 32 मुकाबले में शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। उनके ताबड़तोड़ मुक्कों से निल्जया ने बचने की कोशिश की लेकिन रैफरी ने अंततः पहले दौर के अंतिम लम्हों में मुकाबला रोककर सिमरनजीत को विजेता घोषित किया। सिमरनजीत प्री क्वार्टर फाइनल में झारखंड की पूजा बेहड़ा के खिलाफ उतरेंगी। विश्व चैंपियनशिप 2019 की रजत पदक विजेता रेलवे की मंजू रानी (48 किग्रा) ने महाराष्ट्र की प्रियंका शिरसाले को एकतरफा मुकाबले में हराया जबकि एशियाई चैंपियनशिप 2022 की स्वर्ण पदक विजेता हरियाणा की स्वीटी बूरा (81 किग्रा) ने आंध्र प्रदेश की एम सतिवादा को 5-0 से शिकस्त दी। असम का प्रतिनिधित्व कर रही तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) को पहले दौर में बाई मिला। वह शुक्रवार को प्री क्वार्टर फाइनल में ओडिशा की पूजा नायक से भिड़ेंगी। चैंपियनशिप में 12 भार वर्ग में कुल 302 मुक्केबाज हिस्सा ले रही हैं।

# इंग्लैंड ने पाकिस्तान का 3-0 से सूपड़ा साफ किया



**● ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवां और अंतिम टी20 आज**

**भाषा** । कराची

**इंग्लैंड ने** मंगलवार को यहां तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। इंग्लैंड ने सुबह जब अपनी पारी शुरू की तो उसे जीत के लिए केवल 55 रन की दरकार थी। उसने 38 मिनट में ही अपना स्कोर दो विकेट पर 170 रन पर पहुंचा कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यह पहला अवसर है जबकि पाकिस्तान को अपनी धरती पर तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड के 18 वर्षीय रेहान अहमद (48 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से पाकिस्तान दूसरी पारी में 216 रन पर आउट हो गया था और उसने इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 167 रन का लक्ष्य रखा था। बेन डकेट ने 50 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और वहां 78 गेंदों पर 82 रन बनाकर नाबाद रहे। उनके साथ कप्तान बेन स्टोक्स 35 रन बनाकर नाबाद रहे। इस तरह से इंग्लैंड ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में एक दिन से भी अधिक का समय शेष रहते हुए जीत दर्ज की।

पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद दो टेस्ट मैचों में 18 विकेट हासिल कर देते लेकिन जब इंग्लैंड लक्ष्य से 19 रन दूर था तब आगा सलमान ने उनकी गेंद पर स्टोक्स का मुश्किल के छोड़ दिया था। इंग्लैंड ने रावलपिंडी की सपाट पिच पर पहला टेस्ट मैच 74 रन से जीता था जबकि मुल्तान में दूसरा टेस्ट उसने 24 रन से जीत कर अजेय बढ़त हासिल की थी। नेशनल स्टेडियम को पाकिस्तान का किला माना जाता है लेकिन रेहान बट ने तीसरे दिन शानदार गेंदबाजी करके इसमें सेंध लगाई जबकि जॉक क्राउली (41) ने डकेट के साथ मिलकर तेजतर्रार शुरुआत की और तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड का स्कोर दो विकेट पर 112 रन तक पहुंचाया। नेशनल स्टेडियम में खेले गए 45 टेस्ट मैचों में पाकिस्तान की यह केवल तीसरी और पिछले 15 वर्षों में पहली हार है। इंग्लैंड पहली टीम था जिसने 2000 में पाकिस्तान को यहां टेस्ट मैच में हराया था। इसके सात साल बाद दक्षिण अफ्रीका ने नेशनल स्टेडियम में जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान ने घरेलू धरती पर लगातार चौथा टेस्ट मैच गंवाया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने उसे दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच में पराजित करके 1-0 से श्रृंखला जीती थी। पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 304 रन बनाए थे जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 354 रन बनाकर पहली पारी में 50 रन की बढ़त हासिल की थी।

## सात्विक-चिराग करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवी रैंकिंग पर, प्रणय की शीर्ष 10 में वापसी

**भाषा** । नई दिल्ली

**सात्विक साईराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गई जबकि एचएस प्रणय ने शीर्ष 10 पुरुष एकल खिलाड़ियों में वापसी की। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इस साल शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडियन ओपन सुपर 500 और फ्रेंच ओपन सुपर 750 के रूप में दो विश्व टूर खिताब जीते। इस जोड़ी ने इसके साथ ही राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक भी जीता। इस सफलता का असर इन दोनों की रैंकिंग में भी दिखा है और यह जोड़ी दो स्थान के फायदे के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। इस जोड़ी के 15 टूर्नामेंट में 75,806 रेटिंग अंक हैं। प्रणय ने भी एक बार फिर शीर्ष 10 खिलाड़ियों में वापसी की है। साल की शुरुआत दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी के रूप में करने वाले प्रणय अब नौवीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। केरल के 30 साल के प्रणय ने 2022 में सात बार क्वार्टर फाइनल, दो बार सेमीफाइनल और एक बार फाइनल में जगह बनाई। प्रणय ने बैंकॉक में थॉमस कप में भारत के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक अभियान में भी अहम भूमिका निभाई थी।

# विश्व कप जीत के बाद अर्जेन्टीना की टीम का हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत

**भाषा** । ब्यूनस आयर्स

**विश्व कप** के अब तक के सबसे रोमांचक फाइनल में से एक में जीत दर्ज करने के बाद खिताब के साथ वापस लौटी अर्जेन्टीना की चैंपियन फुटबॉल टीम की एक झलक पाने के लिए हजारों लोग तड़के हवाई अड्डे पर जुटे और टीम का जोरदार स्वागत किया। कप्तान लियोनल मेस्सी की अगुआई में अर्जेन्टीना की राजधानी के ठीक बाहर इजेइजा में तड़के तीन बजे विमान से उतरने पर टीम का प्रशंसकों ने पलक पावड़े बिछाकर स्वागत किया। इस दौरान टीम के लिए रेड कारपेट बिछाया गया था। विमान से सबसे मेस्सी विश्व कप ट्रॉफी थामे हुए कोच लियोनल स्केलोनी के साथ उतरे जिन्होंने कप्तान के कंधे पर हाथ रखा हुआ था।



## इतिहास रचने वाली विश्व कप टीम का भव्य स्वागत करेगा मोरक्को

**रबात।** मोरक्को की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम विश्व कप में चौथे स्थान पर रहकर इतिहास रचने के बाद देर रात यहां पहुंचेगी तो हजारों की संख्या मे प्रशंसक उनके इस्तकबाल के लिए मौजूद होंगे। विश्व कप सेमीफाइनल तक पहुंची पहली अफ्रीकी या अरब टीम मोरक्को ने टूर्नामेंट के इतिहास मे कामयाबी की नई दास्तान लिख डाली। टीम के आगमन से पहले ही राजधानी में बड़ी तादाद मे सड़कों पर प्रशंसक मौजूद थे। टीम ने बेल्जियम, स्पेन और पुर्तगाल जैसे धुरंधरों को हराया लेकिन सेमीफाइनल में फ्रांस से हार गई। खिलाड़ियों को खुली बस में शहर के प्रमुख स्थानों पर ले जाया जाएगा।

## खेलकूद के साथ और निखरेंगे बच्चे

**नई दिल्ली।** डीपीएस मोदीनगर अपनी नवीनतम शिक्षा प्रणाली द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अपने प्रत्येक छात्र का विकास और सफलता सुनियोजित करने के लिए उत्तम शिक्षा के साथ ही खेल-कूद की विशेष सुविधाएँ भी उपलब्ध कराएगा जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर की होंगी। खेल कूद में विशेष रूची रखने वाले छात्रों को आगे बढ़ने के कई अवसर प्रदान करने में सहायक होंगी। उत्कृष्टता की परम्परा को कायम रखते हुए डीपीएस सोसाइटी ईस्ट ऑफ कैलाश नई दिल्ली के तत्वावधान के अंतर्गत डीपीएस् मोदीनगर की स्थापना की गयी है। हरे-भरे वातावरण में स्थित डीपीएस मोदीनगर परिसर लगभग 18 एकड़ में फैला हुआ है। पूरी तरह से वातानुकूलित इमारत में प्री.प्राइमरी, प्राइमरी और मिडिल स्कूल ब्लॉक हैं। इसके अलावा, नवीनतम तकनीक से लैस, बड़ी कक्षाएं, एक विशाल इनडोर ऑडिटोरियम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैबए डिजिटल लाइब्रेरी, अनुभवात्मक शिक्षण प्रणालीए मैथमेटिकल गार्डन, डिस्कवरी रूम,सीखने के लिए शांत और खुला वातावरण और सभी कक्षाओं में 1: 30 का शिक्षक,छात्र अनुपात न केवल शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करे बल्कि आजीवन शिक्षा का लाभार्थी रहे। खेलकूद की सुविधाएँ अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हैं जिनमे स्विमिंग पूल, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, हॉकी और फुटबॉल मैदान, टेनिस और बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस, तायक्वोंडो, योगा, कराटे और जिम्नास्टिक के लिए मल्टीपर्पस हॉल शामिल हैं। शारीरिक एवं मानसिक विकास के आधुनिक तरीकों पर ज़ोर देने के साथ नई शिक्षा नीति 2020 के आधार पर पाठ्यक्रम का पालन करेगा। नर्सरी से कक्षा सात 3 से 12 साल की उम्र के अभ्यर्थी प्रवेश ले सकते हैं।